ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 41° C
न्यूनतम : 27° C
सेंसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,061.10
सोना 95,100
चांदी 97,000

मुरादाबाद, शुक्रवार 16 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 276 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## शुभांशु शुक्ला आठ जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जल संधि पर रहेगी रोक

## विदेश मंत्री एस.जयशंकर का पाकिस्तान को करारा जवाब

**कहा: कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी**

**पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक पाकिस्तान स्थायी तौर पर सीमापार आतंकवाद खत्म नहीं करता। कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने यहां होंडुरास के नए दूतावास का उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है, जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव था, जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है, और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है, जिसके आधार पर आतंकवादियों को पकड़ कर हमें सौंपने और आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करने की आवश्यकता है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएं हैं, जो संभव हैं। सिंधु जल संधि पर पुनर्विचार करने के पाकिस्तान के अनुरोध के बारे में पूछे जाने पर डा. जयशंकर ने कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक है और तब तक रोक जारी रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से नहीं रोका जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ संबंधी मुद्दों के बारे में चर्चा करने पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तान के परमाणु हथियार आईएईए की निगरानी में रखे जाएं: राजनाथ

**श्रीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में रखा जाना चाहिए।



रक्षा मंत्री श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने कई बार भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है।

आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की निगरानी में रखा जाना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि भारत के बारे में पूरी दुनिया जानती है कि हमने हमेशा शांति को प्राथमिकता दी है। हम कभी भी युद्ध का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो हमारे बलों को पूरे देश में सम्मान के साथ देखा जाता है।

## सेना प्रमुख ने की ऑपरेशन सिंदूर में सैनिकों की बहादुरी और सतर्कता की सराहना

**श्रीनगर।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एलओसी पर पूरा नियंत्रण रखने के लिए सैनिकों की वीरता, ऊर्जा और सतर्क कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने यह बात उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में एलओसी पर तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने उच्च स्तर की परिचालन तैयारियों को बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया और सैनिकों से किसी भी चुनौती का निर्णायक ताकत के साथ जवाब देने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। सेना के एडीजीपीआई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जनरल द्विवेदी ने श्रीनगर स्थित चिनार कोर के डैगर डिवीजन के अग्रिम ठिकानों का दौरा किया।

## कर्नल सोफिया कुरैशी मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मप्र के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया और कहा कि इस मामले पर शुक्रवार (आज) को सुनवाई की जाएगी। उच्च न्यायालय ने मंत्री की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वत: संज्ञान लेकर राज्य सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया था। श्री शाह की ओर से उसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने गुरुवार को इस याचिका का उल्लेख किए जाने पर कहा कि मंत्री शाह ने ऐसी टिप्पणी की है जो गैर-जिम्मेदाराना है।

# नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर अंतरिम रोक बरकरार रहेगी

**20 मई की सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे बहस के लिए दिए जाएंगे**

**वक्फ संशोधन कानून की विवादित धाराओं पर रोक का जारी रहना एक आशाजनक प्रगति: मौलाना मदनी**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह मंगलवार को करने का आदेश दिया।

अगली सुनवाई में अदालत, अंतरिम स्टे से संबंधित पक्षकारों की दलीलों को सुनेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर बहस के लिए वकीलों को दो-दो घंटे का समय दिया जाएगा, और विपक्षी और पक्ष को जवाब देने के लिए भी दो घंटे का समय दिया जाएगा। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि बहस के लिए वकीलों की नियुक्ति पक्षकारों पर छोड़ दी गई है, लेकिन दोनों पक्ष तय समय के अनुसार ही बहस कर सकेंगे। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने एक संक्षिप्त नोट तैयार किया है, जिसके आधार पर ही बहस की जाएगी। कपिल सिब्बल द्वारा तैयार नोट का जवाब केंद्र सरकार सोमवार तक अदालत में दाखिल करेगी, इस बात की पुष्टि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश को दी है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 20 मई को करेगा। कपिल सिब्बल के अनुरोध पर अदालत ने केंद्र सरकार द्वारा विवादित धाराओं पर दी गई आश्वासन को अगली सुनवाई तक बरकरार रखने का आदेश दिया है। गुरुवार को भी अदालत में वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में दाखिल याचिका पर बहस करने की अनुमति मांगी गई, जिसे मुख्य न्यायाधीश ने अस्वीकार कर दिया और कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## बांके बिहारी मंदिर की धनराशि को कॉरिडोर बनाने पर खर्च कर सकेगी यूपी सरकार

**नई दिल्ली।** उप्र सरकार वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की धनराशि (फंड) का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए कर सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को अनुमति देते हुए कहा कि वह इस धनराशि से कॉरिडोर के लिए मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि खरीद सकती है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया है कि जिस भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, उसका मंदिर के देवता के नाम पर पंजीकरण कराना होगा। कोर्ट ने कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार की 500 करोड़ रुपये की विकास योजना को ध्यान में रखते हुए बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति दे दी। वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण मामले में 20 नवम्बर 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि कॉरिडोर का निर्माण हो, लेकिन इसमें मंदिर फंड का इस्तेमाल न करें। सरकार अपने स्तर से इसका खर्च वहन करे।

# भारत-पाक सीजफायर पर पांच दिन बाद ट्रम्प का यू-टर्न



**पहले कहा था सीजफायर कराया, अब बोले- मैंने सिर्फ मदद की**

**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 5 दिन बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है।

ट्रम्प ने कहा कि मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सेटल करने में मदद की। भारत- पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हमले हो सकते थे। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागनी शुरू कर दी, लेकिन हमने सब सेटल कर दिया। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई। डोनाल्ड ट्रम्प दोहा में अल उदीद एयरबेस पर अमेरिकी सैनिकों को संबोधित कर रहे थे, उनके पीछे मंच पर शक्ति के जरिये शांति का बैनर लगा था। मुझे उम्मीद है कि मैं यहां से बाहर नहीं निकलता और दो दिन बाद पता चलता कि मामला सुलझा नहीं है, लेकिन मामला सुलझ गया। मैंने दोनों से व्यापार को लेकर बात की। मैंने कहा कि युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान बहुत खुश था, भारत बहुत खुश था।

## कश्मीर: सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू -कश्मीर के दक्षिणी हिस्से में अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद नादेर, त्राल इलाके में घेराबंदी की गई और तलाशी अभियान शुरू किया गया, जिसके बीच तड़के मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। हालांकि तीनों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और न ही यह जानकारी मिल पाई है कि वे किस आतंकवादी संगठन से जुड़े हैं। तलाशी अभियान अभी जारी है। मंगलवार के बाद से दक्षिण कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई यह दूसरी मुठभेड़ है।

## अमित शाह ने घायल सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान में घायल सुरक्षाकर्मियों से यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स में जाकर मुलाकात की और उनका हाल चाल पूछा। श्री शाह दोपहर को एम्स में ट्रामा सेंटर गए और वहां भर्ती सुरक्षाकर्मियों से बातचीत की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उनके साथ छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षाकर्मियों से बात की सफल अभियान के लिए उनकी सराहना की।

## डा. अजय कुमार ने यूपीएससी अध्यक्ष का पद संभाला

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डा. अजय कुमार ने गुरुवार को संघ लोक सेवा आयोग-यूपीएससी के अध्यक्ष पद के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आयोग के सबसे वरिष्ठ सदस्य सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक करने के बाद डा. अजय कुमार ने अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय से एप्लाइड इकोनॉमिक्स में एमएस और मिनेसोटा विश्वविद्यालय के कार्लसन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी की है।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपा डोजियर

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति में पाकिस्तान के आतंकवादी गिरोह लश्कर-ए-तैयबा के संगठन टीआरएफ पर प्रतिबंध लगवाने के मकसद से आई एक भारतीय तकनीकी टीम ने संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और टीआरएफ के बारे में एक डोज़ियर सौंपा। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने भारतीय तकनीकी टीम की यात्रा के बारे बताया कि संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय के प्रभारी अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोनकोव और आतंकवाद निरोधक सीटीईडी की सहायक महासचिव नतालिया गेरमैन ने भारत के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

# इस्लाम में बहु विवाह की अनुमति शर्तों के साथ दी गई



**हाईकोर्ट ने मौलवियों से कहा: वह देखें कि इस्लामिक कानून का दुरुपयोग न होने पाए**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश में कहा है कि इस्लाम में बहु-विवाह की अनुमति शर्तों के साथ दी गई है, लेकिन कुछ मुस्लिम स्वार्थ व सेक्स की पूर्ति के लिए शादी कर इस्लामी कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं।

कोर्ट ने मौलवियों से कहा है कि वह देखें कि इस्लामिक कानून का दुरुपयोग न होने पाए। कोर्ट ने कहा शरियत कानून के तहत मुस्लिम चार शादी कर सकता है बशर्ते सभी के साथ समान व्यवहार करें। शरियत में प्रतिबंधित शादी करने पर बातिल (शून्य) घोषित करने का प्रावधान है,ऐसी अर्जी की शरियत कानून के तहत परिवार अदालतों को सुनवाई कर तय करने का क्षेत्राधिकार है, जो बिना अधिकार मौलवियों द्वारा किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि इस्लामिक कानून के अलावा अन्य कानूनों में शादी करने वाला यदि धर्म बदलकर इस्लाम अपनाकर दूसरी शादी करता है, तो यह द्विविवाह का अपराध माना जाएगा।

## मणिपुर में मुठभेड़ 10 उग्रवादी ढेर

**इंफाल।** मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना की ईस्टर्न कमान ने बताया कि 14 मई को न्यू समताल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद असम राइफल्स की यूनिट ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में 10 उग्रवादी मारे गए। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। इधर, सुरक्षाबलों ने मणिपुर के 4 जिलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थोउबाल, काकचिंग, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों से हुई हैं।

# जेएनयू की राह पर चला जामिया, तुर्की से की 'तौबा'

**विश्वविद्यालय ने हर तरह का समझौता किया निलंबित**




**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तुर्की ने पाकिस्तान को मदद की। इसके बाद देशभर में तुर्की का बहिष्कार किया जा रहा है।


इसी कड़ी में गुरुवार को जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। जामिया ने तुर्की सरकार से संबद्ध किसी भी संस्थान के बीच किसी भी तरह के समझौता ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। बुधवार को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने भी तुर्की के एक विश्वविद्यालय के साथ तीन साल की अवधि के लिए किए गए समझौता ज्ञापन को स्थगित कर दिया था। जामिया मिलिया इस्लामिया के एक्स अकाउंट पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी गई है, जिसमें लिखा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर, तुर्की सरकार से संबद्ध किसी भी संस्थान के बीच किसी भी समझौता ज्ञापन (एमओयू) को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित किया गया है। जामिया मिलिया इस्लामिया राष्ट्र के साथ मजबूती से खड़ा है।

## तुर्की की कंपनी का भारत में सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की जवाबी सैन्य कार्रवाई में उसकी मदद करने वाले तुर्किए के खिलाफ एक और सख्त कदम उठाते हुए गुरुवार को उसकी कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द कर दी। नागर विमानन मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर कहा कि ग्राउंड हैंडिलिंग एजेन्सी श्रेणी में सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का सिक्योरिटी क्लियरेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया जा रहा है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने कहा है कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों को देखते हुए उठाया गया है। यह कंपनी दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर काम कर रही थी।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा परामर्श

## क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के लिए राष्ट्रपति व राज्यपालों के लिए कोई समयसीमा निर्धारित कर सकता है



**पूछा: क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है**

**क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत किसी कानून को लागू किए जाने से पहले उस पर क्रमश: राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय न्यायोचित हैं?**

**क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक की विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना उचित है?**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय से इस सवाल पर आधिकारिक राय मांगी है कि क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित कर सकता है।

राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 143(1) के तहत इस मुद्दे पर शीर्ष न्यायालय से राय मांगी है। राष्ट्रपति ने 13 मई को भेजे गए इस संदर्भ में 14 प्रश्नों पर न्यायालय की राय मांगी है। इनमें यह भी पूछा गया है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है। उन्होंने पूछा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत किसी कानून को लागू किए जाने से पहले उस पर क्रमश: राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक की विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना (किसी भी तरीके से कानून बनने से पहले) उचित है? इसमें यह भी पूछा गया कि क्या न्यायालय अनुच्छेद 142 के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग कर राष्ट्रपति/राज्यपाल के/द्वारा दिए गए आदेशों को किसी भी तरीके से प्रतिस्थापित कर सकता है। यह भी राय मांगी गई है कि क्या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना लागू हो सकता है। संदर्भ में आगे पूछा गया कि क्या संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर, इस न्यायालय (शीर्ष अदालत) की किसी भी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि उसके समक्ष कार्यवाही में शामिल प्रश्न ऐसी प्रकृति का है, जिसमें संविधान की व्याख्या के रूप में महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दा जुड़ा है और उसे कम से कम पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जाए। राष्ट्रपति ने यह भी जानना चाहा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उच्चतम न्यायालय की शक्तियां प्रक्रिया संबंधी कानूनों तक के लिए ही सीमित हैं।

# केंद्र जल्द नए स्पेशल पोक्सो कोर्ट बनाए: सुप्रीम कोर्ट

**300 पेंडिंग केस वाले जिलों को प्राथमिकता दें**

**इनकी कमी से मामले निपटने में देर हो रही**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सरकार को निर्देश दिया कि वह बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के मामलों से निपटने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पोक्सो कोर्ट बनाए।

कोर्ट ने कहा कि कई राज्यों ने स्पेशल पोक्सो कोर्ट बनाए हैं, लेकिन तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में केस पेंडेंसी के चलते और ज्यादा कोर्ट बनाए जाने की जरूरत है। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के मामलों के लिए स्पेशल कोर्ट कम होने के कारण मामले की जांच करने के लिए डेडलाइन का पालन नहीं हो पा रहा है। कोर्ट ने पोक्सो केस के लिए निर्धारित डेडलाइन के अंदर ट्रायल पूरा करने के अलावा निर्धारित अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट और एमिकस क्यूरी वी गिरी और सीनियर एडवोकेट उत्तरा बब्बर को पोक्सो कोर्ट की स्थिति पर राज्यवार डीटेल देने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों से उन जिलों में दो कोर्ट बनाने को कहा जहां पोक्सो अधिनियम के तहत बाल शोषण के पेंडिंग मामलों की संख्या 300 से ज्यादा है।

# इनामपुरा प्रकरण को लेकर धरना जारी

## डीएफओ व रेंजर से वार्ता विफल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** इनामपुरा प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय किसान यूनियन का धरना जारी है। वन विभाग की कार्यवाही को लेकर पूरे जनपद के किसानों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दूसरे दिन राष्ट्रीय किसान यूनियन का रेंजर कार्यालय पर चल रहा धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान राष्ट्रीय किसान यूनियन की कमेटी की वार्ता रेंजर और डीएफओ ज्ञान सिंह से हुई, जो विफल रही। धरना स्थल पर आज भी पूर्व राज्यमंत्री एवं पूर्व सांसद ओमवती, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह एवं आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार पहुंचे और उन्होंने धरने को पूर्ण समर्थन दिया।

धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर ने कहा कि गुलदार की समस्या एक ही गांव की नहीं है। अभी भी लगातार किसानों पर गुलदार के हमले हो रहे हैं। बहुत किसानों की जान गुलदार द्वारा ली गई है। रेंजर को गुलदार जिंदा सौंपा गया था। तीन दिन बाद उसकी मृत्यु हुई है। किसानों को झूठा आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। रेंजर को किसानों पर मुकदमा नहीं लिखने दिया जाएगा। चाहे इसके लिए कितने भी दिनों तक संघर्ष करना पड़े। धरना ऐसे ही अनिश्चितकालीन चलता रहेगा।

# आत्महत्या करने पेड़ पर चढ़ी युवती को डायल 112 की टीम ने बचाया

## परिजनों से हो गई थी कहासुनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका के निकट उस समय अपरा तफरी मच गई जब एक मंदबुद्धि युवती आत्महत्या करने के लिए पेड़ पर चढ़ गई। इसकी जानकारी डायल 112 को मिली। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मचारियों ने युवती को समझा बुझा कर जान बचाई।

प्राप्त जानकारी करने अनुसार नगर के मोहल्ला कस्बा निवासी मुस्कान पुत्री स्वर्गीय इद्दू आज दोपहर किसी बात को लेकर उसकी मां से कुछ कहासुनी हो गई थी, जिससे नाराज होकर मुस्कान घर से कुछ कदमों की दूरी पर ही पेड़ पर चढ़ गई और अपने रूपट्टे से फंदा लगाकर अपने गले में डाल लिया। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम में शामिल का.शाकिर खान आदि ने युवती को काफी देर तक समझाया और उसकी जान बचाई। वहीं पुलिस कर्मचारी शाकिर खान ने बताया कि लोगों का कहना है कि यह लड़की मंदबुद्धि है और उसके मन में परिवार के लोगों से कुछ कहासुनी होने पर नाराज होकर पेड़ पर चढ़ गई थी जिनको समझाया गया और पेड़ पर चढ़कर लड़की को उतार कर लाया गया। वहीं इस बात को लेकर डायल 112 पुलिस कर्मचारियों की नगर में खूब प्रशंसा हो रही है की पुलिस कर्मचारियों द्वारा एक लड़की की जान फिर बचाई गई है।

## एक नजर

### किरतपुर में नितिन गिरफ्तार



**किरतपुर।** ग्राम बढ़ापुर की युवती से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने नितिन कुमार पुत्र विजेन्द्र सिंह को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह कथित मुठभेड़ नहटौर रोड स्थित नेशनल हाईवे के पुल के नीचे हुई है। नितिन कुमार के दाहिने पैर में गोली लगी हुई है। जबकि कथित रूप से सिपाही अनुराग के कथित हाथ में गोली लगी है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

### कल्याण समिति का उद्घाटन



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम रहटा याकूबपुर में वरिष्ठ सपा नेता सलीम इदरीसी, अकबर नबी इदरीसी ने अल खैर जन कल्याण समिति का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुफ्ती साजिद कासमी, अकबर नबी इदरीसी, शाहिद खान, डीलर, मास्टर इलियास अहमद अंसारी, सलीम अहमद, फरीद कुरैशी, नजीर अल्वी, सिराजुद्दीन सैफी, शहजाद सिद्दीकी, शाहनवाज अंसारी, सलीम उर्फ टीटू अल्वी, वहीद कुरैशी, शानू अंसारी, डॉ. वहाजुद्दीन अंसारी, सलीम कुरैशी, फकीरा अंसारी आदि मौजूद रहे। शाखा प्रबंधक रिजवान अहमद अंसारी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

### विजय शाह के खिलाफ प्रदर्शन



**नगीना।** मध्य प्रदेश में कैबिनेट मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार को नगीना तहसील परिसर में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम आशुतोष जयसवाल को सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री विजय शाह पर सोफिया कुरैशी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री की तत्काल बर्खास्तगी की मांग की। उन्होंने सेना में सेवारत महिला अधिकारी पर की गई अवैध टिप्पणी और नफरती बयान के लिए कार्रवाई की मांग की। साथ ही मंत्री पर देशद्रोह का मामला दर्ज कर जेल भेजने की मांग भी की। प्रदर्शन में पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह, काजी अरशद मसूद ऊर्फ शन्नू भाई, एडवोकेट अभिषेक मिश्रा, कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी, डॉक्टर मनोज शर्मा, अकील शम्सी उर्फ खां साहब, शेख मोहम्मद अंजार, मास्टर अली हसन उस्मानी, बाबू इश्तियाक अहमद, मोहम्मद अजमल उस्मानी, काजी शुजा, रईस अहमद, इरफान सिद्दीकी, कालू भाई, शमसुद्दीन कुरेशी, चौधरी वसीम अख्तर सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक ने की सड़कें बनवाने की मांग

**नगीना।** विधायक मनोज पारस ने सभापति उ.प्र. विधानमण्डल के अनुजातियों / जनजातियों तथा विमुक्त जनजातियो संबन्धी संयुक्त समिति उ.प्र. विधानसभा लखनऊ से अनुरोध करते हुए विधानसभा क्षेत्र नगीना के अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों के कई सम्पर्क मार्गो को प्रधान मंत्री ग्रामीण सडक योजना के अन्तर्गत बनवाने की मांग की। उन्होंने एनएच-734 से पखनपुर मार्ग तक लम्बाई लगभग 5.00 किमी, नगीना-बढापुर के किमी 4 नन्दपुर से हीरावाली -रामपुर छजमल होते हुए भागली मार्ग लम्बाई लगभग 5.900 किमी, नगीना-नहटौर रोड ग्राम भूरापुर से शेरनगर नरैनी से होते हुए करौन्दा पच्चू तक 5.00 किमी, एनएच 734 से गौसपुर, राजोपुर सादात, बाहुपुरा, सिसौना होते हुए किरतपुर अकबराबाद मार्ग किमी 6 तक लम्बाई 10 किमी, बिजनौर-कोतवाली मार्ग बरूकी पुल से खुसियाकी, आलोपुर, दुधली होते हुए नजीबाबाद तक सिचाई खण्ड 6 की नहटौर शाखा की पटरी लम्बाई लगभग 15 किमी सड़कों के बनवाने की मांग की।

# कलश यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत



## सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** श्री कंठ महादेव सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को चामुंडा धाम परिसर से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली।

गुरुवार को श्री कंठ महादेव सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा से पूर्व पंचायती मंदिर महादेव मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। कलश यात्रा मे मुख्य यजमान मुकेश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी पायल गुप्ता सबसे आगे भागवत ग्रंथ को लेकर कलश यात्रा की अगवानी करते हुए चले तथा सबसे आगे भगवा झंडा लिए घुड़सवार कलश यात्रा की अगवानी करते हुए चल रहे थे। बैंड धार्मिक धुने बजाते चल रहे थे। कलश यात्रा के सबसे पीछे कथा व्यास शिवांशु महाराज रथ पर सवार थे। कलश यात्रा में 150 महिलाएं अपने सिरों पर कलश लेकर मोहल्ला पंचायती मंदिर, होली चौक, सराय जौका, धर्मशाला होलियान, चौधरियान, अफगनान, मक्खन मार्केट से होते हुए चामुंडा धाम मंदिर परिसर में जाकर संपन्न कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सभासद सुभाष सैनी, रतन सैनी, मुकेश वर्मा, बलेश तायल, अरविन्द जोशी, पवन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजू सैनी, मूला तोमर, उमेश सैनी, अतुल वर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, नीशु त्यागी, राहुल चौधरी आदि श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# भाकियू सामाजिक ने दी श्रद्धांजलि

## बाबा टिकैत के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भाकियू सामाजिक ने बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कालागढ़ मार्ग पर निरीक्षण भवन में भारतीय किसान यूनियन सामाजिक ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ज्ञानचंद प्रजापति ने कहा कि बाबा टिकैत किसानों के लिए आंदोलन की एक मिसाल थे। तमाम किसान आज भी उन्हें याद करते हैं। आज उनकी पुण्यतिथि पर हम न केवल उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, बल्कि उनके अधूरे सपनों को साकार करने की शपथ लेते हैं। वक्ताओं ने कहा जब तक किसानों, मजदूरों और आम जनता को उनका हक नहीं मिल जाता, तब तक भाकियू सामाजिक का संघर्ष जारी रहेगा।

कार्यक्रम में संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष आरेंद्र शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इकरार अहमद, नगर अध्यक्ष शेख अब्दुल बारी, ब्लॉक सचिव बाबूराम कश्यप, मास्टर सलाउद्दीन, मौहम्मद मुकीम, मौहम्मद इस्माइल, परवेज खान, अफसर अली, इसरार अहमद, मौहम्मद लुकमान, नईम अहमद, साजिद सैफी, मौहम्मद राशिद आदि उपस्थित रहे।

# स्टेडियम ए की टीम ने स्टेडियम बी को हराया

बिजनौर। आज नेहरू स्टेडियम पर सुबह 8.00 तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच स्टेडियम ए और स्टेडियम बी के बीच खेला गया। मैच में टीम ए ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया जिसमें टीम ए ने 35 ओवरों में 250 रन बनाए, जिसमें हिमांशु ने 82 रन, मेहुल ने 50 रनों का योगदान दिया। टीम बी की ओर से शावेज ने 5, लवीश ने 1आर्यमन ने 2 विकेट लिए। जवाब में टीम बी 33 ओवर में 200 रन ही बना पाई, जिसमें डालिशा ने 24 व मयंक ने 24 रनों का योगदान दिया। टीम ए की ओर से हिमांशु ने 4, मेहुल ने 2, अभिषेक ने 1 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच हिमांशु रहे। कल सुबह 8 बजे दूसरा मैच खेला जाएगा। मैच में मानवी ठाकुर व प्रिन्स और स्कोरर अंश रहे। आज मैच में क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, नागेंद्र सारस्वत, संजीव चौधरी, लवलेश शर्मा,मानव सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

# हिंदू-मुस्लिम की एकता पर जोर

## जमीयत उलेमा ए हिंद की मासिक बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** जमीयत उलेमाए हिंद की मासिक मीटिंग मरकज मस्जिद मोहल्ला काजियान में आयोजित की गई, जिसमें जमीयत उलेमाए हिंद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना सैयद असजद मदनी बतौर मेहमाने खसूसी मौजूद रहे।

मौलाना असजद मदनी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा संगठन कभी हिंसा की बात नहीं करता। अपनी मांगे मनवाने के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन करना संगठन के खिलाफ है। मांगे मनवाने के लिए अदालत का सहारा लेना चाहिए। जमीयत द्वारा सैकड़ों लोगों की कानूनी मदद व बेकसूर लोगों की जमानत कराई गई है, इस काम में जमीयत धर्म मजहब नहीं पूछती है। वह बिना किसी भेदभाव के लोगों की मदद करती है। उन्होंने आगे कहा कि इस वक्त हमारे देश में हिंदू मुस्लिम एकता की डोर को मजबूत करने की जरूरत है। मौलाना ने कहा कि जिन लोगों के घरों पर बुलडोजर चलवा दिए गए थे, उन बेकसूर लोगों का मुकदमा जमीयत ने सुप्रीम कोर्ट में लड़ा और जीत हासिल की। उन्होंने अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर बल दिया।

कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व समाजसेवी व आजाद समाज पार्टी के युवा नेता अशरफ जमील ने मौलाना सय्यद असजद मदनी व बाहर से आए मेहमानों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाजी वकील अहमद स्योहारा ने की व संचालन मुफ्ती मोहम्मद अरशद जिला महासचिव ने किया।

इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष मोहम्मद नसीम, नगर अध्यक्ष काजी हारिस अली, नजीबाबाद नगर अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद असद, मुफ्ती आसिम, हाफिज मोहम्मद शाहिद, हाफिज उस्मान, कारी वकील अहमद, कारी फुजैल, मुफ्ती आबिद शहर इमाम बिजनौर, कारी माजिद, मौलवी रशीद, मोहम्मद शाहिद स्योहारा, मोहम्मद शाहिद, बढ़ापुर नगर अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती उब्दुर्रहमान शेरकोट, चेयरमैन अब्दुल मन्नान, साजिद खान, काजी तारिक अली, मोहम्मद शादान, डॉक्टर एम जुनेद, काजी सलीम, जुल्फिकार, अतीक, काला, इकरार नेता, नसीम अर्शी, चौधरी शोएब, आदि मौजूद रहे।

# विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए मेगा कैम्प आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की बड़ी खबर है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक के निदेर्शानुसार तीन दिवसीय वाणिज्यिक मेगा कैंप धामपुर में आयोजित किया जा रहा है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, नगीना अमरीश कुमार ने बताया कि दिनांक 15, 16 व 17 मई 2025 को उपभोक्ताओं के विद्युत बिल जमा करने, बिल संशोधन करने, नए संयोजन निर्गत करने, विद्युत भार बढ़ाने मीटर बदलने एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण हेतु एक वाणिज्यिक मेगा कैंप का आयोजन कार्यालय अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण 9, धामपुर में किया गया है, जिसमें नगीना खंड के अंतर्गत नगीना शहर, नगीना देहात, बढ़ापुर रायपुर, लाल वाला, अकबराबाद, कोतवाली, फुलसंदा क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कैंप में पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण करायें।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**समूचे आतंकी...**

चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए और इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय लेना जल्दबाजी होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के बारे में एक सवाल पर डा. जयशंकर ने कहा कि यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करना कौन चाहता था। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया गया था। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि उसकी सेना पर और पाकिस्तानी सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। लेकिन उन्होंने हमारी उस अच्छी सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान किया और वे कितना कम नुकसान कर पाये। यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था।

**नए वक्फ कानून....**

कि केवल उन्हीं पांच याचिकाओं पर बहस की अनुमति दी जाएगी, जिन्हें अदालत ने निर्धारित किया है। अन्य किसी याचिका पर बहस की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत द्वारा निर्धारित पांच याचिकाओं में मौलाना अरशद मदनी की याचिका प्रथम क्रमांक पर है, जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। अगली सुनवाई में अदालत वक्फ संशोधनों पर अंतरिम स्टे से संबंधित ही सुनवाई करेगी, यह स्पष्टीकरण मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार की सुनवाई के दौरान दिया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार की कानूनी प्रगति पर कहा कि आशाजनक बात यह रही कि विवादित धाराओं पर रोक को अदालत ने बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे का समय बहस के लिए दिया गया है, यह इस बात का संकेत है कि अदालत इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द से जल्द इसकी सुनवाई पूरी करना चाहती है। मौलाना मदनी ने कहा कि हम भी यही चाहते हैं कि इस पर अदालत का अंतिम फैसला शीघ्रता से आ जाए, क्योंकि अखबारों में छपी खबरों के अनुसार नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर रोक के बावजूद कई स्थानों पर मस्जिदों और दरगाहों को अवैध करार देकर गिरा दिया गया है। इसमें उत्तराखंड स्थित एक वक्फ दरगाह का मामला भी शामिल है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा से लगे ज़िलों में कई मदरसों, कब्रिस्तानों, ईदगाहों ही नहीं, बल्कि कई मस्जिदों को भी अवैध या सरकारी जमीन पर स्थित बताकर तोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान की सर्वोच्चता को खत्म कर चुके हों, उनसे यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वे कानून का सम्मान करेंगे? ये वही लोग हैं, जो सत्ता के नशे में खुद को ही कानून समझ बैठे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ 'दान' (चैरिटी) का ही एक रूप है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि वक्फ को लेकर पिछले कुछ समय से बेहद ग़लत प्रचार किया गया है और बहुसंख्यक समुदाय को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की गई है कि वक्फ की आड़ में मुसलमानों ने सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रखा है, जबकि दुखद सच्चाई यह है कि वक्फ संपत्तियों पर सबसे ज्यादा कब्जा सरकार ने ही कर रखा है। यह वक्फ संशोधन कानून इसलिए लाया गया है, ताकि इस अवैध कब्जे को कानूनी जामा पहनाने के साथ-साथ अन्य वक्फ संपत्तियों पर भी कब्जा करने का रास्ता आसान किया जा सके। गौरतलब है कि वक्फ कानून के लागू होने के बाद जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना से की थी, जिसके बाद यह मामला तीन बार सूचीबद्ध हुआ, लेकिन कोई आदेश पारित नहीं हो सका। वक्फ संशोधन कानून पर राष्ट्रपति महोदया की मंजूरी मिलने के बाद मौलाना अरशद मदनी ने सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मौलाना अरशद मदनी की ओर से एडवोकेट आन रिकार्ड फुजैल अय्यूबी ने यह याचिका दाखिल की है, जिसमें लिखा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रशासन व वक्फ के लिए विनाशकारी है।

# विजय शाह के घर चले बुलडोजरः जमीयत

**लखनऊ।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमीयत उलेमा ए हिन्द भी खुलकर सामने आ गई है। जमीयत उलेमा ए हिन्द यूपी के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने कहा की भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त कर देशद्रोह के आरोप में जेल में डाल देना चाहिए।

## मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें: रशीदी

मोलाना काब रशीदी ने भाजपा पर सवाल उठाते हुआ कहा कि अब कहां है आपका बुलडोजर ? जो कल तक देश के मुसलमानों को डसते थे। अब वो विदेश सचिव और सेना को डस रहे हैं, पीएम कार्यालय क्यों खामोश है। हमारे पीएम और विदेश मंत्री क्यों नहीं बोल रहे? देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए राजनीतिक हितों को नहीं देखना चाहिए। इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। उस मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें। मौलाना काब रशीदी ने कहा कि देश में मानसिक रोगियों का एक ऐसा टोला है, जो मुसलमानों को गालियां देते देते अब देश को गाली देने लगा है ये वो लोग हैं, जिन्हें यह सिखाया जाता है कि ये मुसलमानों के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से जहर फैलाएं और आग उगलें। आज ऐसे समय में जब भारत पाकिस्तान का युद्ध हुआ है और पूरा देश एकजुट है। जम्मू कश्मीर तक के लोग तिरंगे की आन बान शान के लिए एक साथ लाल चौक पर खड़े हैं और कर्नल सोफिया कुरैशी, जिसने सबसे पहले देश को जानकारी दी थी और जो महिला देश का स्वभिमान बढ़ाने वाली है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मंगेतर के सामने युवती से गैंगरेप

## मंगेतर की आंखों के सामने हवस बुझाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** योगी राज में भी दरिंदों को डर नहीं लगता है। इसकी वजह क्या है, यह तो पुलिस ही बता सकती है। लेकिन किरतपुर में हुई सनसनीखेज वारदात ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा का दावा करने वालों के मुंह पर तमाचा मारा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना किरतपुर के ग्राम बढ़ापुर, पोस्ट पाडला निवासी पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह दस मई की रात को लगभग दस बजे अपने मंगेतर निवासी ग्राम राजोपुर, थाना कोतवाली देहात के साथ घर के पीछे खेत पर मौजूद थी। मंगेतर उससे मिलने के लिए उनके घर के पीछे खेत पर आया था। वह दोनों बातचीत कर रहे थे। इस दौरान नितिन कुमार पुत्र विरेन्द्र सिंह, लविश पुत्र भरेन्द्र, वाली पुत्र राजे निवासीगण ग्राम गाजीपुर, पोस्ट कुम्हेड़ा एवं एक अज्ञात वहां पर आए और इन्होंने मेरे साथ गैंगरेप किया। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने तहरीर में कहा है कि उसने अपने साथ हुई वारदात के बारे में घर पर किसी को नहीं बताया था। लेकिन आरोपियों ने उसकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी। जिसकी वजह से उसे अपने साथ हुई वारदात के बारे में घर पर बताना पड़ा। पीड़िता ने अपनी उम्र 18 साल बताते हुए कहा है कि वह कक्षा आठ पास है। पुलिस ने धारा 70 (1), 351 (2) बीएनएस एवं 67 ए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 में मुकदमा अपराध संख्या 114 पंजीकृत किया है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस आरोपियों तक पहुंच चुकी है।

दूसरी तरफ इस घिनौनी वारदात से हर कोई सहमा हुआ है। बहन-बेटियां अपनी इज्जत को लेकर चिंतित है। कहने को तो भाजपा सरकार दावा करती है कि अब एक चौराहे पर अगर कोई बहन-बेटी को छेड़ता है, तो अगले चौराहे पर वह खुद अपने पैरों पर चलकर नहीं जा सकता है। बताया जाता है कि पुलिस ने लविश व वाली को गिरफ्तार कर लिया है।

# डीएम ने किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

## 22 से 25 मई तक चार दिवसीय मजलिस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर द्वारा तहसील नजीबाबाद के ग्राम जोगीरम्पुरी स्थित दरगाह ए आलिया नजफे हिंद में आयोजित होने वाले वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय मेले के दृष्टिगत भ्रमण किया गया। उन्होंने इस अवसर पर दरगाह के अध्यक्ष से मेले के संबंध में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया।



इस अवसर पर डीएम श्रीमती जसजीत कौर को दरगाह ए आलिया नजफे हिंद के प्रशासक गुलरेज हैदर रिजवी ने बताया कि 22 से 25 मई तक चार दिवसीय मजलिस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश एवं विदेशों के लाखों जायरीन भाग लेंगे। उन्होंने आयोजित होने वाले इस अवसर पर विद्युत आपूर्ति सुचारु रखने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंपों का आयोजन, एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की उपलब्धता, नजीबाबाद से दरगाह तक रोडवेज बस सर्विस, लोक निर्माण विभाग द्वारा साईन बोर्ड एवं सड़कों की समुचित मरम्मत, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने उक्त समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। मेले के आयोजन के समय जायरीन को कोई असुविधा न होने पाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि मेले में लगने वाले स्टालों में उपलब्ध खाद्य सामग्री का नियमित रूप से निरीक्षण कराएं किसी भी अवस्था में बासी खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय नहीं होने दिया जाए तथा सभी खाद्य सामग्री की रेट लिस्ट बड़े और स्पष्ट शब्दों में बाहर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित कराएं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी नजीबाबाद एवं सीओ पुलिस सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, अली जैदी सदस्य, शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश, एडीओ पंचायत राकेश कुमार एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, दो घायल


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** अनियंत्रित हुई बाइक के ट्रैक्टर ट्राली से टकराने पर बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी धामपुर भेजा गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की रात लगभग 9 बजे विशाल व अमित बाइक द्वारा हरिद्वार से रामपुर जा रहे थे। बताया जाता है कि ग्राम मुबारकपुर के निकट पंहु. चने पर उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और आगे जा रहे ट्रैक्टर ट्राली में जा टकराई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए तथा बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां विशाल की गम्भीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

उधर ट्रैक्टर ट्राली चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया।

# भाजपा के मंत्री ने देश की सेना का किया अपमान : राशिद हुसैन



## मंत्री मंडल से बर्खास्त न करना दुर्भाग्यपूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन ने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह की आलोचना करते हुए कहा कि उसने देश की सेना का अपमान किया है। उसे बर्खास्त न करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

सपा जिला अध्यक्ष व झालू के पूर्व चेयरमैन राशिद हुसैन ने कहा कि भाजपा में जैसा सिखाया जाता है और जिस तरह के संस्कार दिए जाते है, मंत्री विजय शाह ने वैसा ही कहा है। उनके दिल की बात मुंह पर आ गई है। उन्होंने कहा कि इतनी घटिया बात तो दुश्मन भी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी देश की बेटी है। उन पर देश को नाज है। उन्होंने कहा कि जिसका पूरा परिवार सेना को समर्पित है, उसके प्रति इतनी घटिया बात कहना और उसे बर्खास्त न करना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में जरा भी नैतिकता है, तो उन्हें सेना व कर्नल सोफिया से माफी मांगते हुए मंत्री विजय शाह को तत्काल सरकार से बर्खास्त करा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में भाजपा नेताओं की असलियत जनता समझ गई है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता को अब बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सेना पर नाज है।

# ई-रिक्शा में बैठी महिला से बाइक सवार पर्स छीनकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कश्मीरी नसीरपुर संपर्क मार्ग पर गांव मलकपुर के हनुमान धाम के पास दो बाइक सवार ई रिक्शा में बैठी एक महिला के हाथ से झपटा मारकर पर्स छीनकर फरार हो गए, जिसको लेकर हड़कंप मच गया। महिला ने झपटामार बाईक सवारों का पीछा भी किया। झपटामार बाइक सवार एक गांव के रास्ते से निकलकर फरार हुए। जिनको तलाश भी गया लेकिन कोई अता-पता नहीं लग सका।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव कलाली निवासी अकबर की पत्नी शमशीदा ई रिक्शा में बैठकर जा रही थी। बताया जाता है कि कश्मीरी नसीरपुर संपर्क मार्ग पर गांव मलकपुर के हनुमान धाम मंदिर के पास दो बाइक सवार आए और ई रिक्शा में बैठी महिला के हाथ से झपटा मारकर पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में एक मोबाइल व पैसे बताए जा रहे हैं। छीना झपटी की वारदात को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। महिला ने ई रिक्शा चालक व अन्य लोगों के साथ बाइक सवारों का पीछा भी किया, लेकिन बाइक सवार गांव फिरोजपुर के बीच रास्ते से निकलकर फरार हो गए। गुरुवार को करीब 3:00 बजे वारदात होने को लेकर ग्रामीण सकते में है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस संपर्क मार्ग से कई गांव जुड़े हैं और देर रात तक लोगों का आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने झपटामार बाईक सवारों को शीघ्र पकड़वाने की मांग की है।

हल्का दरोगा हरिप्रकाश ने मामले की जानकारी से इंकार किया है। शिकायत मिलने पर जांच की बात कही है।

# बंधों का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश

## डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने बंधों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार डीएम जसजीत कौर द्वारा आज औचक रूप से रावली-बैराज रोड पर बनने वाले बंधों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा डीसी आश्रम में संचालित निर्माण कार्यों को भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सिंचाई खंड पांच के अधिशासी अभियंता बृजेश मौर्य, अफजलगढ़ सिंचाई खंड अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार, तहसीलदार सदर अमरपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। डीएम द्वारा निर्माणाधीन बंधों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड-पांच को निर्देशित किया गया कि माह मई के अंत तक सभी बंधों के निर्माण का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी स्तर पर गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण कटाव का अंदेशा न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। सभी कार्य पूर्ण मानक के आधार पर संपन्न कराना सुनिश्चित कराएं।



डीएम ने कण्व ऋषि आश्रम में संचालित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक माह पूर्व उनके द्वारा किए गए निरीक्षण में दिए गए निर्देशों का अनुपालन न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इसी माह के अंदर डॉरमेट्री, इंटरलॉकिंग एवं शौचालय निर्माण का कार्य शत प्रतिशत रूप से पूरा करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम द्वारा शीश महल स्थित प्रोजेक्ट आउट लेट का अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को संभावित बाढ़ के नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# अधिवक्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

## महफूज चौधरी सहित वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अधिवक्ता परिषद के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रभक्त सदस्य जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। यहां से अधिवक्ताओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। वरिष्ठ अधिवक्ता महफूज चौधरी (स्योहारा) ने कहा कि देश की सुरक्षा, वीरता एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। तिरंगा यात्रा में शामिल अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज व तिरंगे हाथ में ले रखे थे। इस यात्रा में अतुल सिसौदिया, देवेन्द्र पाल, ममतेश, प्रीति चौहान, अंशु विश्नोई, संगीता, रवि ढाका, सचिन चौधरी, राखी शर्मा आदि शामिल थी।

# काजी तारिक अली बने रालोद के प्रदेश सचिव

## समर्थकों में हर्ष का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** काजी तारिक अली के राष्ट्रीय लोकदल पार्टी का प्रदेश सचिव बनने पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।



एक मुलाकात में काजी तारिक अली ने बताया कि वह मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष के पद पर रहकर पिछले काफी दिनों से पार्टी को मजबूत करने में लगे थे। उनकी मेहनत लगन व पार्टी के प्रति वफादारी को देखते हुए राष्ट्रीय लोकदल के नेतृत्व रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन रालोद त्रिलोक त्यागी की संस्तुति पर उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

काजी तारिक अली के प्रदेश सचिव बनने पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

## एक नजर

### प्रीति को लेकर फरार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली अंतर्गत जानकीपुरम कॉलोनी निवासी गगन चौधरी पुत्र जौहर सिंह ने धारा 87 बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह टैक्सी चलाकर परिवार की गुजर-बसर करता है। दस मई को सुबह लगभग 11 बजे उनकी लड़की दस वर्ष व साले अंकित ने कॉल कर बताया कि उनकी पत्नी प्रीति कुमारी घर से बाहर दुकान पर सामान लेने गई थी और कॉलोनी में ही रहने वाले रॉबिन तोमर पुत्र विजेन्द्र मूल निवासी ग्राम पीपलसाना, थाना चांदपुर उसे अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया।

### नगीना देहात में भारत सहित तीन अरेस्ट

**बिजनौर।** नगीना देहात पुलिस ने ग्राम अल्लाहैड़ी निवासी भारत सिंह पुत्र चरन सिंह एवं ग्राम औरंगजेबपुर शाहली उर्फ नयागांव निवासी संतोष कुमार पुत्र किशन प्रकाश एवं देवेन्द्र सिंह पुत्र रमेश सिंह को भारी मात्रा में कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### बाबा टिकैत को दी श्रद्धांजलि

**चांदपुर।** शिवसेना की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय बागड़पुर में शोभित गुर्जर की अध्यक्षता एवं बबलू प्रजापति के संचालन में हुई। बैठक में बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। इसमें जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि टिकैत साहब किसानों व मजदूरों के मसीहा थे। उन्होंने हमेशा किसानों व मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि हम सबको उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। बैठक के बाद सभी शिव सैनिकों ने उनकी मूर्ति पर जाकर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में शैलेंद्र चौधरी, पुलकित शर्मा, कलवा, संजीव कुमार, कृष्ण पाल, शोभित गुर्जर, बबलू, राहुल कुमार, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### पृथ्वीराज चौहान की जयंती 22 को

**धामपुर।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा की बैठक में पृथ्वीराज चौहान की जयंती कार्यक्रम को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। क्षत्रिय नगर स्थित क्षत्रिय भवन में आयोजित बैठक में आगामी 22 मई को पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। नगराध्यक्ष यशवीर सिंह गीतम ने बताया कि जयंती के अवसर पर क्षत्रिय भवन में यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद सुभाषः तिराहे के निकट शिविर लगाकर राहगीरों को मीठे शरबत का वितरण किया जाएगा। बैठक में हरिराज सिंह, रविंद्र राजपूत पप्पू, आनंद वत्स, पूनम चौहान, लोकेंद्र सिंह, लक्ष्मी देवी, नरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह आदि रहे।

### युवती को बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप

**शेरकोट।** नगर निवासी एक महिला का कहना है कि उसकी पुत्री 10 मई को दोपहर अचानक घर से कही चली गई। काफी तलाश करने के बाद पता चला कि उसकी पुत्री को मेरठ के युवक सुहैल बहला फुसलाकर ले गया है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा युवती बरामदगी के प्रयास जारी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** गांव भनेड़ा निवासी रमेश सिंह ( 55 ) वर्ष दो दिन पहले गांव के कुछ लोग अपने साथ ले गए थे। गुरुवार की सुबह जब उसका शव एम्बुलेंस से घर पहुंचा तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों ने मौत को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई है।



परिवार का कहना है कि 13 मई को गांव के ही कुछ लोग टीकम सिंह सैनी, विकास, योगेन्द्र, पिताम्बर, महेश और एक अधिवक्ता गुलाम अब्बास रमेश को किसी काम से जिला औरैया ले जाने की बात कहकर साथ ले गए थे। दो दिन तक कोई खबर नहीं मिली और फिर अचानक गुरुवार सुबह 7 बजे एम्बुलेंस से रमेश का शव घर लाया गया। साथ आए लोगों ने बताया कि रमेश की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी और अस्पताल ले जाने पर उनकी मौत हो गई। लेकिन रमेश के छोटे बेटे जसवंत को इस पर यकीन नहीं आया। उसने इसे सोची-समझी साजिश बताते हुए सभी छह लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर पुलिस को दी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है और लोग रमेश की मौत को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे है।

# भाजपा के जहरीले मंत्री का विरोध

## कर्नल बेटी के समर्थन में आई समाजवादी महिला सभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के जहरीले मंत्री विजय शाह का विरोध करते हुए समाजवादी महिला सभा कर्नल सोफिया कुरैशी के समर्थन में आ गई है। जहरीले मंत्री को बर्खास्त कर तत्काल गिरफ्तार करने की मांग उठाई गई है।




प्राप्त समाचार के अनुसार आज सपा महिला सभा के बैनर तले पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला कार्यालय पर एकत्र हुई। वहां से कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए जहरीले मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की गई। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह का सैन्य महिला अधिकारी सोफिया कुरैशी पर किया गया अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं, बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। यह मंत्री सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की 'नारी विरोधी' सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। भाजपा की 'नारी शक्ति वंदन अभियान' जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या, किसी गली-मौहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। ज्ञापन में कहा गया कि भारत देश की नारी शक्ति की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मंत्री को बर्खास्त करते हुए उन पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।

ज्ञापन देने वालों में महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रभा चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा डॉ. कुंतेश सैनी, उपाध्यक्ष राधा सैनी, प्रदेश सचिव कृपारानी प्रजापति, श्लोक पवार, विमलेश चौधरी, सीता रानी, आदेश कुमारी, आयशा सिद्दीकी सहित दर्जनों महिला नेत्री मौजूद रही।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बरः- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मुठभेड़ के बाद शातिर चोर गिरफ्तार

## 35 हजार नकद, चोरी की बाइक और अवैध हथियार बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अंतरराज्यीय अपराधी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई नगदी, मोटरसाइकिल और एक अवैध तमंचा बरामद किया गया है। आरोपी इरफान उर्फ इमरान उत्तराखण्ड राज्य का निवासी है और उस पर चोरी, नकबजनी तथा गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।

वादी उदित शर्मा निवासी शिव विहार कॉलोनी, थाना धामपुर ने 13 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 अप्रैल की रात उनके घर का ताला तोड़कर नगदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। इस संबंध में मुकदमा संख्या 132/25, धारा 331( 4 )/305( ।) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली कि दो संदिग्ध बदमाश ग्राम सरकथल सानी की ओर से बाइक पर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने तत्काल इलाके में चेकिंग शुरू की। इसी दौरान रामगंगा पोषक नहर की पटरी पर आती मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया गया, जिस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। घायल बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम इरफान उर्फ इमरान पुत्र शेरा निवासी गड्ढा कॉलोनी, थाना काशीपुर, जनपद उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) बताया। उसके कब्जे से 35000 रूपए की चोरी की रकम, एक अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस तथा डेढ़ महीने पहले मुरादाबाद से चोरी हुई मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक धर्म सिंह ने बताया कि घटना में शामिल दूसरा अभियुक्त नाहिद पुत्र ताहिर, निवासी मोहल्ला अल्ली खां, थाना काशीपुर (उत्तराखण्ड) फरार है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस के अनुसार इरफान ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने और नाहिद ने मिलकर करीब एक माह पूर्व धामपुर की शिव विहार कॉलोनी में एक बंद मकान का ताला तोड़कर नगदी और आभूषण चोरी किए थे। नाहिद ने जेवरात बेचकर उसे 35 हजार रुपये दिए थे।

धामपुर पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़े अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। फरार आरोपी की तलाश और अन्य कड़ियों की जांच जारी है।

### शातिर चोर का लंबा आपराधिक इतिहास

इरफान पर उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। इन मुकदमों में काशीपुर, रुद्रपुर, बाजपुर, रामनगर, मुखानी, दिनेश. पुर, गदरपुर और अफजलगढ़ सहित कई थानों में गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### पुलिस टीम की सराहनीय कार्रवाई

इस मुठभेड़ और गिरफ्तारी में निम्नलिखित अधिकारियों की विशेष भूमिका रही। राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक, थाना धामपुर, सचिन मलिक, प्रभारी स्वाट टीम, बिजनौर उपनिरीक्षक योगेश कुमार, प्रभारी सर्विलांस टीम, बिजनौर शामिल रहे।

# बाबा टिकैत किसानों के आदर्श: तोमर

## किसान भवन में हवन यज्ञ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि पर भाकियू राष्ट्रीय किसान भवन में आयोजित हवन यज्ञ में भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की उपस्थिति में पश्चिमी यूपी के दर्जनों जनपदों के नेताओं के साथ जनपद के पदाधिकारियों ने भी पहुंच कर आहुति दी। उसके बाद उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहा कि बाबा चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत ने दुनिया भर के किसानों व मजदूरों की लड़ाई लड़ते-लड़ते उन्हें अपने हक के लिए लड़ना सिखाया। आज बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत के संघर्ष का परिणाम है कि किसान अधिकारियों की छाती पर चढ़कर अपने काम कराने की क्षमता रखता हैं। उन्होंने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ही ऐसे किसान महापुरुष हुए है, जिन्होंने पश्चिमी यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के अपने सिसौली ग्राम से दुनिया भर के किसान कमरे वर्ग को जाती-पाती से दूर रखते हुए 36 बिरादरी के भाईचारे को बढ़ावा देते हमेशा सरकार की सरकारी राजनीति का चक्रव्यूह तोड़ते हुए किसानों के हकों की लंबी लड़ाई अपनी सादगी, सच्चाई और ईमानदारी से लड़ते हुए अनेक आंदोलनो से प्रदेश से लेकर देश की सरकार को न जाने कितनी बार हिलाया और कई बार झुकाया और अपनी बात मनवाते हुए जीवन भर जल, जंगल, जमीन के लिए आन्दोलन चलाए। हवन यज्ञ में बिजनौर से जिला संरक्षक महेंद्र सिंह प्रधान, प्रदेश सचिव जितेंद्र पहलवान, मण्डल उपाध्यक्ष आदिल जैदी, युवा जिला मुख्य महासचिव अंकित चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष स्योहारा गजेन्द्र सिंह टिकैत, ब्लॉक अध्यक्ष अफजलगढ़ मदन राणा, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद अभिषेक चांगियांन, योगेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह, अभय कुमार, बंटी कुमार आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू की बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा

## चौधरी चंद्रवीर सिंह का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन (सरपंच) की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार गुरूवार को एक बैंकट हॉल में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी चंद्रवीर सिंह रहे, जिनका भव्य स्वागत पुष्प माला पहनाकर किया गया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया तथा संगठन के विस्तार को लेकर गहन चर्चा की गई।

इस अवसर पर संगठन को और सशक्त करने के उद्देश्य से चौधरी छत्तर सिंह को संगठन की टोपी पहनाकर और गले में गमछा डालकर, भारतीय किसान यूनियन (सरपंच) के जिला अध्यक्ष, बिजनौर के रूप में औपचारिक घोषणा की गई।

सभा में बड़ी संख्या में किसान व संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और नए दायित्व हेतु चौधरी छत्तर सिंह को बधाई दी। युवा प्रदेश अध्यक्ष लवी चौधरी ने संगठन को मजबूत रहने पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय महासचिव चंद्रपाल गहलोत राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, कपिल देशवाल युवा राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, हर्ष वालियान युवा प्रदेश अध्यक्ष, लवी चौधरी युवा मंडल अध्यक्ष, राजीव सिंह मंडल उपाध्यक्ष, अखिलेश सिंह युवा मंडल उपाध्यक्ष, अनुराग त्यागी जिला अध्यक्ष, छतर सिंह युवा जिला अध्यक्ष, ठाकुर अरुण कुमार जिला कोषाध्यक्ष, परम देशवाल जिला सचिव, कुलदीप कुमार ब्लाक अध्यक्ष हल्दौर, मनीश अग्रवाल ब्लाक महासचिव नहटौर, मनोज कुमार ब्लाक अध्यक्ष नजीबाबाद, मलखान धीमान नगीना तहसील अध्यक्ष, अमित कुमार, रघुवीर सिंह, सुरेशचंद विश्वकर्मा, ऋषिपाल सिंह, ऋषिराम सैनी, राजपाल चौधरी, गजराज चौधरी, सत्यम चौधरी, अक्षय कुमार, लाला सिंह, अतर सिंह आदि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रेरणा विदुर ब्रांड आउटलेट का उद्घाटन

## विदुर उत्पादों का प्रयोग करने का आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह तथा डीएम श्रीमती जसजीत कौर द्वारा आज विकास भवन परिसर स्थित प्रेरणा विदुर ब्रांड आउटलेट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, आयुक्त एनआरएलएम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं अन्य विभागीय अधिकारी, होटल, रेस्टोरेंट, मेडिकल एसोसिएशन, विभिन्न व्यापार संगठन, किराना स्टोर स्वामियों सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह एवं डीएम श्रीमती जसजीत कौर द्वारा विदुर उत्पादों का प्रयोग करने वाले होटल एवं रेस्टोरेंट स्वामियों एवं मेडिकल स्टोर संगठन के अध्यक्ष को प्रशस्ति पत्र उपलब्ध कराकर सम्मानित किया गया। डीएम ने कहा कि विदुर ब्रांड विशेष रूप से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचा. लित महिला स्वयं सहायता समूहों की ग्रामीण महिलाओं द्वारा उत्पादित किए जाते हैं। जो उनके आर्थिक सशक्तिकरण और उनको आत्मनिर्भर बनाने में सफलता के नए आयाम तय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड के अंतर्गत 150 से अधिक उत्पाद तैयार किए जाते हैं, जिनका वार्षिक टर्नओवर लगभग एक करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड उत्पादों को के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए 29 मोबाइल वैन संचालित हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं द्वारा ही ई-स्कूटर एवं ई-रिक्शा उत्पादित की जा रही है तथा विदुर ब्रांड के सभी उत्पादों के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग एवं क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने जिले के व्यापारी वर्ग एवं जन सामान्य का आह्वान किया कि वह अपनी घरेलू सामग्री की आपूर्ति के लिए राष्ट्रीय मानकों से परिपूर्ण हाइजीनिक उत्पादों का प्रयोग कर विदुर ब्रांड मिशन की सफलता में अपना सहयोग प्रदान करें।

मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा द्वारा इस अवसर पर पीपीटी के माध्यम से विदुर ब्रांड के उत्पादों, मानकों एवं मार्केटिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड महिलाओं पर आर्थिक उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

उन्होंने बताया कि लगभग राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता महिला ग्रुप की 23 हजार महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध हो रहा है, जो विदुर ब्रांड उत्पादों की मानकों की सफलता का प्रमाण है।

# भूलेखों की गड़बड़ी पर एसडीएम की त्वरित कार्रवाई

**नगीना।** एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने तहसील के परगना बढ़ापुर के ग्राम व मौजा मदपुरी में 15 बीघा का एक फर्जी चक खाता संख्या 130 गलत तरीके से जारी किए जाने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि अभिलेखो में किसी भी प्रकार का रिकॉर्ड दर्ज नहीं है तथा उक्त मौजा जंगल झाड़ी में होने के चलते किसी भी अभिलेख में आदेश दर्ज हेतु लॉक बताया गया है। एनआईसी की सरकारी साईट भूलेख पर भी इस प्रकार की गड़बड़ी अचंभित करने वाली है। एसडीएम ने यह भी बताया कि यूनियन के ज्ञापन में कहा गया है कि भाकियू को अंदेशा है कि इस फर्जी बाड़े में एक से अधिक लोग शामिल हैं और यह किसानों को बरगलाकर मोटी रकम के एवज में किया गया है। एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने बताया कि उक्त पट्टों के आदेश को तत्काल निरस्त करते हुए इस प्रकरण की जांच हेतु आख्या राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ शासन को भेज दी है। अब जो भी कार्रवाई के निर्देश राजस्व परिषद लखनऊ से आएंगे उसी के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर ( बिजनौर )**

पृष्ठांकन संख्या 140/न.पा.प./किरतपुर कर वि. दिनांक- 29.04.2025
अधिसूचना अंतर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती शाजिया परवीन पत्नी श्री इन्तेसाब अली नि. मौहल्ला अंसारियान किरतपुर बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 1813/1 स्थित मौहल्ला अंसारियान में के आंशिक भाग 45.23 वर्ग मीटर में श्री अब्दुल वाहिद पुत्र अब्दुल हमीद के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। पालिका गृहकर रिकार्ड में उपरोक्त सम्पत्ति स्थित मौहल्ला अंसारियान में श्री अ. रशीद, खुर्शीद, अ. वाहिद नि.गण मौहल्ला अंसारियान किरतपुर का नाम दर्ज है। प्रार्थी ने स्वामित्व के रूप में साथ श्री अब्दुल वासिद पुत्र श्री अब्दुल हमीद निवासी झुग्गी रानी गार्डन शास्त्री नगर दिल्ली द्वारा श्रीमती शाजिया परवीन पत्नी श्री इन्तेसाब अली नि. मौहल्ला अंसारियान किरतपुर बिजनौर के नाम हुये रजिस्टर्ड बैनामे के अनुसार उपरोक्त सम्पत्ति के आंशिक भाग 45.23 वर्ग मीटर में श्री अब्दुल वासिद पुत्र अब्दुल हमीद के स्थान पर अपना नाम श्री इन्तेसाब अली पुत्र इल्तेमास अली नि. मौहल्ला अंसारियान किरतपुर पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वत: निरस्त माना जायेगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या-1813/1 (45.23 वर्ग मी) आवासीय स्थित मौहल्ला अंसारियान किरतपुर (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**किरतपुर ( बिजनौर )**

# प्रथम गुरु माताओं का सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दीप सर्जन कान्वेंट स्कूल में प्रथम शिक्षिका माताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माताओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर एक मेले का आयोजन किया गया।

प्रथम गुरु माताओं एवं अभिभावकों के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माताओं द्वारा नृत्य कर सबका मन मोह लिया। सभी विज. ेताओं को प्रबंधिका अनीता चौहान द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माताओं द्वारा केक काटकर खुशी मनाई गई। सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत करने वालों में वंशिका, विधि, आरुषि, प्रियांशी, कंचन, दिव्यांशी, अनिरुद्ध, अभय, मोलिशा आदि छात्राएं शामिल रहीं। पुरस्कृत होने वाली माताओं में मोहिनी देवी, किरण देवी, फिरदौस, अनु रानी, गुलअफ्सा, सोनम, अनीता, शिल्पी कुमारी आदि शामिल रहीं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं में कल्पना वर्मा, नेहा, प्रीति, सोनी, काजल, प्रियांशी, मदीहा आदि शामिल रहीं। अंत में कार्यक्रम में आने पर सभी अतिथियों का एवं माताओं का प्रबंधिका अनीता चौहान द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन परी रस्तोगी ने किया।

# भाजपा कर रही सेना का अपमान

## मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को बर्खास्त न करने की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा सेना का अपमान करा रही है। भाजपा नेताओं को देश की सेना से माफी मांगनी चाहिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा उपजिलाधिकारी को मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा हमारे देश की बेटी एवं भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी करने पर विरोध दर्ज कर ज्ञापन दिया। विजय शाह द्वारा देश की बेटी का यह अपमान देश,नारी, सेना का अपमान है। जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि नारी शक्ति और सेना सदैव सर्वोपरि है। सेना को धर्म से जोड़ना इस देश की आत्मा पर हमला है। सेना का धर्म सिर्फ देश रक्षा है और हमें हमारी सेना पर गर्व है। शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी हमारी बहन है। पूरे देश की बहन है और सेना धर्म सिर्फ बलिदान होता है और कुछ नहीं। मध्य प्रदेश सरकार मंत्री विजय शाह का बयान पूरे देश की एकता पर हमला है और यह बर्दाश्त के बाहर है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री ओमवती देवी, नजाकत अल्वी, जिला प्रवक्ता चितवन शर्मा, अनिल त्यागी, हुकम सिंह, अब्दुल समद, रफत नेता, नादिर, खालिद, गुलसिताब एड., नदीम, वसीम अकरम, अनुज गौतम, शारिक, महमूद मलिक, मौहम्मद हनीफ, मौहम्मद सादिक, मुज्जमिल वहाब, फहीम अहमद, अल्ताफ, सुफियान, अयान आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## भाजपा मंत्री की टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन



### कर्नल सोफिया कुरैशी के सम्मान में उठी आवाज

**धामपुर।** भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह की कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखने को मिला। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज शाम धामपुर तहसील मुख्यालय पर कांग्रेस पार्टी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधीर कुमार एडवोकेट, वसीम उर रहमान, जसराम सिंह और ठाकुर आदित्य ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें बर्खास्त करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एक महिला अधिकारी पर की गई टिप्पणी न केवल व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि यह देश, नारी और सेना तीनों का अपमान है। भाजपा सरकार को ऐसे मंत्री को तत्काल पद से हटाना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मंत्री के खिलाफ उचित कार्यवाही नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# बाबा टिकैत की पुण्य तिथि पर रक्तदान व यज्ञ

## किसान नेताओं ने किया याद






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू के संस्थापक बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। किसान नेताओं ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार गन्ना समिति कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन ने आज जिला अध्यक्ष चौधरी सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्व. बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि मनाई। इस मौके पर गन्ना समिति पर हवन यज्ञ किया गया। जल, जंगल व पर्यावरण बचाओ मिशन पर कार्य करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने बाबा टिकैत के किसानों के लिए किए गए संघर्षों को याद करते हुए उनकी विचारधारा पर चलकर संगठन को और मजबूत करने के लिए संकल्प लिया। बाबा के आंदोलनों को याद करते हुए उनकी कमी को महसूस किया गया।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह धनकड़, प्रदेश महासचिव रामोतार सिंह, जिला मुख्य महासचिव विजय पहलवान, जिला महासचिव सुनील प्रधान, मुकेश कुमार, हर्षवर्धन सिंह, धर्मेन्द्र राणा, जय सिंह, राजेन्द्र सिंह, कोमन सिंह, डॉ. विजय चौधरी, विकार अहमद आदि मौजूद थे।

इसके बाद बिजनौर चैरिटेबिल हॉस्पिटल में जाकर रक्तदान किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह धनकड़, प्रदेश महासचिव रामोतार सिंह, जिला मुख्य महासचिव विजय पहलवान, जिला महासचिव सुनील प्रधान, मुकेश कुमार, हर्षवर्धन सिंह, धर्मेन्द्र राणा, जय सिंह, राजेन्द्र सिंह, कोमन सिंह, डॉ. विजय चौधरी, विकार अहमद, मुनेंद्र काकरान, संदीप त्यागी, विजयपाल सिंह, जय सिंह, मनप्रीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंकुर चौधरी, विजय पहलवान, अमित बालियान, कोमल सिंह, राजेंद्र सिंह, मुनेश अहलावत, मुकुल चौधरी, मनप्रीत सिंह, बृजेश कुमार, सतपाल सिंह, आशु चौधरी, कविराज सिंह, उपमा चौहान, धर्मवीर सिंह आदि किसान नेता मौजूद थे।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पत्नी सपना निहायत आजाद ख्याल की महिला है। वह काशीपुर निवासी एक व्यक्ति के संपर्क में रहती थी। वह 12 जनवरी, 2025 को मेरा घर छोड़ कर उसके साथ चली गई है और हल्दौर थाने में उसने मेरे साथ न रहने की बात लिख कर दी है। सपना के इस कृत्य से तंग आकर मैंने अपने सभी प्रकार के संबंध उससे विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कार्य व लेनदेन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। सपना के साथ कोई घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदार वह स्वयं व भूपेन्द्र होगा। **राजकुमार पुत्र यशपाल सिंह निवासी ग्राम हरदासपुर गढ़ी, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर।**

# वेतन नहीं तो क्रमिक अनशन

## आरएसएम इंटर कॉलेज के शिक्षकों की डीआईओएस को सीधी चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के शिक्षक और कर्मचारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर को पत्र लिखकर 48 घंटे के अंदर मानव संपदा पोर्टल जनित उनके विद्यालय का वेतन बिल विद्यालय को उपलब्ध कराने की मांग की है। यदि निर्धारित समय के भीतर वेतन बिल विद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो पत्र के अनुसार, विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी 11:00 बजे से 5:00 तक क्रमिक अनशन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर करेंगे। यह अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वेतन बिल विद्यालय को प्राप्त नहीं कराया जाता है।



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विनोद कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर प्रेस को जानकारी दी की अप्रैल माह का वेतन अभी तक उनके विद्यालय को नहीं मिला है जबकि मानव संपदा पोर्टल से वेतन बिल बनकर डीआईओएस कार्यालय में लंबित है। उन्होंने बताया कि कल विद्यालय में संगठन की एक मीटिंग हुई थी, जिसमें समय से वेतन न मिलने के कारण जनपद से बाहर के शिक्षकों, कर्मचारियों के सामने बड़ी समस्या खड़ी होने की बात कही गई थी। शिक्षकों कर्मचारियों ने यह भी कहा की बैंक से लिए गए ऋण की किस्त अदा न होने के कारण उनके सामने बड़ी आर्थिक चुनौती खड़ी हो रही है। साथ ही जनपद से बाहर अन्य जनपदों के शिक्षकों को ग्रीष्म कालीन अवकाश में अपने घर भी जाना है किंतु इन सब समस्याओं को दरकिनार कर जिला विद्यालय निरीक्षक उनके विद्यालय का बिल प्रेषित नहीं कर रहे हैं। मजबूर होकर विद्यालय के शिक्षकों कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के साथ मिलकर डीआईओएस कार्यालय के बाहर क्रमिक अनशन की घोषणा की है।

क्रमिक अनशन का नोटिस देने वाले शिक्षकों में शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार देवड़ा तथा शाखा मंत्री अरविंद कुमार सहित चेतन कुमार, अतुल कुमार, नवीन सैनी, असित कुमार, अतर सिंह, ऋषिपाल सिंह, सुनील राजपूत आदि शिक्षक सम्मिलित हैं।

## गन्ना सर्वे कार्य का निरीक्षण

**हल्दौर।** गन्ना फसल सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत चीनी मिल बिलाई के यूनिट हेड विजय वीर सिंह, आईटी हेड अनुज शर्मा एवं वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक नवीन आर्य द्वारा मिल क्षेत्र के गांवों का भ्रमण किया गया। इस दौरान गांव मुकरपुर गुर्जर, सलेमपुर, फेजीपुर, मीरपुर सिकरी, गंधौर आदि दर्जनों गांव का भ्रमण कर किसानों को गन्ने में इस समय लगने वाले किट व रोग आदि के विषय में जानकारी देते हुए उससे बचाव के उपाय भी बताएं गये। इस समय गन्ने में टॉप बोरर कीट की तितली दिखाई दे रही है,जिसके नियंत्रण हेतु इस समय लाईट ट्रैप या फेरोमैन ट्रैप लगाकर भी नियंत्रण किया जा सकता है अन्यथा टॉप बोरर नियंत्रण के लिए कोराजन की ड्रेंचिंग 150 एमएल प्रति एकड़ की दर से 400 लीटर पानी में घोल बनाकर करनी चाहिए का सुझाव दिया। इसी के साथ क्षेत्र मे चल रहे गन्ना सर्वे का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारी हरिप्रकाश शर्मा, किसान बहादुर लाल, जयपाल सिंह, अशोक कुमार, ननवा सिंह, मूलचंद, अमित कुमार, कपिल, ओमकार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एक माह के माइक्रोबायोलॉजी लैब प्रशिक्षण का समापन

## क्विज प्रतियोगिता में कौसर जहां प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस एण्ड टैक्नोलाजी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में माइक्रोबायोलॉजी एक माह का लैब सैशन कराया जा रहा था, जिसमें सभी स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को माइक्रोबायोलॉजी ट्रेंनिग करायी गयी। माइक्रोबायोलॉजी लैब में छात्र-छात्राओं को पानी की जांच, खून की जांच और फूड की जांच, जीवाणुओं की जांच जैसे प्रयोग कराये गये।

लैब सैशन के समापन में सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गयें।



क्विज प्रतियोगिता में छात्रा कौसर जहाँ ने प्रथम स्थान, छात्रा रोजी ने द्वितीय एवं छात्र मौ. सैफ ने तृतीय स्थान तथा छात्रा बुसरा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण सभी छात्र/छात्राओं को उनके भविष्य में बहुत ही उपयोगी साबित होगा। उधर संस्था के रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के बीएससी माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रीति विश्नोई, परीक्षा नियंत्रक गौर्व सिंह एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं जौली चौहान, रेशु रानी, मानसी, बृजनेश सिसौदिया, जीत सिंह, संदीप विश्नोई, सचिन कुमार और छात्राओं में अनिल कुमार, स्वश्नु परतीन, कान्तन्न रोजी, सानिया, खुशी, टीना, सिमरन, कशिश पाल, मानशी, ताहिरा, इन्तिफा, अंजली, अल्फिया, अना. मिका, मुजाहिद, बुसरा, आफिया, साक्षी ठाकुर, पूजा चौहान आदि उपस्थित रहें।

# नहर की पटरी टूटने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल डूबी



## सिंचाई विभाग ने मरम्मत कार्य कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** दो गांवों में नहर की पटरी टूट जाने से किसानों फसल डूब गई। किसानों में आक्रोश व्याप्त है। मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मरम्मत कार्य शुरु कराया।

गांव मुकरपुर सत्ती में शेखपुरा रजवाहे नहर की नहर की मंगलवार की देर रात टूट जाने से किसानों की खड़ी फसल डूब गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे किसानों ने मामले की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मरम्मत कार्य शुरु कराया। वहीं गांव शादीपुर मिलक में नहर की पटरी टूट जाने से मुकरपुर सत्ती, खैराबाद, लाड़नपुर आदि गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा फसल भी डूब गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले की सूचना संबंधित विभागीय अधिकारियों को दी। सिंचाई विभाग के जेई द्वारा टूटी नहर की मरम्मत कार्य शुरु कराया। फसल डूब जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

# अभिनन्दन समारोह में मेधावी सम्मानित

## प्रियंका मॉडर्न स्कूल में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषणा के बाद प्रियंका मॉडर्न स्कूल में बोर्ड के विद्यार्थियों और शिक्षकों में परिणामों के प्रति आतुरता बढ़ गई।

इस वर्ष भी विगत वर्षों की भाँति प्रियंका मॉडर्न स्कूल के कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड विद्यार्थियों ने शानदार कीर्तिमान स्थापित कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं के पीसीएम ग्रुप के छात्र वैभव यादव ने 97.4% अंक प्राप्त कर जनपद बिजनौर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं की छात्रा स्नेहा चौहान ने 98.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।




सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में 'अभिनंदन समारोह' के दौरान प्रधानाचार्य डीएस नेगी द्वारा सम्मानित किया गया। इस समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों के मध्य इन मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता / अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने चार चाँद लगा दिये। अभिनंदन समारोह में लगभग 150 विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों अर्थात् जनपद टॉपर, स्कूल टॉपर, कक्षा-टॉपर, विषयवार शत् प्रतिशत या सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी तथा 90 % से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी के रूप में सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि यह पल हमारे लिए बहुत ही गौरव का है, जब हम अपने मेधावी विद्यार्थियों को उनके माता-पिता, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सम्मुख सम्मानित कर रहे हैं। वास्तव में परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। परिश्रम के बल पर ही व्यक्ति ऊँचे से ऊँचे लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

# पंचायत विकास सूचकांक प्रशिक्षण

## सभी विभाग मिलकर सुधारेंगे पंचायत के विकास के सूचकांक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** उपनिदेशक पंचायती राज मुरादाबाद मंडल के कुशल नेतृत्व में एक दिवसीय सतत विकास के स्थानीय लक्ष्य एवं पंचायत विकास सूचकांक प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी बिजनौर दमनप्रीत अरोड़ा एवं समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया।



प्रतिभागियों से वार्ता करते हुए डीपीआरओ द्वारा बताया गया कि सतत विकास के 17 लक्ष्यों को सितंबर 2016 में 193 देश के द्वारा अपनाया गया। 2030 तक सभी लक्ष्यों को प्राप्त करना है। प्रथम सत्र में प्रशिक्षक अशोक कुमार तोमर द्वारा पंचायत विकास सूचकांक विषय पर चर्चा की आपके द्वारा बताया गया कि पंचायत विकास सूचकांक में बिजनौर 38 वें स्थान पर है। जनपद बिजनौर सी श्रेणी में रखा गया है। सबसे अधिक कार्य थीम तीन बाल मित्र पंचायत में 72% एवं सबसे कम कार्य थीम 7 सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव 42% कार्य किया गया है। इसी प्रकार पंचायत विकास सूचकांक हमारी पंचायत की स्थिति को भी प्रदर्शित करता है। पंचायत विकास सूचकांक की मदद से हमें यह पता चलता है कि हमें किस टीम में अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। दूसरे सत्र में सतेंद्र शर्मा ने सतत विकास के लक्ष्य का स्थानीयकरण के विषय में बताया कि किस प्रकार से सतत विकास का स्थानिकरण किया गया और उनको नाइंथ थीम में विभाजित किया गया है। आपके द्वारा थीम वार विभागों की जिम्मेदारी एवं कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

डॉ. नवनीत शेखर सिंह डीपीआरसी फैकेल्टी संभल द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं आपके द्वारा जीपीडीपी निर्माण के पांचों चरणों पर भी प्रकाश डाला। आपके द्वारा अच्छी जीपीडीपी बनने के लाभ एवं अच्छी जीपीडीपी न बनने के कारणों पर भी चर्चा की।

अंतिम सत्र में प्रशिक्षक अब्दुल कादिर द्वारा पंचायत पुरस्कार विषय पर चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक रेखा सैनी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में लव कुमार, अंकुर शर्मा, विकास कुमार, छविनाथ सोनकर, आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# केंद्र सरकार अर्द्धसैनिक बल के सैनिकों की अविलंब करें पुरानी पेंशन बहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 1 जनवरी 2004 को केन्द्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था को लागू किया गया, जिसमें केन्द्रीय सशस्त्र बल के 10 लाख से अधिक सैनिकों को भी संवैधानिक पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित किया गया जों केन्द्र सरकार पूर्णत असंवैधानिक है निर्णय है।



सशस्त्र बल के सभी सैनिक प्रत्येक परिस्थिति में आर्मी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करते आए है। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर माननीय दिल्ली हाईकोर्ट ने 11 जनवरी 2023 को सभी अर्धसैनिक बलों को सशस्त्र बल मानते हुए पुरानी पेंशन देने का एतिहासिक आदेश दिया। जिसके खिलाफ केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई जो केन्द्र सरकार ने गैरजिम्मेदाराना निर्णय लिया। सशस्त्र बल के सभी सैनिक देश की सरहदों को सुरक्षित रखते हैं, उनके भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा से केंद्र सरकार का बचाना पूर्णतः असंवैधानिक है। केंद्र सरकार को केंद्रीय सशस्त्र बल की सभी सैनिकों को उनके भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा देने वाली पुरानी पेंशन व्यवस्था को अविलंब बहाल करना चाहिए।

## एक नजर

### उज्जवल पुष्पक का बेहतरीन प्रदर्शन



**स्योहारा।** मेरी एंड जीसस कान्वेंट स्कूल की दसबी बोर्ड परीक्षा मे उज्जवल पुष्पक पुत्र श्रवन कुमार पुष्पक ने गणित संकाय में विद्यालय में सर्वाधिक अंक हासिल किए हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों प्रधानाचार्य अनीता सिंह और प्रबंधक सीसी सिंह और अध्यापकों को दिया है।

### चांदपुर में पांच वारंटी गिरफ्तार



**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत चांदपुर पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए सभी को न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस ने इरशाद अहमद पुत्र सगीर अहमद, सगीर अहमद पुत्र यासीन अहमद निवासीगण ग्राम महमूदपुर थाना चांदपुर, बलवीर सिंह पुत्र प्रेमा सिंह निवासी ग्राम महमदाबाद थाना हल्दौर, राजीव कुमार पुत्र मूला सिंह निवासी ग्राम वीरोपुर थाना चांदपुर व शौकत पुत्र अल्ला दिया निवासी मौहल्ला शाहचंदन कस्बा व थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप.नि. प्रमोद कुमार थाना चांदपुर, उप.नि. हिमांशु कुमार थाना चांदपुर, उप.नि. रोबिन कौशिक थाना चांदपुर, कांस्टेबिल सौभ पंवार, कांस्टेबिल .मौ. सिराज, का. गजेन्द्र कुमार, का. कृष्ण कुमार शामिल रहे।

### घर में घुसकर मारपीट के दो आरोपी दबोचे



**चांदपुर।** गांव अकबरपुर झोझा थाना चांदपुर निवासी जुलफुकार अहमद पुत्र गफ्फार अहमद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही गुलफाम, राशिद, खालिद पुत्रगण हिफैत अहमद, कुरबान अहमद पुत्र बदलू अहमद, रिजवान अहमद पुत्र कुरबान अहमद निवासीगण नामालूम ने वादी के घर में घुसकर वादी की पत्नी हीना परवीन, भाई दानिश व पुत्र सद्दाम पर लाठी डण्डों से जानलेवा हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आज गुलफाम अहमद पुत्र हिफैत निवासी ग्राम अकबरपुर झोझा थाना चांदपुर व रिजवान अहमद पुत्र कुरबान अहमद निवासी उपरोक्त को ग्राम रूपपुर रोड रिलायंस पेट्रोल पम्प चांदपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### नाट्य कार्यशाला 21 मई से शुरू

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में नाट्य कार्यशाला का आयोजन नाट्यदीप संस्था के सहयोग से प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रंगमंच एवं स्व-रोजगार के लिए तैयार किया जायेगा। छोटे शहरों एवं ग्रामीण अंचलों की छिपी प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी। रंगमंच की सशक्त परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नाट्यदीप संस्था व उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के सहयोग से श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज में एक विशेष नाट्य कार्यशाला आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रंगमंच एवं स्व-रोजगार के लिए तैयार करने हेतु 21 मई से 18 जून तक किया जाएगा। डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि यह कार्यशाला नाट्य तकनीक, अभिनय कौशल, स्वर एवं शरीर भाषा पर केंद्रित होगी। विगत वर्षों में हमारे कई नवोदित कलाकारों ने रंगमंच व फिल्म मीडिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और आज वे आने वाली फिल्मों व डिजिटल माध्यमों में सक्रिय हैं। इस अवसर पर डॉ. पुनीत नंदन, मुकेश कुमार, विनीत कुमार, राहुल, शिवम् कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# बी.ए.एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बी.ए.एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्रा इप्शिता अग्रवाल ने प्रथम, कृभकी कटिया ने द्वितीय तथा मौ. अम्मार हसनैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग

## किसानों की आर्थिक स्थिति हुई कमजोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल से गन्ना का बकाया भुगतान को लेकर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की एक बैठक बिलाई चीनी मिल परिसर में सम्पन्न हुई।

बैठक में संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि बिलाई मिल द्वारा समय से गन्ना भुगतान न होने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। बिलाई चीनी मिल की गन्ना भुगतान की पॉलिसी से परेशान होकर बिलाई चीनी मिल क्षेत्र के किसान गन्ना परिवर्तन कर दूसरी मिल को डायवर्ट करने को लेकर बार-बार आंदोलन किए जाते हैं, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा किसानों की सुनवाई नहीं होती है। विकास चौधरी ने शासन प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन प्रशासन द्वारा ही किसानों का शोषण कराया जा रहा है।



विकास चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बिलाई चीनी मिल द्वारा शीघ्र गन्ने का भुगतान नहीं किया गया तो किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा।

बैठक के बाद बिलाई चीनी मिल के एमडी को संबोधित एक ज्ञापन मिल के गन्ना प्रबंधक राहुल चौधरी को सौंपा गया और हल्दौर गन्ना समिति पहुंचकर जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर को संबोधित एक ज्ञापन गन्ना समिति सचिव हल्दौर मुकेश राठी को सौंपा गया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, विकेश कुमार, छोटू कुमार आदि मौजूद रहे।

**वर्ष 2018 में हुए भूमि घोटाले का पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस ने किया खुलासा**

# करोड़ों की 326 बीघा सरकारी भूमि का फर्जी नाम व पते पर कर दिया था आवंटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सरकार की 326 बीघा भूमि का आवंटन फर्जी नाम पतों पर कर दिया गया। चकबंदी लेखपाल की तहरीर पर की गई पुलिस की जांच में हुए करोड़ों रूपये की जमीन को हड़पने का भंडाफोड़ होते हीअधिकारी भी दंग रह गए। पुलिस ने दो लेखपाल समेत चार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने इसका अनावरण किया।

जिले में फर्जी बीमें कराकर हत्यायें और करोड़ों की रकम हड़पने के गिरोह का खुलासा होने के बाद अब तक का सबसे बड़ा और भंडफोड़ सरकारी जमीन हड़पने का हुआ है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने संयुक्त रूप से खुलासा करते हुए बताया कि थाना गुन्नौर पर 02.08.2018 को चकबंदी लेखपाल कुलदीप सिंह चकबंदी लेखपाल द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था कि गैर आबादी ग्राम सुखैला थाना जुनावई की करीब 326 बीघा 82.500 हैक्टेयर जमीन को 55 लोगो के नाम आवंटित कर दिया गया है, जबकि उन लाभार्थियो के सम्बंध मे चकंबदी विभाग द्वारा तस्दीक किया गया तो उन सभी लाभार्थियों मे से किसी का नाम पता ज्ञात नही हो सका था। विभागीय जाँच शुरू हुई तो उक्त भूमि आवंटन से सम्बंधित दस्तावेज ही गायब कर दिये गये। मात्र आंवटन की प्रविष्टियां वाले दस्तावेज बरामद हो सके। इसे लेकर विभागीय जाँच में कुल 67 लोगो (58 लाभार्थियो तथा 09 चकबंदी विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण) कालीचरन चकबंदी लेखपाल पुत्र गोपाल सिंह नि. आवास विकास कासगंज, रामौतार लिपिक पुत्र भूदेव सिंह नि. मौ. सतयपुरी नई नरौरा थाना नरौरा जनपद बुलन्दशहर, रामनिवास चपरासी पुत्र मनफूल ग्राम मौहसैनपुर उर्फ नवादा थाना शिवाला कलां जनपद बिजनौर,

**○दो लेखपाल समेत चार किए गए गिरफ्तार, पूर्व चकबंदी अधिकारी से लेकर चपरासी भी हैं शामिल**

मोरध्वज चकबन्दी लेखपाल पुत्र होडिल नि. ग्राम मई थाना हरदुआगंज जनपद अलीगढ़ जितेन्द्र कुमार चपरासी पुत्र रोहित चौहान नि. ग्राांम सिमौर थाना अलीगंज जनपद एटा, मुकेश बाबू पुत्र नितिन कुमार नि. ग्राम गठिया रंगीन ताना गढिया रंगीन जनपद शाहजहांपुर, राजीव कुमार चकबन्दी लेखपाल पुत्र सोनू कुमार नि. नगला खाकम थाना बनियाठेर जनपद सम्भल कर्मचारियो को निलम्बित किया गया था। जिन्हे करीब एक वर्ष बाद सशर्त बहाल भी किया गया। जबकि पवन कुमार चकबन्दी कर्ता की वर्ष 2015 मे मौत होने एवं सुरेन्द्र सिंह यादव चकबन्दी अधिकारी पुत्र दयाशंकर नि. ग्राम पूराडला थाना कूटान जिला जौनपुर (बलिया) के विरूद्व थाना हाजा पर मु.अ.सं. 480/18 धारा 420, 467, 468, 471, 20बी, 34 भादसं पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना वर्ष 2018 मे अपराध अनुसंधान केन्द्र लखनऊ को भेजी गयी लेकिन किन्ही तकनीकि कारणो से वापस आ गयी। अब इस विवचेना को थाना गुन्नौर द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि जांच के दौरान जितेन्द्र कुमार चपरासी पुत्र रोहित चौहान नि. ग्राांम सिमौर थाना अलीगंज जनपद एटा, मुकेश बाबू पुत्र नितिन कुमार नि. ग्राम गठिया रंगीन ताना गढिया रंगीन जनपद शाहजहांपुर, राजीव कुमार चकबन्दी लेखपाल पुत्र सोनू कुमार नि. नगला खाकम थाना बनियाठेर जनपद सम्भल, पवन कुमार चकबन्दी कर्ता मौत हो गयी। इन सभी आरोपियों ने फर्जी 58 लाभार्थियो बनाकर करीब 326 बीघा जमीन का आवंटन कर दिया। ताकि भविष्य मे उक्त भूमि पर कब्जा कर उसे खुर्द बुर्द कर सके। जबकि उक्त मामले की पत्रावली के दस्तावेज भी गायब हो गये। जिसके सम्बंध में थाना बहजोई पर मु.अ. सं.74/25 धाारा 316(5) बनाम ललित कुमार व अरविंद कुमार पुलिस कार्यालय बहजोई पर दर्ज कर इसकी भी विवेचना की जा रही है। एसपी ने बताया कि कालीचरन चकबंदी लेखपाल पुत्र गोपाल सिंह नि आवास विकास कासगंज, रामौतार लिपिक पुत्र भूदेव सिंह नि. मौ. सतयपुरी नई नरौरा थाना नरौरा जनपद बुलन्दशहर, रामनिवास चपरासी पुत्र मनफूल ग्राम मौहसैनपुर उर्फ नवादा थाना शिवाला कलां जनपद बिजनौर, मोरध्वज चकबन्दी लेखपाल पुत्र होडिल नि. ग्राम मई थाना हरदुआगंज जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी करने में थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान, उ. नि. बिजेन्द्र कुमार, उ.नि. विशांत कुमार, उ.नि.सुमित कुमार, उ.नि. रोहित कुमार, हे.का. राहुल शर्मा, कां आशीष कुमार कां वीरेन्द्र आदि शामिल रहे।



सम्भल- करोड़ों कीमत की 326 बीघा भूमि आवंटन में गिरफ्तार किए आरोपियों समेत खुलासा करते एसपी।



बहजोई- एमआरएफ सेंटर (कूड़ा निस्तारण) घर में पड़ा जले कूड़े से उठता धुआं।

# सड़क किनारे खंदक में झाड़ियों पर शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** दिल्ली-बदायूँ हाइवे पर सड़क किनारे खंदक की झाड़ियों में श्सव मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने लाश को कब्ज़े में लेकर पीएम को भेज दिया।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र गांव जगन्नाथपुर के नजदीक सड़क किनारे खंदक की झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलते ही सनसनी फैल गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्ज़े में ले लिया। पुलिस ने शव की खिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पायी। लाश को पीएम के लिए भेज दिया गया। शव कुछ दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। राहगीरों की और से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर सी ओ दीपक

**○ पुलिस ने अज्ञात लाश को पोस्टमार्टम कराने को भेजा**

तिवारी ने मौके का निरीक्षण कर जानकारी ली। पुलिस लाश की पहचान कराने को सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। कोतवाल अखिलेश प्रधान का कहना है कि अज्ञात शव की खिनाख्त करायी जा रही है।

## श्रृषि गौतम व अहिल्या के संवाद का हुआ प्रशिक्षण

**बबराला।** नगर के रामा कान्वेंट स्कूल में भारतेंदु नाटक अकादमी संस्कृत विभाग लखनऊ द्वारा रंग पाठशाला लोकनाटय में छठे दिन कार्यक्रम जिला संयोजक डा. ममता राजपूत ने बताया कि जब श्रृषि विश्वामित्र भगवान राम लक्ष्मण को जंगल की ओर से जाते हुए तब भगवान राम देखते हैं कि पत्थर की एक शिला है और आसपास के जंगलों में पेड़ पौधे फूल मुरझाए हुए हैं तो वह श्रृषि विश्वामित्र से पूछते हैं गुरुवर यह कैसा जंगल है यहां पर न तो कोई फल है,न फूल है, न पत्ता है। यह कैसा जंगल है। इस पर विश्वामित्र जी, श्रृषि गौतम और अहिल्या की गाथा को बताते हैं। बच्चों को कार्यशाला में इस गाथा को लेकर सिखाया गया।

# धान बीज पर की जा रही थी ओवर रेटिंग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** धान बीज की ओवर रेटिंग की सूचना औचक निरीक्षण में कमियां पकड़ी गई। जिला कृषि अधिकारी ने आठ दुकानदारों को नोटिस जारी किए जबकि ओवर रेटिंग व अनियमित्ताएं पाये जाने पर बड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

**जिला कृषि अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, आठ दुकानदारों को नोटिस जारी**

बरसात से पूर्व खरीफ की फसल (धान) की फसल लगाने को बीज की खरीदारी चल रही है,लेकिन बीज पर ओर रेटिंग की जा रही है। इसकी शिकायत मिलने पर जिला कृषि अधिकारी विजय चौधरी ने बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। बहजोई में किए गए निरीक्षण में कमियां पायी गसी,जबकि विक्रेता के पास स्टॉक रजिस्टर नहीं पाया गया। नहीं बीज का विक्रय बिला पर किया जाता मिला। इसके अलावा बीज मूल्य निर्धारित दर का कोई उल्लेख पाया गया। जिला कृषि अधिकारी विजय चौधरी ने बताया कि यदि खरीफ में विक्रेता के द्वारा बीज या उर्वरक में किसी प्रकार की अयिनमित्ता पायी जाती है तो बड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी साथ ही आगे भी निरीक्षण जारी रहने पर अनियमित्ता मिलने पर कार्यवाही को चेताया। जिला कृषि अधिकारी ने दुकानदारों को नोटिस जारी किए हैं।

# चन्दौसी चौराहे के चौड़ीकरण को हटाए जाएंगे बिजली के पोल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के सौन्दर्यकरण को चौराहे का चौड़ीकरण को किए जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। चौड़ीकरण कार्य में आड़े आ रहे बिजली के पोलों और टीएफ आदि शिफ्ट करने को बिजली विभाग के अधिकारियों ने चौराहे का निरीक्षण कर अधीनस्थों को निर्देश दिए।

शहर के अति व्यस्त चंदौसी चौराहे का कायाकल्प की तैयारियां शुरू हो गयी है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने इसके चौड़ीकरण व सौन्दर्यकरण के लिए नापतौल की जबकि चौड़ीकरण में बाधक बन रहे विद्युत पोलों के दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए विभाग ने विद्युत विभाग के एसडीओ संतोष त्रिपाठी ने जे ई व अन्य कर्मचारियों के साथ निरीक्षण कर जानकारी ली और अधीनस्थों को निर्देश दिए। इसके अलावा चौड़ीकरण की योजना में पेट्रोल पंप, दुकानें और नगर पालिका द्वारा बनवाया गया सेल्फी प्वाइंट भी शामिल हैं। एसडीओ संतोष त्रिपाठी ने बताया कि वे बिजली के खंभों और तारों की नई लाइन के लिए नपाई की गई है। यह कार्य राज्य सरकार की योजना का हिस्सा है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात की समस्या को कम करना और जाम से लोगों को राहत देना है। साथ ही इससे शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी।

## कल्किधाम पहुंचे पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष

**सम्भल।** श्री कल्कि धाम एंचोड़ा कंबोह में गुरुवार को उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूजित शिलाओं के दर्शन किए। शिलाओं के दर्शन एवं पूजन के पश्चात सूर्य प्रकाश पाल ने कहा की श्री कल्कि धाम विश्व का अलौकिक धाम बनेगा एवं विश्व को दिशा देने का काम करेगा। श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम सनातन धर्म के संवर्धन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मेरा सौभाग्य है की मैंने उस स्थान के दर्शन किए हैं जहाँ भगवान के भविष्य में होने वाले अवतार श्री कल्कि नारायण का विशालतम धाम बन रहा है। निर्माण कार्य को देखने के तत्पश्चात श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कष्णम से मंत्रणा की ए



सम्भल- कल्कि मंदिर के निकट स्वीकृत नक्शे के विपरीत बनाई गई बहुमंजिला इमारत।

# एमआरएफ सेंटर पर नहीं होता कूड़े का निस्तारण

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बहजोई।** लाखों खर्च कर बनाया गया एमआरएफ (कूड़ा निस्तारण केन्द्र) पर लगी मशीने शोपीस बनकर रह गयी हैं। जबकि कूड़े में आग लगाकर उसका निस्तारण किया जाता है।

नगर पालिका क्षेत्र में जिला मुख्यालय से दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर एमआरएफ सेंटर (कूड़ा निस्तारण केन्द्र) बनाया गया है। लाखों की रकम खर्च करके कूड़े के निस्तारण को मशीने लगायी गई। जिसमें नगर का पूरा कूड़ा लाया जाता है। जहा कूड़े का निस्तारण किया जाये,लेकिन वहीं लगी मशीने शोपीस बनी हुई है। जबकि निस्तारण के लिए लाया जाने वाले कूड़े का निस्तारण एमआरएफ सेंटर पर आग लगाकर किया जा रहा हैं एजीटी के नियमों का खुला उल्लंघन कर कूड़े में लगी आग से उठते धुंआ शहर में फैलता है। जिसके चलते लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। जबकि श्वांस रोगियों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।जबकि एमआरएफ सेंटर जिला मुख्यालय से दो तीन किलोमीटर दूरी पर बना हुआ है। पछुआ हवा चलने से कूड़े से उठते धुआं कार्यालयों में भी उसकी दुर्गंध आती है। इसके बावजूद किसी जिम्मेदार की नजर उस पर नहीं पड़ रही है। जबकि नगर पालिका भी इससे अंजान बनी हुई है। अब सवाल है कि जब कूड़ का निस्तारण आग लगाकर ही की जानी थी तो फिर लाखों खर्च कर एमआरएफ सेंटर मशीने क्यों लगायी गईं? जबकि मशीने लगी हुई हैं तो फिर कूड़े का निस्तारण क्यों नहीं हो पा रहा है। आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार ह?

**○आग लगने से उठते धुंओ से श्वांस लेने में होती है दिक्कत**

# स्वीकृत नक्शे के विपरीत बना दी गई बहु मंज़िला इमारत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** स्वीकृत मानचित्र के विपरीत धर्मशाला का निर्माण तेजी से कराया जा रहा हैं तीन साल से चल रहे अवैध निर्माण पर किसी भी जिम्मेदार की नजर नहीं गई है। वरिष्ट अधिवक्ता ने निर्माण पर सवाल उठाते हुए जिलाण्किारी से शिकायत कर प्रभावी कार्यवाही करने व निर्माण कार्य रूकवाने की मांग की है।

**तीन साल से चल रहा है कार्य, 8 फीट खनन करके किया गया निर्माण आसपास के मकानों को खरीदकर तोड़कर प्लाटों में कराए गए बैनामे**

शहर के मौहल्ला कोट पूर्वी स्थित कल्कि विष्णु मंदिर के निकट दिल्ली की एक संस्था की और से कल्कि बाल वाटिका का निर्माण कराया जा रहा है। कल्कि वाल वाटिका धर्मशाला के निर्माण कार्य तीन साल से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत कराया जा रहा है। जबकि उक्त भवन के निर्माण को स्वीकृत कराये गए मानचित्र के विपरीत करीब आठ फीट खनन करके बहुमंजिला इमारत का निर्माण हो रहा है, लेकिन इस इमारत के निर्माण करते समय न तो करोड बाइंडिंग छोड़ी गयी है और न ही सैट बैक छोड़ा गया। इमारत का निर्माण कर पूरी तरह से सरकारी मानकों का उल्लंघन किया गया है।इतना ही नहीं संस्थान की और से आसपास के मकानों को खररीदा गया लेकिन उन्हे तोड़कर प्लाट दर्शाकर बैनामे पंजीकृत कराकर सरकार को भी बड़े पैमाने पर स्टाम्प व निबंधन शुल्क को भी क्षति पहुंचायी गयी है। इसके अलावा उक्त आराजियों को इमारत में शामिल करके बिना नक्शा स्वीकृत कराये विधि-विरूद्व अपने निर्माण में शामिल किया जा रहा है। कांग्रेस नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता डा. अमित उठवाल ने इसके विष्द्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के साथ संस्था श्री कल्कि बाल वाटिका की सम्पत्ति की भी जांच किसी सक्षम अधि कारी से कराकर स्वीकृत नक्शे के विरूद्व कराये गए निर्माण को ध्वस्त कराकर सम्बंधितों के विरूद्व कार्यवाही करने की मांग की है।

**हिंदू जागृति मंच चलायेगा समाज जागरण अभियान**

# तुर्की का करें आर्थिक बहिष्कार: अजय शर्मा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** तुर्की के आर्थिक बहिष्कार को लेकर हिंदू जागृति मंच ने समाज जागरण अभियान संचालित करने का संकल्प लिया है। जिसके अंतर्गत तुर्की से आयातित सामान का बहिष्कार, तुर्की की यात्रा ना करने का आहवान करना तथा तुर्की में बनी फिल्म और सीरियल ना देखने हेतु जागरण अभियान संचालित होगा।

दुर्गा कालोनी स्थित सुबोध गुप्ता के निवास पर आयोजित मंच की बैठक में सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि दुश्मन राष्ट्र पाकिस्तान को सहयोग करने के लिए तुर्कीए का आर्थिक बहिष्कार किया जाएगा और इसके लिए बाकायदा समाज जागरण अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि तुर्कीए हमारे दुश्मन का दोस्त है इसलिए हमारा भी दुश्मन है। उन्होंने तुर्की में बने सीरियल व फिल्म भारत में बैन करने तथा तुर्की का मार्बल और सेव जैसी वस्तुओं को प्रतिबंधित करने तथा भारतीय पर्यटकों को तुर्की की यात्रा पर ना जाने का समाज और सरकार से आहवान किया। उन्होंने कहा कि जब जब तुर्की पर मुसीबत आई है तब-तब भारत ने उसका सहयोग किया है। परंतु तुर्कीए अहसान ना मानने वाला देश है। उसने भारत के दुश्मन का साथ देकर भारत से दुश्मनी ठानी है। इसलिए 140 करोड भारतीयों को अपने दिल और दिमाग से तुर्की का हर प्रकार से आर्थिक बहिष्कार करना अवश्यंभावी है। अमित गुप्ता, अमित वार्ष्णेय, अरविंद शंकर शुक्ला, राजेंद्र सिंह गुर्जर, सुनीता यादव, मोहित गुप्ता, ज्योति गुप्ता, कपिल गुप्ता, शीतल गुप्ता, सुभाष मोंगिया, अंकुर रस्तोगी, सुभाष चंद्र शर्मा, श्री ओम चंद्रा, नीरु चाहल, वेद प्रकाश चाहल आदि वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए तुर्की को दुश्मन राष्ट्र की श्रेणी में रखकर तुर्की का आर्थिक सामाजिक व्यापारिक सभी प्रकार के संबंध विच्छेद करने तथा बहिष्कार करने का समाज एवं भारत सरकार से आहवान किया। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने तुर्की के आर्थिक बहिष्कार करने को समाज जागरण अभियान के रूप में संचालित करने की वकालत की। जिसके लिए सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। तय किया गया कि हिंदू जागृति मंच जगह जगह तुर्की में बने सामान का बहिष्कार करने को लेकर अभियान चलाएगा। बैठक की अध्यक्षता श्याम शरण शर्मा ने एवं संचालन सुमन कुमार वर्मा ने किया।

# स्कूली छात्राओं को दिया पॉक्सो एक्ट का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो एक्ट और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 पर स्कूलो में प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

**प्रशिक्षण सत्र का स्कूलों में किया गया आयोजन**

जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया के आदेश पर बुद्ववार को पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय भारतल सिरसी, सम्भल एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ग्राम रिठाली विकासखंड सम्भल में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में आई सी कमेटी (आंतरिक शिकायत समिति) बनाना जो कि भारत सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार हर कार्यस्थल पर अनिवार्य है के विषय में जानकारी देते हुए सदस्यों को शिकायतों के निष्पक्ष, और कार्यस्थल पर हल करने के तरीके के बारे में बताया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्टाफ सदस्यों को अधिनियम के प्रावधानों के बारे में संवेदनशील बनाना, बाल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें दुर्व्यवहार की घटनाओं की पहचान करने और उनका समाधान करने की जानकारी देना था। प्रशिक्षण गौरीशंकर चौधरी द्वारा दिया गया जो बच्चों एव महिलाओं की सुरक्षा पर अपने एनजीओ जस्ट राइट्स के माध्यम से जनपद में काम कर रहे हैं। उन्होने अधिनियम 2012 की जानकारी दी। जिसमें बच्चों को यौन अपराधों से बचाने वाले विशिष्ट प्रावधानों एवं दुर्व्यवहार के संकेतों और लक्षणों की पहचान कैसे करें। स्टाफ के सदस्यों को शारीरिक, भावनात्मक, यौन और उपेक्षा सहित विभिन्न प्रकार के दर्व्यवहार के बारे में प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर धुरेटा के प्रधानाध्यापक लोक सिंह,अतरासी से शेखर, भारतल सिरसी से अभिषेक रस्तोगी, बहजोई की वार्डन अनुराधा सिंह , रिठाली की वार्डन प्रकृति सिंह एवं समस्त स्कूल स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे।

## सम्भल से भृष्टाचार उखाड़ने को सम्भल से लड़ेंगे आतिर हुसैन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता आतिर हुसैन ने सम्भल विधानसभा सीट से 2027 के चुनाव में उतरने की इच्छा व्यक्त की है। आतिर हुसैन प्रदेश स्तर पर पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं और प्रवक्ता तथा राज्य मीडिया कोआर्डिनेटर जैसे अहम पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और प्रदेश मीडिया में पार्टी का सशक्त प्रतिनिधित्व किया है। आतिर हुसैन ने कहा, संजय सिंह ने हमेशा मुझ पर भरोसा जताया है। उन्होंने मुझे प्रवद्रा और मीडिया कोआर्डिनेटर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का मौका दिया, जिससे मुझे पार्टी का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय और प्रदेश मीडिया में करने का अवसर मिला।आतिर हुसैन ने कहा, 'सम्भल की जनता लंबे समय से बदलाव की राह देख रही है।

# संगठन को बढ़ाने का कार्यकर्ता इमानदारी से करेंगे काम

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा की गई।

धनारी क्षेत्र के ग्राम धनारी पटटी बालू शंकर में आयोजित बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष सोमपाल सिंह ने संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नेता विजय पाल सिंह जिन्होंने सम्भल जिले में संगठन का बीज डालकर अंकुरित करने का कार्य किया। उनके इस कार्य को निरंतर आगे बढ़ाने का काम संगठन के कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे। भगवान सिंह ने संगठन का विस्तार करने की युक्ति को कार्यकर्ताओं के समक्ष रखते हुए बताया कि हमें गांव गांव जाकर ग्राम कमेटी बनाकर संगठन को उच्च शिखर पर ले जाया जा सकता है। उनके इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए संगठन के वरिष्ठ जिला सलाहकार दिनेश गिरी जी ने व पूरे जिला कमेटी ने समर्थन किया। इस मौके पर संगठन के वरिष्ठ नेता विजयपाल सिंह भगवान सिंह दिनेश गिरी संजय राघव सोमपाल सिंह नवकेश चाहल उदयवीर सिंह यादव जैविनद्र सिंह किरतपाल सिंह नफीस अहमद तेजपाल सिंह लायक सिंह मंगलसैन हीरेंद्र राघव नन्हे सुनील कुमार मुकेश कुमार लालाराम बहादुर पुरन कुंवरपाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण सत्र का स्कूलों में किया गया आयोजन**

## सत्य की खोज को राजकुमार गौतम ने किया गृह त्याग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के पीएमश्री विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बौध शोध संस्थान संस्कृति विभाग लखनऊ के तत्वाधान में ग्रीष्म कालीन बुद्व-पथ- प्रदीप कार्यशाला में दूसरे दिन बुद्व की प्रतिमा के सामने कार्यक्रम की संचालिका ममता राजपूत ने मोमबत्ती प्रज्वलित कार्यशाला का शुभारंभ किया।

गुरुवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूसरे दिन प्रशिक्षक सत्यवीर आनंद ने बच्चों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि राजकुमार सिद्वार्थ गौतम ने सत्य की खोज के लिए गृह त्याग दिया। गृह त्यागने के बाद वह सत्य की खोज में निरंजना नदी के किनारे धयान साधाना में सत्य की खोज के लिए बैठ कर ध्यान साधना करने लगे। फिर वह वहां से बोधगया के लिए निकल गए। वहां उन्होंने एक पीपल के वृक्ष के नीचे ध्यान साधाा कर बुद्व तत्व को प्राप्त किया। उस समय से उस पीपल के वृक्ष को बोधि वृक्ष के नाम से भी जाना जाता है। ज्ञान प्राप्त होने के बाद उन्होंने इस ज्ञान को देश के लोगों को बताया। जिस समय बुद्व को ज्ञान के प्राप्ति हुई थी उसे समय उनकी आयु 35 वर्ष की थी। प्रशिक्षक ने बच्चों को ध्यान साधना की भी बारीकियां को समझाया। इस दौरान विद्यालय की सहायक अध्यापिका पवन लता, सरोज, चंचल रानी, पूजा, सावित्री देवी व कार्यक्रम संचालिका डा. ममता राजपूत कार्यशाला में मौजूद रहीं।



बबराला। महिला चिकित्सालय में पहली सुरक्षित डिलीवरी पर खुशी जताते।

# बबराला अस्पताल में हुई पहली सुरक्षित डिलीवरी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर बबराला के महिला अस्पताल में डिलीवरी प्वाइंट बनने के बाद पहली डिलीवरी हुई। स्टाफ नर्स द्वारा महिला की सकुशल डिलीवरी कराई गई। अब नगर व आसपास क्षेत्र के लोगों को डिलीवरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। गुन्नौर अस्पताल के डा. राजकिशोर सिंह ने बताया कि बबराला महिला चिकित्सालय में डिलीवरी प्वाइंट बनाया गया है। यहां पर डिलीवरी हुआ करेगी। आज पहली डिलीवरी स्टाफ नर्स कुसुमलता व संयोगिता के द्वारा की गई। पहली डिलीवरी गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव घुघइया निवासी सुशीला पत्नी जयवीर की हुई। जिसमें बेटी का जन्म हुआ। परिजनों को स्टाफ ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्टाफ नर्स कुसुमलता व संयोगिता, आशीष गुप्ता लक्ष्मीकांत शर्मा, मानवेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महिला ने फांसी पर लटक कर दी जान बच्चों का रो-रो कर हुआ बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सिविल लाइंस के मोरा मुस्तकीम में भिकनपुर के रहने वाले एक युवक की पत्नी ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। बच्चे स्कूल से लौटे तो उन्होंने फंदे पर शव लटका देखा। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

कांठ तहसील के ब्लॉक छजलैट के भीकनपुर निवासी संदीप ने 2008 में उत्तराखंड के टिहरी निवासी सरिता देवी से शादी की थी। दंपती के दो बेटे और एक बेटी है। संदीप ने सिविल लाइंस के मोरा सुस्तकम में अपना मकान बनवाया है। वह दिल्ली रोड स्थित फैक्टरी में नौकरी करते हैं। पुलिस के मुताबिक संदीप के फैक्टरी जाने के बाद उनके बेटे और बेटी स्कूल चले गए थे।बच्चे घर आए तो उन्होंने देखा कि दुपट्टे के सहारे सरिता का शव पंखे से लटका था। सूचना पर संदीप भी घर आ गए।इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम बुला ली। टीम ने जांच पड़ताल की। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने किसी भी विवाद से इन्कार किया है।

## पीड़ित को न्याय और क्षेत्र में शांति व्यवस्था रहेगी प्राथमिकता: संदीप राज सिंह

**चन्दौसी।** थाना कुढफतेहगढ़ में नवागंतुक थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप राज सिंह ने गुरुवार को थाना कुढफतेहगढ़ का चार्ज संभाला है। गुरुवार को



मीडियाकर्मियों से हुई बातचीत में नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप राज सिंह ने बताया कि थाने में आने वाले पीडिघ्त को बिना देरी किये तत्काल न्याय दिलाना तथा थाना क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण एवं अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर शांति व्यवस्था स्थापित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। पीडिघ्त व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर किसी भी समय थाने में आकर बेहिचक अपनी शिकायत दे सकते हैं अथवा आपातकालीन स्थिति में फोन द्वारा थाने के सीयूजी नंबर 9454404046 तथा डायल 112 पर भी सूचना दे सकते हैं, पुलिस तत्काल पहुँच कर सहायता करेगी।

# भाजपा नेता के बिगड़े बोल से नाराज कांग्रेसियों ने तहसील में जमकर किया विरोध-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** ऑपरेशन सिंदूर को सफल करने वाली सोफिया कुरैशी के खिलाफ भाजपा नेता के बिगड़े बोल को लेकर कांग्रेसीओ ने नाराजगी व्यक्त की और जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर एवं फिरोज अनवर के नेतृत्व में कांठ तहसील में प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने मध्य प्रदेश के भाजपा नेता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई उन्होंने कहा कि हमारे देश की दो जांबाज महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने के लिए जान की बाजी लगा दी और देश का नाम रोशन किया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के मध्य प्रदेश के नेता ने जो उनके बारे में अप शब्द कहे हैं वह बर्दाश्त के काबिल नहीं है उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बेटियों को सम्मान देने की बात करती है और दूसरी और इस पार्टी के नेता बेटियों का अपमान करने में लगे हुए हैं। जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी उन्होंने बताया कि आज जनपद के तहसील मुख्यालयो एवं आठो ब्लॉक मुख्यालय पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपी भाजपा नेता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर मुरादाबाद से जिला अध्यक्ष विनोद गुंबर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजहरुद्दीन अजय गौपाल, पूर्व विधायक प्रत्याशी राजेश पाल, एडवोकेट रस्तोगी, नूर सबा, सुशीला कश्यप, फुरकान चौधरी, फिरोज अनवर डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी आदि काफी लोग मौजूद रहे।




## एक नजर

### पॉपकार्न मेकिंग मशीन की ऑनलाइन तिथि 20 मई तक बढ़ी

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्ष 2025-26 में जनपद मुरादाबाद में 10 पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण किये जाने का मुख्यालय से लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण हेतु भुर्जी समाज के परम्परागत कारीगरो एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियो को चयन उपरान्त पॉपकार्न मेकिंग मशीन निःशुल्क वित. रित की जायेगी। लाभार्थियो के पंजीकरण की प्रकिया ऑनलाइन कर दी गयी है। इसे बोर्ड के वेबसाइट पर की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ''ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आबंटन'' के नाम से अपलोड किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 20.05.2025 है। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन निर्धारित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा तद्पश्चात् मुख्यालय स्तर से मशीनों की आपूर्ति प्राप्त होने पर चयनित लाभार्थियों को निःशुल्क मशीन उपलब्ध करायी जाएगी।

### यप सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस केक काटकर मनाया

**मुरादाबाद।** यप परिवार की ओर से अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस जो कि 15 मई को मनाया जाता है।इस अवसर पर यप परिवार की सदस्यों एकत्रित हुए बच्चों की स्कूल की छुट्टी के बाद पीली कोठी स्थित रेस्टोरेंट में सभी ने गले लगकर परिवार के सदस्यों को बधाई दी।यप अध्यक्षा नेहा ने कहा ज्वाइंट फैमिली अब बहुत कम ही देखने को मिलती है जहां पूजा त्योहार का अलग ही आनंद होता है नए युग फ्लैट में रहने वाली न्यूक्लियर फैमिली का ही दौर है।तत्पश्चात सभी में केक काटकर कर एक दूसरे को बधाई दी।आयोजन के दौरान नेहा मेहरोत्रा,रीना सैनी,शालिनी गुप्ता,संजना भटनागर,पूनम,वंशी भटनागर, मानसी टंडन आदि मौजूद रहे।



### संयुक्त व्यापार मंडल ने पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी द्वारा एस एस पी सतपाल अंतिल को उनके कार्यालय पर एवं पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह पुलिस उपाधीक्षक सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता एवं प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस मनीष सक्सेना को एवं उनकी पूरी टीम को मुरादाबाद के प्रसिद्ध व्यापारी दारा इंडस्ट्रीज के मालिक की माताजी के कातिल को पकड़ने पर व्यापारी समाज एवं संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारीयो द्वारा आभार और सम्मान प्रदान किया गया वरिष्ठ अधिकारियो को बुके एवं इस्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता,गौरव गुप्ता,आदेश गुप्ता,राजेंद्र प्रजा. पति,मनीष बैरी,शिवम गुप्ता,मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम के 43 विद्यार्थियों को मिली जॉब

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एमबीए के 01 विद्यार्थी का नई दिल्ली स्थित कम्पनी ''जीएमजीआर इंडिया प्रा0 लि0''; बीएड के 03, एमए के 02 विद्यार्थियों का असमोली, सम्भल स्थित ''एएलपीएस इंटरनेशनल स्कूल'' एवं डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 20, डिप्लोमा, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 03, डिप्लोमा, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 06, बी.टैक, इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 01, बी.टैक, मैकेनिकल इंजी. नियरिंग के 03 तथा बी.टैक, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 04 विद्यार्थियों का आईएमटी मानेसर, गुरूग्राम स्थित कम्पनी 'सन वैक्यूम फॉरमर्स प्रा0 लि0'' में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्व. विद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें और ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। प्रो. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यार्थी अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के एचआर मैनेजर मिस रूबी अग्रवाल, श्री रविन्द्र कुमार यादव एवं श्री विनायक दुबे के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक के निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निद. ेशक डॉ. मनोज कुमार एवं स्कूल ऑफ एजुकेकेशन एण्ड ह्यूमैनिटीज ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी आशीष अग्रवाल तथा यूनिवर्सिटी पॉलीटैक्निक, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमैंट, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी एवं स्कूल ऑफ एजुकेकेशन एण्ड ह्यूमैनिटीज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक श्री अंकित अग्रवाल, अरविन्द चौधरी, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. अंकुश सक्सेना, डॉ. इला अरोरा, डॉ. मोहित मिश्रा, डॉ. परीना बंसल, सुश्री रश्मि पाण्डेय, अंकित अग्रवाल, अरविन्द चौधरी, मौ0 जावेद, संजीव कुमार सिंह, मुनेन्द्र कुमार, अमर शर्मा एवं श्री नदीम अहमद का योगदान रहा।

# भारत शौर्य तिरंगा यात्रा की तैयारियों लेकर बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश एवं भारतीय सैनिकों द्वारा दिखाए गए बहादुरी एवं पराक्रम के सम्मान में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध एक बैठक का आयोजन महानगर कार्यालय पर किया गया।बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला एवं संचालन विशाल त्यागी ने किया।महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद हमारे देश की सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है।हमारे सैनिकों,जवानों ने जिस तरह से पाकिस्तान की बेशर्मी एवं उसके आतंकवाद के विरोध में पाकिस्तान के घर में घुस कर जो उसे मारा है हम सभी भारतीयों के लिए यह गर्व का विषय है हम भारतीय सैनिकों जवानों के द्वारा दिखाए गए पराक्रम एवं शौर्य एवं देश की सीमाओं पर डटे सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन कर रहे हैं जिससे हमारे देश के वीर जवानों सैनिक का उत्साहवर्धन होगा तिरंगा यात्रा के द्वारा हम सभी भारतीयों सैनिकों का स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे।बैठक में महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला महामंत्री नत्थू राम कश्यप, कमल गुलाटी, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, विशाल त्यागी, अभिषेक चौबे, धर्मेश सैनी,सुरेंद बिश्नोई, राजेश रस्तोगी, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, राहुल शर्मा, नवदीप टंडन, हेमराज सैनी, दिनेश सिसोदिया, शम्मी भटनागर, सर्वेश पटेल,गेत्रपाल सिंह, शशी किरण, विजय लक्ष्मी, पंडित पूनम सैनी, शीतल चौहान, दीक्षांत चौधरी, किशन सिंह जाटव, संजीव चौहान, अश्विनी शर्मा, प्रदीप सक्सैना, मिथुन शर्मा, सोमपाल प्रजा. पति कपिल गुप्ता विशाल रस्तौगी सूर्य मोहन शमशेरी मुंशीराम कश्यप अमित शर्मा संजीव चौधरी बाल्मीकि रविन्द्र गौतम सिद्धांत भारती योगेश अरोरा योगेंद्र रस्तौगी राजेश गुप्ता कपिल देव नीरज कुमार हरिओम सैनी सौरभ सक्सैना आदि शामिल रहे।




# रजिस्टर करो ने टिमिट के विद्यार्थियों का किया चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में फाईनल ईयर के विद्यार्थियों के लिये देश की प्रतिष्ठित कम्पनीरजिस्टर करो (सेफ लेजर प्राइवेट लिमिटेड)ने रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया। कम्पनी की ओर से सीनियर एचआर मैनेजर व टीम ने कम्पनी व जॉब के बारें में सम्पूर्ण जानकारी वर्चुअल प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों की जॉब सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। सभी विद्यार्थियों के ग्रुप डिस्कशन व पर्सनल इन्टरव्यू लिये गये। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओं के बाद टिमिट के एमबीए कीअतीषा जैन और हर्ष जैन व बीबीए की खुशी को अंतिम रूप से चयनित कर ज्वाइनिंग प्रदान की गायी। छात्रोंने इस उपलब्धि का श्रेय टिमिट के सवोत्तम स्लेबस, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सवोत्तम फैकल्टीज के साथ प्लेसमेंट सेल की उत्तम क्रिया प्रणाली को प्रदान किया और कहा कि टिमिट से शिक्षाग्रहण करने के साथ उनके सपनों की मजिल मिल गई है इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों की सफलता हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। टिमिट में हम छात्रों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार कौशल भी प्रदान करते हैं। एमबीए, बीबीए जैसे पाठ्यक्रमों में आपने जो मेहनत की है, उसका परिणाम आज आपके सफल करियर के रूप में सामने है। आपकी नौकरी लगने की खबर न केवल आपके लिए बल्कि पूरे टिमिट परिवार के लिए गर्व का विषय है। हम आशा करते हैं कि आप अपने नए करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और हमेशा आगे बढ़ते रहेंगे।

उन्होंने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा अपने छात्रों को उद्योग की मांगों के अनुसार प्रशिक्षित करने में अग्रणी रहा है।

उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कार्यस्थल पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अपने संस्थान का नाम रोशन करें।



अतीषा जैन हर्ष जैन खुशी

## कार्यालय ग्राम पंचायत नौशना शेखूपुर डींगरपुर वि0 खं0 कुंदरकी (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 15.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधीकृत फर्मो पंजीकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नौशना शेखूपुर डींगरपुर विकास खण्ड कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्यो के साथ ही RRC मॉडल शॉप, SHG SHED अन्त्येष्टि स्थल, गौशाला में निमार्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.05.2025 से 23.05.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 11:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि दिनांक 23.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 0.1.00 बजे खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | 448 |
| 2 | बालू रेत, लोकल रेत | घन मी0 | 840 |
| 3 | बजरफुट | घन मी0 | 2153.35 |
| 4 | 20/40 एम.एम. बजरी | घन मी0 | 2090.55 |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईंट बालदार एम-275 | प्रति हजार | 6148,5088 |
| 6 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएमए सफेद/रंगीन। | प्रति नग (एक) | 22420 |
| 7 | दीवार टाईल्स,फर्श टाईल्स। | प्रति वर्ग मी0 | 708,601.70 |
| 8 | सरिया | प्रति कुंतल | 7540.20 |
| 9 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | 7552 |
| 10 | मिट्टी दूरी सहित। | प्रति घन मी0 | सरकारी दरों पर |
| 11 | वॉल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी0 | 30 Sqm |
| 12 | सेनेट्री सामग्री। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 13 | बिजली उपकरण। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 14 | आयरन एंग्लि। | प्रति किग्रा. | 7552 |
| 15 | फर्नीचर/बैंच | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 16 | सीसी बैंच | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 17 | डस्टबिन। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 18 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 19 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 20 | पेंट | प्रति लीटर | 259.60 |
| 21 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | 259.60 |
| 22 | शौचालय सीट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 23 | हैंडपम्प मरम्मत उपकरण। | नग/फिट | सरकारी दरों पर |
| 24 | आरसीसी पिलर। | नग/बैग | सरकारी दरों पर |
| 25 | बॉल पुट्टी | बैग | 15 Bag |
| 26 | पीवीसी पाइप | 100 मीटर | 141.60 |
| 27 | वाटर स्टोरेज टैंक। | प्रति नग 1000 ली. | सरकारी दरों पर |
| 28 | प्लाईबोर्ड। | प्रति फिट | सरकारी दरों पर |
| 29 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण। | प्रति नग/फिट | सरकारी दरों पर |
| 30 | लोहे के गेट। | प्रति कुंतल | 7552 |
| 31 | आयरन सीट। | प्रति किलो | सरकारी दरों पर |
| 32 | माईका सीट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 33 | ई.-रिक्शा। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |

**नियम व शर्ते:** स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार अपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि से नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत नौशना शेखूपुर डींगरपुर**
**विकास खण्ड कुंदरकी (मुरादाबाद)।**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत नौशना शेखूपुर डींगरपुर**
**विकास खण्ड कुंदरकी (मुरादाबाद)।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बुधनगर विकास खंड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2024-25 दिनांक: 15.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत बुधनगर में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 23.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम बुधनगर में विजयपाल के घर से विनोद के घर तक सीसी टाईल्स रोड व नाली निर्माण। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी सीसी रोड आदि। | 233110/- | 4662/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | ग्राम बुधनगर में सुन्दर के घर रामकिशोर के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी सीसी टाईल्स आदि। | 251570/- | 5031/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-बुधनगर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रामूवाला गनेश विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक 01/ग्रा.पं. रामूवाला गनेश /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 **दिनांक:** 15.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामूवाला गनेश वि०ख० ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यो की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 16.05.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 23.05.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 23.05.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।
1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रामूवाला गनेश**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत फरीदनगर विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक 01/ग्रा.पं. फरीदनगर /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 **दिनांक:** 15.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फरीदनगर वि०ख० ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यो की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 16.05.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 23.05.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 23.05.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।
1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत फरीदनगर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नन्हूंवाला विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक 01/ग्रा.पं. नन्हूंवाला /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 **दिनांक:** 15.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नन्हूंवाला वि०ख० ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यो की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 16.05.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 23.05.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 23.05.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।
1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत नन्हूंवाला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत प्रतापपुर विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।

पत्रांक 01/ग्रा.पं. प्रतापपुर /राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 **दिनांक:** 15.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत प्रतापपुर वि०ख० ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यो की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 16.05.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 23.05.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 23.05.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।
1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत प्रतापपुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# दो पक्षों की मारपीट के बाद एक घायल की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** तीन दिन पूर्व सब्जी खरीदने के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली गांव दुल्लापुर पट्टी चौहान मैं 12 अप्रैल को लगे सब्जी के बाजार मैं सब्जी खरीदने के दौरान मोहम्मद अयाज उर्फ नन्हे पुत्र इब्राहिम कि गांव के नदीम, यासीन ,फहीम पुत्रगण नन्हे से किसी बात को लेकर कहां सुनी हो गई थी। अयाज उर्फ नन्हे अपने घर पर पर्सन की दुकान करता है वह दुकान पर आकर बैठ गया। 12 अप्रैल की शाम 7.30 बजे गांव का नदीम यासीन फहीम पुत्र गंज नन्हे शहजाद आयूकपुत्र कारण शकीरा. अंजार में गुलफाम पुत्रगण साबिर मोहम्मद नसीम पुत्र स्वर्गीय वूला हाथ में छुरिया ,लाठी, ब सरिया लेकर दुकान पर पहुंच कर अयाज उर्फ नन्हे मारने पीटने लगे उसके शोर मचाने पर अयाज का बड़ा भाई वकार अहमद छोटा भाईसलीम हयात व भतीजा सलीम हयात दुक. ानदार अयाश को बचाने लगे आरो. पियों ने बुरी तरह मारपीट कर चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबी की सूचना पर मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी छुरी ब सरिया लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए सूचना परबड़ा भाई इंतखाबआलम मौके पर पहुंचे तो देखा कि तीन भाई एक भतीजा गंभीर हालत मेंसड़क पर पड़े हैं। चारो घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्तीकराया। चिकित्सकों नेइम्तियाज आलम की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पहले वह मुरादाबाद ले गए हालत नाजुक देखते हुए उन्होंने उपचार के लिए देहरादून भर्ती कराया। जिसकी गुरुवार की सवेरे उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहरा मच गया। की पुलिस ने घटना के बादगांव के नदीम, यासीन, फहीम,शहजाद ,अयूब, अंजार, गुलफाम, मोहम्मद नसीम साहित आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल ने बताया कि इम्तियाज आलम की मौत की सूचना मिलने पर दुल्लापुर पट्टी चौहान में दो गिटारों में फिर से विवाद होने की आशंका के चलते अतिरिक्त पुलिस वल तैनात कर दिया है। जबकि इस मामले में मुकदमा पहले ही आठ लोगों के खिलाफ विभिन्नधाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है स ने बताया कि इम्तियाज आलम की उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित एम्स हॉस्पिटल में गुरुवार की तड़के उपचार के दौरान मौतहो गई है। परिजनों द्वारा तहरीर देने पर उसमें हत्या की धाराएं दर्ज कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# एसए इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल पर रोजगार मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के प्रसिद्ध एस0ए0 इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले के मुख्य अतिथि डॉ. वीर सिंह सैनी ने चयनित छात्रों का हौसला अफजाई किया। नगर के प्रसिद्ध एस० ए० इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल सोसायटी पर बृहस्पतिवार को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मुरादाबाद एवं एस० ए० इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल सोसायटी ठाकुरद्वारा के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पति डॉ० वीर सिंह सैनी विशिष्ट अतिथि जिला रोजगार सहायता अधिकारी रहे एवं रोजगार मेला प्रभारी मुरादाबाद शामिल रहे। इसमें 6 कम्पनियो ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में 265 छात्र/छात्राओ ने इन्टरव्यू दिया। जिसमें 142 छात्र/छात्राओ का शलेक्शन हुआ। डायरेक्टर सईद अहमद ने छात्रध्छात्राओ को प्राईवेट नौकरी करने को प्रेरित किया। रोजगार मेले में विग ट्री प्राईवेट लिमिटेड, डिक्शन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, पुखराज हैल्थ केयर, मारुति सुजुकी प्राईवेट लिमिटेड, पेंडिंग टूल्स प्राइवेट लिमिटेड, बी०के० फूड प्राईवेट लिमिटेड ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख पति डॉ० वीर सिंह सैनी ने छात्रो का मार्गदशन किया। सभी छात्रों को ओ लेवल की गुणवत्ता बताई एवं बताया कि ओ लेवल से सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं प्राईवेट नौकरी में अपार संभावनाएं हैं और बताया कि ओ लेवल क्वालीफाइड छात्रों को सरकार रोजगार दिलाने का भी भरपूर प्रयास कर रही है एवं संस्था के प्रबन्धक यूसुफ अली ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में हरि सिंह, परवेश अंसारी, मौ० इमरान, आसिफ हुसैन रोहित कुमार शर्मा, नसीम, आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### भाजपाईयो ने नगर में निकाली तिरंगा शोभा यात्रा

**कांठ।** पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू एवं मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान के नेतृत्व में आज नगर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया यात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्व. री के प्रतिष्ठान से किया गया। वहां से यात्रा गांधी आश्रम एवं मेंन बाजार होती




हुई निर्धारित मार्गो से अपने गंतव्य पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों के साथ भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में भी नारे लगाए और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। शोभायात्रा में पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह भाजपा जिला महामंत्री राजन बिश्नोई मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान सत्यवान सिंह मधु चौहान हुकम सिंह जीतू वर्मा मोनू बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

### ग्राम विकास बैंक में वेतन अब ऋण वसूली पर रहेगा निर्भर

**कांठ।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के कर्मचारियों के वेतन को अब ऋण वसूली के आधार से जोड़े जाने के निर्णय पर विवाद गहरा गया है। बैंक की प्रबंध समिति की 13 मई 2025 को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कर्मचारियों को न्यूनतम 50 प्रतिशत वेतन दिया जाएगा और बाकी वेतन उनके ऋण वसूली लक्ष्य की प्राप्ति पर निर्भर करेगा। इस व्यवस्था के अनुसार यदि कोई कर्मचारी वसूली लक्ष्य का 50 प्रतिशत हासिल करता है तो उसे 60 प्रतिशत वेतन, 60 प्रतिशत पर 70 प्रतिशत वेतन और इसी अनुपात में वेतन दिया जाएगा। 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले कर्मचारी को वेतन के साथ 10 प्रतिशत बोनस भी दिया जाएगा। बैंक के कर्मचारियों ने इस निर्णय को कर्मचारी हितों के विरुद्ध बताते हुए तीव्र विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था कर्मचारियों को विवश करेगी कि वे वेतन पाने के लिए किसानों के विरुद्ध उत्पीड़न की कार्रवाई की जाए।

### दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के सात लोगों पर मुकदमा

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव तेवर खास की रहने वाली विवाहिता नगमा पत्नी नदीम में अपने ससुराल पक्ष के साथ लोगों पर दहेज के लिए प्रत्याड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमे के बाद जांच शुरू कर दी। नगमा पत्नी नदीम ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह लड़ाई के कारण अपने मायके में चली गई थी। उसके पति नदीम, देवर, देवरानी मायके से बहला फुसलाकर वापस ससुराल ले आए। 15 मई को 6:30 बजे वह अपने ससुराल में काम कर रही थी।तभी सास सन्नो ,देवर सलीम, अली, देवरानी नगीना आदि गाली गलौज करने लगे और मारपीट शुरू कर दी। जिससे उसके सिर में चोटें आई। नंद नगमा व नंदोई फरमान भी आए दिन मारपीट करते हैं। पति भी दहेज की मांग करते हैं। इस मामले को लेकर दी गई तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

### बच्चों के विवाद में चले धारदार हथियार

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकिया नरु में बच्चों के विवाद में धारदार हथियार चल गए। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांव के सलमान पुत्र अख्तर ने मुकदमा दर्ज कराया कि 14 मई को सुबह 6 बजे बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। बच्चों में आपसी विवाद हो गया। जिसकी शिकायत करने वह फारूक पुत्र अकबर के पास गए तो वह गाली गलौच करने लगा। तभी उसकी पत्नी भूरी के अलावा बेटे शाहरुख, फारुख, फुरकान आदि लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। जिससे उसके भाई रिजवान मलिक, भाभी इशरत जहां, अफजाल के गंभीर चोटे आई। पुलिस ने मेडिकल कराया ,गंभीर हालत होने पर रिजवान को मुरादाबाद के जिला अस्पताल पर रेफर किया गया बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### बंद पड़े वाटरकूलर व नलों को सही कराने की मांग उठाई

**चन्दौसी।** कृष्णा देवी समिति द्वारा बहजोई नगरपालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगर में बंद पड़े वाटरकूलरों व नलों को ठीक कराने की मांग की गयी। ज्ञापन में कहा गया कि यदि आठ दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय पहुंचकर शिकायत करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश चौधरी, अंशुल वार्ष्णेय, डा0 सौरभ गुप्ता, दिनेश शर्मा, इकबाल हुसैन, शंकरलाल शर्मा, अश्विनी स्वरुप, अखिलेश, विपिन कुमार, के.के. शर्मा आदि रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली

**बिलारी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क से 51 फीट लंबा तिरंगा लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में तिरंगा यात्रा निकाली। आतंकवाद की तोड़ी कमर, देखा हमने सिंदूर समर, हम सेना के साथ हैं" जैसे बुलंद नारों के साथ यात्रा मुरादाबाद हाईवे, शाहबाद रोड, मंदिर, पोड़ा खेड़ा होते हुए नगर के मुख्य बाजारों से गुजरकर मुख्य मार्ग पर आई। यात्रा का समापन अंबेडकर पार्क पर ही हुआ। यात्रा में एसडीम विनय कुमार सिंह भी जोशोखरोश के साथ शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, हरिओम शर्मा, ऋषिपाल सिंह, परमेश्वर लाल सैनी, सुरेश सैनी, ब्लॉक प्रमुख रूप देवी के प्रतिनिधि राजपाल सिंह, गन्ना समिति के सभापति विजयपाल सिंह, डीसीबी डायरेक्टर सत्यवीर सिंह, सनाई समिति अध्यक्ष अभिनव चौधरी, मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, पारस शर्मा, प्रशांत चौधरी, पवन शर्मा, इमरान पाशा, मौलाना एम.आर. हसन रब्बानी खलीली, डॉ. राजीव सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, सिद्धार्थ शेखर, रोहन सामाजिक, हरिओम सैनी, पंकज चौहान, मोहनलाल शास्त्री, कौशल ठाकुर, मंगल सेन सैनी ( नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि), अजय एड., धीरेंद्र चौहान, किशन लाल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### सट्टेबाजी करते एक पकड़ा, केस दर्ज

**भोजपुर।** कस्बा चौकी इंचार्ज ब्रजपाल सिंह ने पीपलसाना रेलवे स्टेशन रोड पर ईदगाह के पीछे खाईबाड़ी कर रहे मोहल्ला खद्दर बाजार निवासी इरशाद पुत्र छोटे को सट्टे का नंबर लिखीं पर्चियों समेत रंगें हाथों हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। आरोपी की जेब से पुलिस ने पचास,बीस और दस रुपए के नोट भी बरामद कर सील कर दिए। पुलिस कार्रवाई से सट्टेबाजी में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# मुलायम सिंह यादव स्मृति उपवन का देवरी दिनौरा में हुआ भूमि पूजन में पहुंचे प्रोफेसर रामगोपाल, धर्मेंद्र यादव और आदित्य यादव

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम दिनौरा में श्रद्धा मुलायम सिंह यादव की स्मृति में बन रहे उपवन का भूमि पूजन कार्यक्रम गुरुवार को हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय प्रमुख एवं राज्यसभा सांसद प्रो रामगोपाल यादव, आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव, बदायूं सांसद आदित्य यादव ने हवन पूजा में बैठकर यज्ञ में आहुतियां दीं। इसके बाद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने भूमि पूजन हेतु ईंट रखी। इस दौरान मंच से बोलते हुए सपा राष्ट्रीय प्रमुख प्रो रामगा. पाल यादव ने कहा कि दिनौरा गांव में बड़े भाई श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी की उपवन में ऐसी प्रतिमा बनाना जो दूर से ही आदमी पहचान ले कि यह श्रद्धेय मुलायम सिंह की प्रतिमा है। नेताजी मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि जो सम्मान नेता जी ने सेना को दिया वो हिन्दुस्तान के किसी रक्षामंत्री ने नहीं दिया। सैनिकों का विधिवत राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने का कार्य किया था। पहले जबकि ऐसा नहीं होता था। बोले कि नेताजी को भारत रत्न भी दिया जाना चाहिए था। युद्ध में विजय का श्रेय सिर्फ सेना को दिया जाना चाहिए, सेना के श्रेय को खुद लेना सेना का अपमान है। सांसद



धर्मेंद्र यादव ने कहा कि जिस दिन यह उपवन बनकर तैयार होगा, उस दिन इस उपवन का उद्घाटन करने के लिए हम सबके नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हम सब के बीच होंगे। नेताजी के लिए किसान, नौजवान, बुनकर, व्यापारी, पिछड़े, दलित, मुसलमान, मजदूरों वर्ग के अलावा कोई वर्ग ओर व्यक्ति ऐसा नहीं है, जो नेता जी द्वारा किए गए कामों से अछूता रह गया। बदायूं सांसद आदित्य यादव ने कहा नेताजी किसानों के दिलों में बसते थे , यही वजह है बिलारी के किसान ने नेताजी के लिए अपनी जमीन दी है। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने मेरे पिता के हाजी मो इरफान के दुनिया से जाने के बाद कहा कि तुझमें हाजी मोहम्मद इरफान साहब जिंदा रहेंगे, तेरा नाम आज से मोहम्मद फहीम इरफान के नाम से जाना जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक रामखिलाड़ी यादव, विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर, विधायक नासिर कुरैशी, विधायक पिंकी यादव, पूर्व विधायक हाजी रिजवान, जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, जिलाध्यक्ष सम्भल असगर अली अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष इश्तियाक सैफी, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग शाकिर सलमानी, अफरोज मसूदी, प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ बिग्रेड सौरभ यादव, लोहिया वाहिनी प्रदेश सचिव रेहान पाशा, शिशुपाल यादव, मुजीब प्रधान, सद्दाम सैफी, एपी यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राहुल यादव , पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेन्द्र यादव, जिला पंचायत सदस्य विजय यादव , हाजी जुबेर अंसारी , सुरेन्द्र यादव, गौरव रावत, चिराग अग्रवाल, कय्यूम, अनबार अंसारी, वसीम मालिक समेत बड़ी संख्या में पीडीए परिवार के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजपाल सिंह यादव और संचालन विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने किया।

# कुंदरकी विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ मजार पर की चादरपोशी

**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांव अक्का डिलारी के चमरपुरादान गांव स्थित हजरत कल्लू शाह की मजार पर पारंपरिक उर्स मुबारक व कुल शरीफ का आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुआ, कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख डाक्टर नवदीप यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ साथ चाद. रपोशी करने के बाद कहा कि यह धार्मिक आयोजन वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है, जिसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होते हैं,लोगों ने मजार पर चादरपोशी कर दुआएं मांगी और अपनी मुरादें पेश की, कल्लू शाह मजार के गद्दी नसीन तौफीक मियां ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों और आने वाले जायरीनों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, उर्स मुबारक के मौके पर कव्वालियों और फातिहा के जरिए हजरत कल्लू शाह को खिराज-ए-अकीदत पेश किया गया,इस अवसर पर गांव के बुजुर्गों ने बताया कि यह मजार वर्षों से लोगों की आस्था का केंद्र रही है और यहां मांगी गई मुरादें पूरी होती हैं।

कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।



# नगलिया जट में पीएम श्री विद्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया उद्घाटन



**बिलारी।** नगलिया जट स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में कंप्यूटर लैब, दिव्यांग शौचालय, अटल टिंकरिंग लैब, करियर काउंसलिंग कक्ष का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे, सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा पहुंची। इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर की श्वेता पुठिया,राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अचल त्यागी आदि पहुंचे। जहां संयुक्त रूप से उन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम किया। इस बीच बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया, कहा कि नए युग में टेक्नोलॉजी व सोशल मीडिया का जमाना है। कंप्यूटर लैब के उद्घाटन के दौरान बताया कि यहां पर बच्चे सोशल मीडिया और इंटरनेट के जरिए बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर कालेज प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एसडीएच इंण्टर कालेज में समर कैंप को लेकर अभिभावकों के साथ बैठक

**ठाकरद्वारा।** शासनादेश पर नगर के सनातन धर्म हिन्दू इण्टर कालेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में अभिभावको की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शासन द्वारा जारी आद. शों की जानकारी दी। बृहस्पतिवार को नगर के सनातन धर्म हिन्दू कालेज में अभिभावको के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनुज कुमार गुप्ता ने शासनादेश पर 21 मई से 10 जून के मध्य आयोजित होने वाले समर कैंप की जानकारी दी। गणित एव विज्ञान जैसे विषयों की गहन समझ विकसित करने के हेतू खान एकेंडमी की शैक्षिक उपयोगिता की जानकारी दी। कक्षा 9 और 11 में सत्र प्रतिशन नामाकंन , किशोर अवस्था कार्यक्रम की जानकारी दी।

बालिकाओं का आत्म रक्षण प्रशिक्षण , कैरियर गाइडेंस , बालिका छात्रावास योजना , व्यवसायिक शिक्षा कार्यक्रम, दिव्यांग विद्यार्थियों हेतू आई0ई0डी0एस0एस0 कार्यक्रम की



आदि की जानकारी दी गई। इस मौके पर नरेश कुंमार प्रवक्ता,शहनवाज खान, सुरेश कुमार, राजवती देवी, राजू सक्सैना, धीरज कुमार कश्यप, यजुर्वेदानंद फईम अहमद, मास्टर अकरम आदि मौजूद रहे।

# गर्भवती महिला पति के भांजे से निकाह करने उसके घर पहुंची, ग्रामीण मनाने में जुटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** मामा की कमजोरी का फायदा उठाकर भांजे ने मामी को प्रेमजाल में फंसा लिया। निकाह करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना लिए। महिला गर्भवती हुई तो पोल खुल गई। गुरुवार की दोपहर को गर्भवती महिला अपने भाई को साथ लेकर भोजपुर के गांव निवासी प्रेमी भांजे के घर पहुंचकर निकाह करने की जिद पर अड़ गई। महिला की बात सुनकर ग्रामीण दांतों तले उंगलियां दबाने लगे। गर्भवती महिला का कहना है कि उसका विवाह थाना डिलारी के गांव में हुआ था। पति शारीरिक रूप से कमजोर है। इस कारण वह अपने पिता के घर से ससुराल नही जा रही थी। पति के साथ भांजा आया और बहला फुसलाकर ससुराल ले गया। भांजे ने निकाह का झांसा देकर गर्भवती कर दिया। अब निकाह करने से टालमटोल कर रहा है। ग्रामीण और रिश्तेदार महिला को घर जाने की मिन्नतें करते रहे हैं पर महिला निकाह की जिद् पर अड़ी हुई है। गर्भवती के अपनी बात पर अडिग रहने पर शाम को एक दर्जन ग्रामीण प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक से मिले और घटना की जानकारी दी।

एसएचओ के निर्देश पर देर शाम को बीट प्रभारी कपिल कुमार महिला को थाने बुलाकर ले आए। महिला अभी भी भांजे से निकाह करने की जिद् पर अड़ी हुई है। प्रेमी भांजा और उसके परिजन निकाह करने से इंकार कर रहे हैं। घटना स्थल थाना डिलारी और थाना भगतपुर के गांव के हैं। इसलिए थाना प्रभारी निरीक्षक ने विवाद का समाधान करने के लिए महिला और युवक पक्ष को शुक्रवार को दस बजे थाने बुलाया है ताकि दोनों पक्ष किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकें। घ्मामी भांजे का प्रेम प्रसंग क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# इंसानियत सेवा ट्रस्ट ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इंसानियत सेवा ट्रस्ट ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से



प्रधानमंत्री को भेजा है। प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि आतंकियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पालम ग्राम में धर्म पूछ कर निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार दिए जाने वाली घटना के बदले ऑपरेशन सिंदूर में हमारे देश के सैनिकों ने दुश्मनों को उनके घर में घुसकर मारा जिसकी सराहना सारा देश वे दुनिया कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व रही देश की बेटी करनाल सोफिया कुरैशी और बिग कॉमरेड ने अपनी जान की परवाह न करते हुए राष्ट्रीय हित में ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाया। परंतु मध्य प्रदेश राज्य के मंत्री विजय शाह करनाल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बात कर देश की एकता अखंडता व को समाप्त करना चाहते हैं इंसानियत सेवा समिति मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के बयान की घोर निंदा करती है। विजय शाह मंत्री पद से इस्तीफा दें और ऐसे लोगों पर जीवन भर चुनाव न लड़ने की बाध्यता जारी की जाए। ज्ञापन देने वालों में त्रिलोक चंद एडवोकेट अब्दुल रऊफ एडवोकेट सौरभ मदन चौधरी दीक्षांत देओल सलमान खान अरविंद कुमार शर्मा चौधरी अनूपेंद्र सिंह आदि के हस्ताक्षर थे

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग एवं पे एंड यूज़ शौचालय के कार्य हेतु ई–बोलियाँ दिनांक 02.06.2025 को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनों पर www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/c
उ0रे0, मुरादाबाद
1435/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 39-DRM-MB-25-26 Date 13.05.2025 |
| कार्य का नाम | Repair to LHS to prevent seepage with use of CC grout, PU grout, repair to approach road, sumpwell, drainage system, height gauge and other related misc work at various LHS in ON-BLM, BLM-SPC and RAC-SPC section under jurisdiction of ADEN/II/HRI. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 06.06.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,64,56,189.13 |
| धरोहर राशि | 2,32,300.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 23.05.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 13.05.2025 1434/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
(मुरादाबाद/ चन्दौसी/ अमरोहा/ बिजनौर)
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स(भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या- 4, भाग-2, मुरादाबाद। E-mail : emombd@upavp.com
पत्र सं.-मीमो /सं.प्र.-मुरादाबाद/ दिनांक: 15.05.2025
सर्वसाधारण को सूचना
परिषद की सिविल लाइंस योजना, मुरादाबाद में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 144 प्रदेशन पत्रांक 16812 दिनांक 15.03.1975 द्वारा श्री रामप्रकाश बबेजा पुत्र स्व० श्री श्याम दास के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने इस कार्यालय से किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी द्वारा भवन का विक्रय विलेख इस कार्यालय से दिनांक 06.09.1996 को निष्पादित कराकर सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 17.09.1996 को पंजीकृत करा लिया गया। आवंटी की मृत्योपरान्त उनके वारिसान श्रीमती कृष्णावन्ती पत्नी स्व0 रामप्रकाश बबेजा, श्री रमेश कुमार बबेजा पुत्र स्व0 रामप्रकाश बबेजा, श्रीमती वीना गुम्बर पत्नी श्री विनोद गुम्बर व डा० सुरेश कुमार बबेजा पुत्र स्व0 रामप्रकाश बबेजा एवं बहैसियत मुख्तारेआम श्रीमती सुषमा मग्गू पत्नी श्री रामकुमार मग्गू पुत्री स्व० रामप्रकाश बबेजा द्वारा संयुक्त रूप से उक्त भवन श्री सन्तोष सिंह पुत्र सरदार मालिक सिंह, श्रीमती जगजीत कौर पत्नी श्री सन्तोष सिंह, श्री प्रवीन धमीजा पुत्र श्री मदन लाल धमीजा व श्रीमती निकिता धमीजा पत्नी श्री आशीष धमीजा के पक्ष में दिनांक 12.01.2010 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। श्रीमती जगजीत कौर पत्नी श्री सन्तोष सिंह द्वारा श्री हरचरन सिंह, श्री स्वर्ण सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री सन्तोष सिंह के पक्ष में वसीयतनामा उप निबन्धक (प्रथम) कार्यालय. मुरादाबाद में दिनांक 02.04.2019 को पंजीकृत करा लिया गया। श्रीमती जगजीत कौर की मृत्यु दिनांक 06.11.2019 को गयी। अब क्रेतागण श्री सन्तोष सिंह पुत्र सरदार मालिक सिंह, श्री प्रवीन धमीजा पुत्र श्री मदन लाल धमीजा व श्रीमती नि. कता धमीजा पत्नी श्री आशीष धमीजा एवं वसीयत के आधार पर श्री हरचरन सिंह, श्री स्वर्ण सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्रगण श्री सन्तोष सिंह ने अपने संयुक्त प्रार्थना पत्र दिनांक शून्य द्वारा मध्यम आय वर्ग भवन संख्या 144, सिविल लाइंस योजना, मुरादाबाद को विक्रय उपरान्त एवं वसीयत के आधार पर संयुक्त रूप से अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2. मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।
आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक

# WTC-2025 के विजेता पर होगी पैसों की बारिश

● आईसीसी ने इनामी राशि दोगुना की, चैंपियनशिप की विजेता टीम को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

**दुबई, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 संस्करण की विजेता टीम को 36 लाख तथा उपविजेता को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे।

आईसीसी ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 के लिए कुल पुरस्कार राशि को बढ़कर 57.6 लाख डॉलर कर दिया है। जो कि पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 36 लाख अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि हमने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र को बहुत ही रोमांचक रहा और फाइनल में खेलने वाली टीमों का फैसला प्रतियोगिता के आखिरी में ही हुआ। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मैच दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित प्रारूप में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा। श्री शाह ने कहा कि आईसीसी की ओर से मैं दोनों टीमों के खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित मैच की तैयारियों के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हैं, यह हमारे लिए आईसीसी खिताब जीतने का एक अच्छा अवसर है। हम सभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। हमने फाइनल तक पहुंचने के लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है और यह हम सभी के लिए एक बड़ा सम्मान है।

# त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हारी



■ जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से अपने नाम किया

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल के दूसरे राउंड में जापान की रूई हीरो. कामि और सायाका होबारा से हारकर थाईलैंड ओपन 2025 से बाहर हो गईं। यहां निमिबुत्र स्टेडियम में 53 मिनट तक चले मुकाबले में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जपानी जोड़ी से मिली हार के इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई क्योंकि सभी पांच भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अपने-अपने मुकाबले हार गए। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री की जोड़ी ने पहले गेम में कड़ी टक्कर दी, लेकिन 20-22 से हार गईं। इसके बाद जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से जीतकर मैच जीत लिया। अन्य मुकाबलों में महिला एकल में उन्नति हुड्डा भी बाहर हो गईं। उन्हें थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 6 पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 14-21, 11-11 से हार का सामना करना पड़ा। मालविका बंसोड़ को भी थाईलैंड की खिलाड़ी रत्चानोक इंतानोन से 12-21, 16-21 से हराया।

## विदेशी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से टीमों को नहीं पड़ेगा फर्क

● अस्थायी खिलाड़ियों को जोड़ने की दी मंजूरी, नियमों में किया गया बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद 17 मई से एक बार फिर आईपीएल का रोमांच शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सत्र के बाकी बचे मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया और फेंचाइजियों को उनके सभी खिलाड़ियों को एकत्र करने के निर्देश दिए। हालांकि, कुछ विदेशी खिलाड़ियों ने बाकी बचे सत्र के लिए अनुपलब्धता जाहिर की है। ऐसे में आईपीएल ने टीमों को राहत देने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने टीमों को आईपीएल के बाकी बचे मुकाबलों के लिए अपने साथ अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को जोड़ने की मंजूरी दी है। दरअसल, कुछ विदेशी खिलाड़ी आगामी मैचों के लिए अनुपलब्ध हैं। मूल कार्यक्रम के अनुसार आईपीएल का फाइनल 25 मई को होना था लेकिन अब यह तीन जून को होगा जिससे राष्ट्रीय टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों के लिए इसमें खेलना मुश्किल हो जाएगा। कुछ खिलाड़ी व्यक्तिगत कारणों से वापस नहीं आ रहे जबकि मौजूदा सत्र में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले जेमी ओवरटन जैसे खिलाड़ी विंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ब्रिटेन में ही रहेंगे। पीटीआई ने आईपीएल के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कहा कि हमें आईपीएल 2025 को अस्थाई रूप से निलंबित करना पड़ा जिसके परिणामस्वरूप इसे 25 मई 2025 की पूर्व निर्धारित तिथि के बाद पूरा करना पड़ रहा है इसलिए हमने वैकल्पिक खिलाड़ी से जुड़े प्रावधानों का पुनरू मूल्यांकन किया है। राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं या व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी के कारण कुछ विदेशी प्लेयरों की अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के समापन तक अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को चुनने की अनुमति दी जाएगी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## दासनायके को अमेरिका की टीम का कोच बनाया

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका और कनाडा के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पुबुदु दासनायके को अमेरिका की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दासनायके ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ का स्थान लेंगे। दासनायके को दूसरी बार अमेरिका की टीम का कोच बनाया गया है। इससे पहले 54 वर्षीय दासनायके 2016-2019 तक तीन साल तक अमेरिका की टीम के कोच रहे थे। इस दौरान दासनायके ने अमेरिका को एकदिवसीय क्रिकेट टीम का दर्जा दिलाने में महत्वूपर्ण भूमिका निभाई थी।दासनायके ने श्रीलंका के लिए 11 टेस्ट और 16 एकदिवसीय मैच खेले। अमेरिका की टीम का फिर से कोच बनाये जाने पर दासनायके ने कहा कि अमेरिका पुरुष राष्ट्रीय टीम में वापस आना और उसका नेतृत्व करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका क्रिकेट के लिए कुछ सार्थक करने के लिए खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की टीम भारत में अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है।

## दिल्ली ने फ्रेजर मक्गार्क की जगह मुस्तफिजुर रहमान रिप्लेस किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गार्क के कारणों से आईपीएल 2025 के शेष मैचों के लिए वापस आने से इंकार करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को छह करोड़ रूपये की अनुबंध राशि पर टीम में शामिल किया है।

आईपीएल के नियमों के अनुसार अगर किसी खिलाड़ी को बीमारी या चोट लग जाती है और यह टीम के 12वें मैच से पहले होता है तो टीम दूसरे खिलाड़ी को ले सकती है। लेकिन इस बार लीग के स्थागित होने के बाद इसे फिर से शुरु किये जाने को लेकर नियमों में बदलाव के तहत सीजन के शेष हिस्से के लिए फ्रैचाइजी को अस्थायी रूप से दूसरे खिलाड़ी को टीम में लेने की अनुमति दी गई है। आईपीएल ने फ्रैचाइजी को बताया कि कुछ विदेशी खिलाड़ियों की राष्ट्रीय जिम्मेदारियों, व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी की वजह से अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के आखिर तक अस्थायी रूप से खिलाड़ी लेने की अनुमति है। उन्होंने कहा जिस भी खिलाड़ी को अस्थायी अनु. बंधित किया जायेगा। फ्रैचाइजी उन्हें अगले सत्र के लिए रिटेन नहीं कर पायेगी। यह फैसला संभवतघ इसीलिए लिया गया है ताकि फ्रैचाइजी नीलामी प्रक्रिया को दरी. कनार करने के लिए जानबूझकर रिप्लेसमेंट न लें, बल्कि जरुरत के आधार पर ही ऐसा करें।

# शोएब मलिक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मेंटर का पद छोड़ा

**लाहौर, वार्ता।** शोएब मलिक ने अन्य जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेंटर पद से इस्तीफा दे दिया है। मेंटर पद से इस्तीफे को लेकर शोएब मलिक ने कहा कि यह आसान विकल्प नहीं था, लेकिन अपनी जिम्मेदारी पर विचार करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि कई अन्य जिम्मेदारियों को निभाने से मैं पाकिस्तान क्रिकेट और अपनी अन्य पेशेवर और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाऊंगा। उल्लेखनीय है कि मलिक ने दो सप्ताह पहले बोर्ड को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा था कि अब वह अगले सत्र में मेंटर नहीं होंगे। वह अपने शेष अनुबंध संबंधी दायित्वों को पूरा निर्वहन करेंगे। पीसीबी ने शोएब मलिक, मिस्बाह-उल-हक, सकलैन मुश्ताक, सरफराज अहमद और वकार यूनिस को मेंटर के रूप में 2027 तक तीन साल के अनुबंध पर नियुक्त किया गया था। मलिक का इस्तीफा सार्वजनिक होने के बाद मीडिया रिपोर्टों ने बताया कि पीसीबी ने सभी पांच मेंटरों को हटाने का फैसला किया है। हालांकि पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड को इस बारे में नहीं बताया है। साथ ही अन्य मेंटरों का कहना है कि उन्हें किसी भी बदलाव के बारे में सूचित नहीं किया गया है।

# मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित शर्मा

■ औसत और स्ट्राइक रेट में हुआ सुधार, रोहित ने पांच मैचों में फेल रहने के बाद की जबरदस्त वापसी

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 के दूसरे चरण की शुरुआत 17 मई से होने जा रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की वजह से इसे हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। हालांकि, दुनिया की इस सबसे बड़ी क्रिकेट लीग की वापसी को लेकर फैंस में उत्साह है।

अंक तालिका में फिलहाल गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष पर है। वहीं, आरसीबी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। एमआई की टीम ने लीग में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और अंक तालिका में फिलहाल चौथे स्थान पर हैं। इसका श्रेय टीम के ओपनर रोहित शर्मा को भी जाता है, जिन्होंने शुरुआती पांच मैचों में फेल रहने के बाद जबरदस्त वापसी की और पिछले पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े। पिछले साल यानी 2024 में मुंबई की कप्तानी से हटाए जाने के बाद से रोहित ने खूब रन बनाए हैं। आंकड़े गवाह हैं कि कप्तानी छोड़ने के बाद से उनके औसत और स्ट्राइक रेट में बढ़ोतरी हुई है। रोहित ने 2017 से लेकर 2023 तक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए 100 पारियों में 24.6 की औसत और 127.4 के स्ट्राइक रेट से 2337 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 13 बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए। वहीं, 94 छक्के लगाए। वहीं, साल 2024 से लेकर अब तक रोहित ने 25 पारियों में 31.17 की औसत और 150.9 के स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने पांच बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए हैं। साथ ही उन्होंने 40 छक्के भी लगाए हैं। यानी कप्तानी छोड़ने के बाद से उन पर से दबाव हटा है और वह खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस आईपीएल में मुंबई की टीम उन्हें बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल कर रही है और इसका फायदा उन्हें मिला है। वह मैदान पर फील्डिंग करते हुए थकते नहीं हैं और अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल बल्लेबाजी के दौरान करते हैं। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीत चुकी है। हालांकि, साल 2024 में मुंबई टीम मैनेजमेंट ने उन्हें हटाकर हार्दिक पांडया को कप्तानी सौंपी थी। पिछले साल मुंबई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। हालांकि, इस साल टीम अच्छा कर रही है। रोहित ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह पिछले साल टी20 अंतर्राष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं। लीग में वह सिर्फ आईपीएल में खेलते दिखते हैं। वहीं, भारत के लिए अब वह सिर्फ वनडे में खेलते दिखेंगे।

# हरियाणा ने अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीते




**राजगीर, वार्ता।** हरियाणा के एथलीटों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीन स्वर्ण पदक जीते।

यहां गुरुवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में हरियाणा के लड़कों ने सेबर टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि लड़कियों ने एपी और फॉइल स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रकार हरियाणा ने सात स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन रजत पदक जीते। चंडीगढ़, तमिलनाडु और राजस्थान ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर इस संस्करण की तलवारबाजी प्रतियोगिता में शीर्ष पांच टीमों में जगह बनाई। हरियाणा की लड़कियों की एपी टीम की कप्तान दीपांशी ने कहा कि हमारी टीम अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को जाता है। टीम स्पर्धा में यह मेरा लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है और मुझे अपनी लगातार जीत पर गर्व है। पुरुषों की कृपाण टीम के कप्तान उज्ज्वल ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया था और मैं टीम वर्क और दृढ़ संकल्प के माध्यम से स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए भाग्यशाली था। मैं अपने कोच कपिल, राजपाल यादव, नरेंद्र सिंह और सुरेश को धन्यवाद देना चाहता हूं।

## कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों ने बास्केटबॉल में जीते स्वर्ण पदक

**पटना, वार्ता।** कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों की टीमों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बास्केटबॉल मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। यहां पटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की लड़कियों की टीम ने हरियाणा पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा और हर क्षेत्र में श्रेष्ठत प्रदर्शन करते हुए मैच 46-25 से जीत लिया। कर्नाटक के लिए निधि उमेश ने 27, माहेक शर्मा ने 21, निधि श्रीनिवास ने 17 और श्रावणी शिवन्ना 10 का स्कोर किया। हरियाणा की ओर से काफी ने 22, भूमि कतारिया ने 22 और वैष्णवी ने 13 का स्कोर किया। वहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लड़कों के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला कड़ा और कम स्कोर वाला रहा। एक समय दोनों टीमें लगभग बराबरी पर थीं। अंतिम क्वार्टर में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक-एक थ्री-पॉइंटर लगाया, जिससे राजस्थान के लिए मैच में वापसी मुश्किल हो गई।

## इंग्लैंड ने साउथी को टीम का सलाहकार किया नियुक्त

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी को पुरुष टीम का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया है। टीम साउथी ने न्यूजीलैंड के लिए 107 टेस्ट, 161 एकदिवसीय और 126 टी-20 मैच खेले है। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में सबसे अधिक 776 विकेट लिए है। उनके पास अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 15 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्होंने दिसंबर 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। ईसीबी का मानना है कि साउथी का अनुभव इंग्लैंड की टीम के लिए बहुत उपयोगी होगा। टीम साउथी जिम्बाब्वे के खिलाफ 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में शुरु होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले इंग्लैंड की टीम के साथ जुड़ेंगे। हालांकि साउदी की यह नियुक्ति लंबे समय के लिए नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि सलाहकार भूमिका के समापन के बाद साउथी के बर्मिंघम फीनिक्स के साथ द हंड्रेड में खेलना फिर से शुरू कर सकते है।




# इंग्लैंड ने विंडीज सीरीज के लिए गेंदबाज वोंग को टीम में वापस बुलाया



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए घोषित 14 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज इस्सी वोंग को वापस बुलाया है। चयनकर्ताओं ने हीथर नाइट के इस्तीफे के बाद स्टार ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट को तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 मैचों के लिए पूर्णकालिक कप्तान की जिम्म्मदारी सौंपी है। वोंग की वापसी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। इसके साथ ही एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स और एम्मा लैम्ब की भी एकदिवसीय टीम में वापस आयी है। इस सीरीज में तेज गेंदबाज एमिली अर्लट भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगी। उन्हें टी-20 और एकदिवसीय दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

**टी-20 टीम:-** नेट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एमिली, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सारा, एमी, हीथर नाइट, पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसे, इस्सी वोंग व डैनी वायट**वनडे टीम:** नेट सायवर-ब्रंट (कप्तान), एलिस- रिचड्र्स, एमिली अर्लट, टैमी,बेल, केट, चार्ली, सोफिया, माहिका, सारा, एमी, हीथर, एम्मा व लिंसे स्मिथ।

# नदीम और हम कभी करीबी दोस्त नहीं थे: नीरज

● पाकिस्तानी जेवलिन थ्रोअर को बुलाने पर ट्रोल हुए थे कल दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे

**दोहा, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को कहा है कि वे और अरशद नदीम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग की पूर्व संध्या पर कहा कि 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाक के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी।

नीरज चोपड़ा 16 मई को अपने डायमंड लीग अभियान का आगाज करेंगे। रात 10:15 बजे उनका इवेंट होगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद नीरज चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। क्योंकि, नीरज ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था, हालांकि वह इवेंट स्थगित किया जा चुका है। सबसे पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरा (नदीम के साथ) बहुत मजबूत रिश्ता नहीं है। हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। लेकिन, इस वजह (भारत-पाक सीमा पर तनाव) से अब हमारे बीच बातचीत पहले जैसी नहीं होगी। पर अगर कोई मुझसे सम्मान से बात करता है तो मैं भी सम्मान से ही बात करता हूं।

सफाई भी दी- आतंकी हमले से पहले आमंत्रित किया था पेरिस गेम्स के रजत विजेता स्टार ने पहले कहा था कि नदीम को उनके सम्मान में आयोजित टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट में उनके और उनके परिवार की ईमानदारी पर सवाल उठाए जाने से उन्हें बहुत दुख हुआ। चोपड़ा ने तब स्पष्ट किया था कि एनसी क्लासिक के लिए निमंत्रण पहलगाम आतंकी हमले से एक दिन पहले भेजे गए थे जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

नीरज नीरज चोपड़ा ने कहा कि बतौर खिलाड़ी हमें बातचीत करनी होगी। दुनिया भर में खेल समुदाय में मेरे कुछ अच्छे दोस्त हैं। जो सिर्फ भाला फेंक में ही नहीं हैं, बल्कि अन्य खेलों में भी हैं। अगर कोई मुझसे सम्मानपूर्वक बात करता है तो मैं भी उससे पूरे सम्मान के साथ बात करूंगा। हरियाणा के स्टार ने कहा कि भाला फेंक में बहुत छोटा समुदाय है और हर कोई अपने देश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है।

## एशियाई मुक्केबाजी में पांच स्वर्ण देने वाले भारतीय बने हिमांशु सिंह

चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया

**संतकबीरनगर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश में संतक. बीरनगर जिले के हिमांशु सिंह ने साउथ एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

पेदम स्टेडियम मापुसा गोवा में दिनांक 09 से 11 मई तक आयोजित साउथ एशिया आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में हिमांशु सिंह ने प्रतिभाग किया। उन्होंने 51 किलो भार वर्ग जूनियर कैटेगरी में पांच इवेंट्स में प्रतिभाग किया जिसमें फुल बॉडी कॉन्टैक्ट, एमेच्योर बॉक्सिंग, लो बॉडी कॉन्टैक्ट, टच कॉन्टैक्ट और म्यूजिकल फॉर्म शामिल है। उन्होने पांच इवेंट्स में पांच स्वर्ण पदक हासिल करके भारत का नाम रोशन किया। आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव नसीरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि हिमांशु की इस उपलब्धि पर इंडिया के टीम और सभी लोगों में खुशी का माहौल है। हिमांशु सिंह आगे चल कर एशियन चैंपियनशिप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे और भारत देश का नाम करेंगे। हिमांशु सिंह संतकबीरनगर जिले के छोटे से गांव रसूलपुर के निवासी बालकृष्ण सिंह के पुत्र हैं। वह गोरखपुर जिले के सहजनवा में स्थित गीडा सेक्टर 23 में अपने मामा के यहां बचपन से रहते हैं। उनके पिता जाने-माने पहलवान और प्रगतिशील किसान हैं।

## रजिस्ट्री कार्यालयों के बहुरेंगे दिन, पहले चरण में 100 कार्यालयों का होगा आधुनिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** प्रदेश को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले शीर्ष तीन विभागों में से एक स्टांप एवं रजिस्ट्री विभाग अपने बदहाल कार्यालयों का कायाकल्प करेगा। इन कार्यालयों को कॉरपोरेट ऑफिस की तरह विकसित किया जाएगा। दफ्तरों में लोगों को शानदार सुविधाएं भी मिलेंगी।




रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगों को भटकना न पड़े, इसके लिए हेल्पडेस्क और वेटिंग लाउंज भी बनेगा। पहले चरण में 100 कार्यालयों में फ्रंट ऑफिस की शुरुआत की जाएगी।रजिस्ट्री कार्यालयों की वर्तमान स्थिति दयनीय है। सरकार को स्टांप शुल्क के रूप में 40 हजार करोड़ सालाना राजस्व देने वाले इस विभाग के दफ्तरों में लोगों के लिए पेयजल, बैठने और शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था तक नहीं है। इसे देखते हुए विभाग ने फ्रंट ऑफिस की योजना बनाई है। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल के मुताबिक लोग जब रजिस्ट्री ऑफिस आएं तो खुद को सम्मानित महसूस कर सकें, इसलिए 380 सब रजिस्ट्रार ऑफिस का ब्योरा तैयार किया गया है। इसके तहत रजिस्ट्री कार्यालयों को पूरी तरह नया लुक दिया जाएगा। प्रत्येक कार्यालय में व्हील चेयर, फ्रंट डेस्क, हेल्प डेस्क, एसी वेटिंग रूम, ठंडा पानी, मां-बच्चे के लिए फीडिंग रूम होगा। पूरे परिसर में कैमरे लगाए जाएंगे। भविष्य में पासपोर्ट ऑफिस की तर्ज पर ऑनलाइन स्लॉट आवंटन का भी प्रस्ताव है ताकि पहले से समय लेकर रजिस्ट्री कराने लोग आएं और उन्हें अनावश्यक इंतजार न करना पड़े।

# संपत्ति विवाद के चलते वृद्ध ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

■ बेटे की तहरीर पर भतीजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** संपत्ति विवाद के चलते वृद्ध ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मृतक के भतीजो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।





थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी यामीन और यासीन के बीच करीब 25 साल पहले बंटवारा हुआ था जिसमें यामीन के हिस्से में घर के बाहर बनी दुकाने आई थी बताया गया कि पिछले साल यामीन के भतीजे फुरकान नाजिम और कामिल ने उक्त दुकानों को किराए पर लिया लेकिन अब खाली करने से इनकार कर दिया। तहसील में शिकायत करने के बाद इस मामले में फैसला हो गया और दुकान खाली करने पर सहमति बन गई लेकिन फुरकान नाजिम और कामिल ने इस मामले को कोर्ट में ले जाकर उलझा दिया। जिसके बाद यामीन तनाव में रहने लगे आज सुबह वह घर से नमाज के लिए निकले और वापस नहीं लौटे 8:00 बजे के करीब उन्हें किसी व्यक्ति के रेलवे लाइन पर कटे होने की सूचना मिली तो परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और उनकी पहचान की, यामीन के पुत्र आमिर की तहरीर पर पुलिस ने फुरकान नाजिम और कामिल के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया है और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है।

## एक नजर

### मीटिंग में बोले उलमा फिजूल खर्च से बचें, गरीब बच्चों को निशुल्क दी जाएगी मदरसे में तालिम

**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांव दलपतपुर के मदरसा फैजनउल ऊलूम जमियत के बैनर तले प्रोग्राम किया गया उलेमाओं ने दुनिया में अमनचौन की मजबूती, देश में खुशहाली और गरीब मजलूमों की मदद की दुआ कराते हुए बच्चों को अच्छी तालीम दिलाकर उनका भविष्य रोशन करने



का पैगाम दिया,मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने आए मदरसे के प्रबंधक मौलाना तालिब ने देश में खुशहाली, अमनचौन की मजबूती, मानव कल्याण की दुआ कराने के साथ ही सामाजिक कुरीतियों से बचने का आह्वान भी किया। मदरसा संचालक कारी मुर्शिद ने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाकर उनका भविष्य उज्जवल करने का संकल्प दिलाया, पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति शौक संवेदना व्यक्त की और कहा कि दहशतगर्दों का इस्लाम से कोई ताल्लुक नहीं है, हम अपने देश भारत के साथ खड़े हैं हम अतंकी हमले की घौर निन्दा करते हैं। इस दौरान मौलाना आरिफ, मौलाना मारुफ, मौलाना अतीक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बर्ड फ्लू की आशंका को लेकर शासन ने मुर्गी फार्म को सप्ताह में सेनेटाइजर करने के दिए निर्देश

**कांठ।** प्रदेश में एच 5 एवियन एन्फ्लूएंजा वायरस (बर्ड फ्लू) को लेकर पशुधन विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। पोल्ट्री फार्मों व कुक्कुट की निगरानी बढ़ा दी गई है। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह में सभी पोल्ट्री फार्मों का निरीक्षण कर सेनिटाइजेशन कराएं।उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारी कुक्कुट पालकों से लगातार संपर्क कर रोग से बचाव व रोकथाम के लिए जागरूक करें। पशु-पक्षियों में असामायिक बीमारी व मौत की सूचना तत्काल मुख्यालय को दें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी इन इकाइयों का भ्रमण करें। जिन जिलों में अधिक कुक्कुट इकाइयां हैं, वहां पर विशेष सतर्कता बरतें। नजर रखें कि बर्ड फ्लू के संबंध में कोई अफवाह न फैले।सरकार से जारी गाइडलाइन का पालन कराएं।

गोआश्रय स्थलों पर भी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। बारिश से पहले संक्रामक रोगों से बचाव के लिए पशुओं का टीकाकरण कराएं। भूसा संग्रह में अपेक्षित सुधार न होने पर बरेली, मुरादाबाद, आजमगढ़ तथा झांसी के पशुचिकित्सा अधिकारियों से जबाब तलब करने के निर्देश दिए। जिन जिलों ने भूसा संग्रह में संतोषजनक लक्ष्य हासिल नहीं किया है, उन्हें 20 मई तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर किया गया याद

**बिलारी।** नगर के गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की चौधरी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। इस बीच भारी तादाद में किसान मौजूद रहे। किसानों ने उनके जीवन चरित्र पर चलने का आव्हान किया और किसानों की रक्षा के लिए उन्होंने जो जीवन भर संघर्ष किया। उसको लेकर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि भी दी। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के



संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष मनोज चौधरी व भारी तादाद में किसान पहुंचे। सभी ने महेंद्र सिंह टिकैत के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने सदैव ही किसानों के लिए जीवन भर संघर्ष किया और किसानों की लड़ाई लड़ते रहे। जिसकी वजह से किसान यूनियन आज देशव्यापी सबसे बड़ा संगठन बनकर तैयार हुआ, जो किसानों की समस्याओं को सुलझाने को आगे रहता है और किसानों की समस्याओं को हल करता है। सभी ने बारी बारी चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर जिला प्रवक्ता जयवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी माजिद हुसैन, ब्लॉक अध्यक्ष कुंदरकी प्रेमपाल सिंह, ब्लॉक मीडिया प्रभारी गुड्डू कुरेशी, अभिनव चौधरी, जितेंद्र चौधरी, नेपाल चौधरी, अमित चौधरी, रामवीर यादव, ओमपाल यादव, बबलू यादव, अकरम मलिक, जाकिर हुसैन बिलारी नगर अध्यक्ष राजू चौहान,डॉक्टर बिलाल, थावंला के पूर्व प्रधान अनीस अहमद, मित्र पाल सिंह ,आनंद वीर सिंह, देशराज सिंह, कल्लू सिंह के अलावा भारी तादाद में किसान मौजूद रहे।

### नगरपालिका के सीमा विस्तार की कवायद शुरू

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद् चन्दौसी का सीमा विस्तार होना वर्ष 2016 से प्रस्तावित है। नगरपालिका के आसपास आवासीय कॉलोनी बनने से नजदीकी गांव भी नगरपालिका से मिल चुके हैं जिसमें मौलागढ़, देवरखेड़ा, पथरा, पतरौआ, कैथल, जारई, तारापुर आदि गांव हैं। शासन ने वर्ष 2016 में सीमा विस्तार की जानकारी मांगी थी परंतु सीमा विस्तार का मामला ठंडे बस्ते में पड़ा रहा।

पुन: सीमा विस्तार को लेकर फाइल चल गयी है, यदि सीमा विस्तार हुआ तो ग्राम पंचायत प्रधान पद समाप्त होंगे। साथ ही सीमा विस्तार होने से नगरपालिका का राजस्व बढ़ेगा और इन गांवों में विकास कार्य भी होंगे क्योंकि शहर के आसपास गांवों में बनी बहुत सी कॉलोनियां तो ऐसी हैं जहां कभी ग्राम प्रधान ने जाकर नहीं देखा है। निकटवर्ती गांव मौलागढ़ इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। फिलहाल अब देवरखेड़ा, मौलागढ़, तारापुर, कैथल आदि सहित कई गांवों की प्रधानी समाप्त होगी और उनके स्थान पर सभासदों की संख्या में इजाफा होगा।

### बीस मई से परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश

**चन्दौसी।** जिले भर के परिषदीय स्कूलों में 20 मई से ग्रीष्म कालीन अवकाश शुरु हो जाएगा। गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को नए कौशल सिखाने के लिए 21 मई से 15 जून तक परिषदीय स्कूलों में समरकैंप लगाया जाएगा ताकि बच्चों का कौशल विकास हो सके। ब्लॉक बनियाखेड़ा के बीईओ विनोद कुमार ने बताया कि समरकैंप की जिम्मेदारी अनुदेशकों व शिक्षामित्रों को दी गई है। कैंप में योग, फिटनेस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डिजिटल कौशल, पर्यावरण व बागवानी, विज्ञान, रचनात्मक गतिविधियां, जल व ऊर्जा संरक्षण, संगीत रंगमंच आदि गतिविधियां कराई जाएंगी।




## राष्ट्रीय महासचिव सांसद रामगोपाल यादव, धर्मेन्द्र यादव आदित्य यादव का पाकबड़ा में सपाइयों ने किया स्वागत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** गुरुवार को दिल्ली से बिलारी मुरादाबाद को जाते हुए जिला समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धेय नेताजी माननीय मुलायम सिंह यादव स्मृति स्थल उपवन निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह मे जाते हुये मुख्य अतिथि प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव, अति विशिष्ट अतिथि माननीय श्री धर्मेंद्र यादव सांसद आजमगण विशिष्ट अतिथि माननीय आदित्य यादव जी सांसद बदायूं का दिल्ली रोड स्थित पाकबड़ा पर पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ देकर जोरदार नारेबाजी की अखिलेश यादव जिंदाबाद प्रोफेसर राम गोपाल यादव जिंदाबाद, मुलायम सिंह यादव अमर रहें, धर्मेंद्र यादव जिंदाबाद आदित्य यादव जिंदाबाद के बीच स्वागत किया। स्वागत उपरांत कफिला अमरपुर काशी, रतनपुर रोड, पर स्थित ग्राम देवरी दिनौरा की धरती पर पहुंचा। वहाँ हवन,पूजन मे भागेदारी कर सभा की गई। स्वागत मे जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, कांठ विधायक पूर्व मंत्री कमाल अख्तर,मोहम्मद तकी,नईम अंसारी, लाखन सिंह सैनी, धर्मेन्द्र यादव, मोहम्मद इरफान, आदित्य चौधरी, योगेंद्र यादव, वेदप्रकाश सैनी,प्रदीप यादव, हनीफ चौधरी, दुष्यंत यादव, दीवाशु सागर, निरमोज यादव, प्रवीण सैनी सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## इंटरनेशनल मैथ्स ओलिंपियाड के विद्यार्थियों को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र

**चन्दौसी।** एस.एम. इंटर कॉलेज में मैथ्स ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथ्स ओलिंपियाड-2024 की एक लिखित परीक्षा का आयोजन पूर्व में किया गया था जिसमें पूर्व में पंजीकृत विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी के 50 विद्यार्थियों द्वारा ओलिंपियाड 2024 में पंजीकरण कराया गया जिसमें 49 विद्यार्थियों परीक्षा में सम्मिलित हुए। मैथ्स ओ. लिंपियाड फाउंडेशन द्वारा समस्त 49 छात्रों को मैथ्स ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्राप्त प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया तथा विद्यालय के एक छात्र को गोल्ड मेडल तथा दो छात्रों को सिल्वर मेडल एवं तीन छात्रों को कांस्य मेडल प्राप्त हुए। मैथ्स ओलिंपियाड परीक्षा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा उपलब्ध कराए गए पाठ्यक्रम पर आधारित थी। परीक्षा करने का उद्देश्य छात्रों में गणितीय अवधारणाओं को समझने के साथ ही भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं की



तैयारी करना होता है तथा अपने कौशल को विश्लेषणात्मक और तार्किक रूप से रखने का मौका मिलता है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को मैथ्स ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा प्रमाणपत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, मैथ्स ओ. लिंपियाड कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार, योगेश बाबू, नेमचंद, गणेश सिंह, विपिन कुमार, खम्मन सिंह, चंद्रवीर सिंह, सत्यपाल, डॉ विनीता रानी, ,ममता शर्मा, अनूप सिंह, आशकरमन सिंह, संजीव कुमार, सुंदरपाल सिंह, सुनील कुमार, मोहम्मद इमरान, अभिषेक त्यागी, जयप्रकाश, कृष्ण अवतार आदि मौजूद रहे।

## आखिर कहां गया विवेक! दो वर्षों के बाद भी नहीं पता लगा पाए परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पिछले दो वर्षों सें थाना चन्दौसी क्षेत्र के गांव सैंजनी का 18 वर्षीय युवक विवेक अचानक गायब हो गया। परिजनों ने पहले तलाश किया और थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। परिजनों ने तलाश किया परंतु दो वर्ष के बाद भी आज तक विवेक का कोई पहीं चल पाया है। कहानी काफी गहरी है, कहीं विवेक को किसी उद्देश्य से तो नहीं छिपा दिया गया। विवेक अभी तक सामने नहीं आ रहा है। अब पुन: उसे तलाश किया जा रहा है। यहां बताते चलें कि सैंजनी गांव के किशनपाल पुत्र ताराचंद के एक बड़ी लड़की रजनी, चंद्रपाल व लड़का चंद्रपाल, अजय व विवेक सहित चार बच्चे हैं जिसमें 18 वर्षीय विवेक पिछले दो वर्षों से अचानक गायब है। पुलिस अभी तक विवेक को तलाश नहीं कर पाई है। विवेचक द्वारा एफ. आर. लगाकर रिपोर्ट भेज ददी गयी परंतु किशनलाल की पत्नी यानि विवेक की मां पुलिस द्वारा रुचि न दिखाने से संतुष्ट नहीं हुई। उसने पुन: एफआईआर दर्ज कर अपने कुनवे वालों पर आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि विवेक के परिवार में दो वर्ष पूर्व अचानक तीन मौतें हुई, परिवार के लोगों को बताया कि परिवार पर बाहरी साया का असर है। परिवार के किसी व्यक्ति ने जनपद बदायूं के बिसौली क्षेत्र के गांव गुधनी नि0 तांत्रिक से तंत्र विद्या कराई गई है। बताया कि तांत्रिक दिल्ली में सिलाई का कार्य करता था, दोनों परिवारों ने 15 हजार रुपये में रात्रि के समय कछला घाट पर पिशाचनी की पूजा के लिए परिवार को कछला गंगा तट पर शमसान वाली जगह पर रात्रि 01 बजे से सुबह 03 बजे तक तांत्रिक क्रिया करायी गयी। सुबह लोग सैंजनी वापिस आने के बाद तांत्रिक के लिए आधे रुपये दे दिये। वहीं पीडिघ्त पक्ष ने रुपये नहीं दिए। इसी बात को लेकर विवाद हुआ एवं परिणाम भुगतने की धमकी दे डाली। वहीं विवेक पुत्र किशरलाल अपनी बहन रजनी की शादी से पूर्व 04 जून 2023 को अचानक गायब हो गया और अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गया। बताते हैं कि उसी दिन से विवेक का कोई पता नहीं चला। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करायी। विवेक के पास मोबाइल भी नहीं है, अभी तक किसी अजनवी मोबाइल से कभी कॉल नहीं आयी है जिससे विवेक का पता लगाया जा सके। हालांकि गंगागढ़, सीकरी नि0 श्रीनिवास पुत्र मीलाल 04 जून को आये थे। विवेक को रिश्तेदारियों में तलाश किया परंतु आज तक विवेक का पता नहीं चल पाया। बताया जा रहा है कि विवेक की बहन की शादी असालतपुर जारई में हुई है। उसका परिवार जारई में न रहकर मेहनत मजदूरी करने के लिए चंडीगढ़ में रहता है। लोगों का कहना है कि कहीं वह चंडीगढ़ न चला गया हो। इधर पार्वती विवेक की मां का कहना है कि वहीं उसको उसके परिवार वालों ने गायब कर दिया है। एक बात निकलकर और आयी है, विवेक के नाम जमीन है जो मंझावली मिल के पीछे कीमती जमीन है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि विवेक की किसी से दुश्मनी नहीं है, सीधा साधा लड़का है जिन पर एफआईआर दर्ज करायी गयी है, वह पड़ोसी परिवार के हैं। कोई अपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है। फिलहाल अब पुलिस तीन दृष्टिकोणों से विवेचना कर रही है।



# भाजपा विधायक रामवीर सिंह के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** भाजपा कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के नेतृत्व में गुरुवार सुबह कुंदरकी विधानसभा के दलपतपुर एवं मुंडापांडेय मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा ग्राम सिरसखेड़ा से प्रारंभ होकर ग्राम हसनैनपुर और नियामतपुर इक्रोटिया होते हुए मुंडापांडेय में जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर देशभक्ति गीत का वादन किया गया, जिसने तिरंगा लेकर चल रहे लोगों में जोश भर दिया और वे भारत माता की जय के नारे लगाने लगे।विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा, भारत ने हमेशा शांति का उपदेश दिया है। हमारी सेना ने केवल उन जगहों पर सटीक हमला किया है, जहां आतंकवादी मौजूद थे। में सैनिकों और वैज्ञानिकों को धन्यवाद देता हूं। यह इतिहास रहा है कि जब भी कोई हमला हुआ है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जवाबी कार्रवाई की गई है। में ऑपरेशन सिन्दूर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में, हमारी सेनाओं ने आतंकवाद के विरुद्ध जिस दृढ़ता, समर्पण और पराक्रम का परिचय दिया है, उसने संपूर्ण विश्व को यह संदेश दे दिया है कि भारत अब मौन नहीं है भारत मुँहतोड़ जवाब देता है। इस ऐतिहासिक यात्रा में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर देशभक्ति के इस संकल्प को और भी दृढ़ किया। यात्रा में ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक प्रजा. पति, ग्राम प्रधान नाजरपुर भूपेंद्र यादव, ग्राम प्रधान मुंडापांडेय राघव, सोमिल ठाकुर, जय सिंह, गौरव ठाकुर, रोहित सिंह, इंद्रपाल सिंह, विपिन कुमार, रवि कुमार, रविन्द्र पाल सिंह, रोहित सिंह, मनोज, खेमपाल सिंह, योगेश तोमर, अशोक चंद्रा जी सहित सैकड़ो क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# शक्तिनगर में एक तरफ रास्ता कर दिया चौड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शक्तिनगर में नियमों के अनुसार सड़क से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा द्वारा तत्कालीन लेखपाल वरुण कुमार से निशान लगवाये गये थे परंतु विनय मिश्रा की ड्यूटी महाकुंभ लग जाने के कारण शक्तिनगर वासियों ने पुन: अतिक्रमण कर लिया गया। अब जब अतिक्रमण को पुन: हटाया जा रहा है तो सड़क कहीं अधिक चौड़ी तो कहीं कम चौड़ी नजर आ रही है। साथ ही नाला भी टेढ़ी-मेढ़ी स्थिति में बनाया जा रहा है। यानि कि जिसकी जितनी शक्ति उतना उसने अतिक्रमण किया है और ठेकेदार पर दबाव बनाकर नाला टेढ़ा-मेढ़ा करा दिय गया। इधर लॉयन्स स्कूल की चाहरदीवारी तोड़कर उस पर निशान लगा दिये। वहीं 04 माह तक मामला शांत हो गया क्योंकि बैंक व जिला न्यायालय की दीवार पर भी निशान लगे, कई कीमती प्लाट आधे हो गये परंतु अलीगढ़ वालों की कोठी के सामने की लाइन का रास्ता संकरा रहा क्योंकि उधर सड़क की चौड़ाई बढ़ी, वहीं शक्तिनगर के कुछ लोगों का कहना था कि उनका अतिक्रमण न हटने पर उपहास किया जाता था। यानि एक लाइन कमजोर लोगों की है तो दूसरी लाइन ताकतवर लोगों की है। मजे की बात तो यह हे कि पूर्व में लेखपाल वरुण कुमार ने जो निशान लगाये गये थे, वह सही थे परंतु कुछ लोगों ने जिससे उनका अतिक्रमण न हटें लेकिन अब एक पक्ष का कहना है कि अलीगढ़ वालों के सामने वाली लाइन की नपत नक्शे के अनुसार होनी चाहिए। गुरुवार को शिकायत पर डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा, ईओ धर्मराज नगरपालिका कर्मियों को लेकर शक्तिनगर यूनियन बैंक पहुंचकर तुरंत हटाने के आदेश दिए। वहीं लेखपाल से दूसरी लाइन जो अलीगढ़ कोठी वालों के सामने है, उसकी नपत कराने की बात कही जिससे पता चल सके कि सामने वाले मकान जिन्हें नगरपालिका से नोटिस जारी कर दिए हैं, वह अतिक्रमण की जद में है अथवा नहीं। इधर आरआई ऋषभ कुमार द्वारा नोटिस जारी करने की पुष्टि की गयी। फिलहाल सबसे अधिक नुकसान लॉयन्स स्कूल एवं बराबर में प्लाट वालों को हुआ है। इधर दबाव के चलते शक्तिनगर का पूरा नाला जिग-जैग स्थिति में है। हालांकि डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा लगातार उसको सही करने का प्रयास कर रहे हैं।



## टीएमयू की लाइब्रेरी टेक्नोलॉजी के हर चरण में सहभागी: डॉ. विनीता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की केन्द्रीय लाइब्रेरी की हेड डॉ. विनीता जैन बोलीं, टीएमयू की लाइब्रेरी आज तकनीकी के प्रत्येक चरण में सहभागी है। आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी, एआ, डिजिटल लाइब्रेरीज, रिमोट एक्सेस सेवाएं और ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग-ओपीएसी जैसी सुविधाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, वर्तमान में विश्वविद्यालय पुस्तकालय रिमोट एक्सेस, डिजिटल सब्सक्रिप्शन, ई-बुक्स, जर्नल्स, डेटाबेस सेवाओं और मोबाइल फ्रेंडली ओपीएसी जैसी सुविधाएँ प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी वह पुल है, जो ज्ञान को हर कोने तक पहुंचाता है, और पुस्तकालय वह दीपक है, जो उस ज्ञान को प्रकाशित करता है। डॉ. जैन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर करंट अवेयरनेस ऑन टेक्नोलॉजी विषय पर बोल रहीं थीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने तकनीकी उपकरणों और नवाचारों के माध्यम से पुस्तकालय सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। वक्ता बोले, नई पीढ़ी पुस्तकालयों को केवल अध्ययन का केंद्र नहीं, बल्कि इनोवेशन हब के रूप में देखना चाहती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुस्तकालय स्टाफ को तकनीकी नवाचारों और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में हो रहे विकास से परिचित कराना रहा है।



शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 16 मई 2025

## ट्रम्प की पैंतरेबाजी

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नया पैंतरा खेलते हुए एपल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एपल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। भारत अपना ख्याल खुद रख सकता है। याद रहे कि भारत और पाक में सीजफायर में मध्यस्थता का दावा करने वाले ट्रम्प को भारत ने दो टूक जवाब दे दिया है। अब हमारी समझ में आया है कि जो देश पहले भारत की पाक समर्थित आतंकियों पर कार्रवाई को सही बता रहा था, उसे ने अब एक इनामी आतंकी को गले लगा लिया है। भारत ने उसे साफ कह दिया है कि कश्मीर मामले पर तीसरे पक्ष का दखल स्वीकार नहीं है और यदि पाकिस्तान से बात होती है, तो सिर्फ पीओके वापसी पर ही होगी। भारत को तो बहुत पहले समझ लेना चाहिए था कि अमेरिका दो देशों को लड़ाकर अपना फायदा उठाना चाहता है। कहते हैं कि देर आयद, दुरुस्त आयद। भले ही भारत को ट्रम्प की बात देर से समझ आई है, लेकिन अब साफ जवाब भी दे दिया है। ट्रम्प ने दावा किया था कि उसके कहने पर ही भारत और पाक में सीजफायर हुआ है। उसने केवल अपने ट्वीटर हैंडल पर ही नहीं, बल्कि सऊदी अरब में भी यही कहा था। अब एक आतंकी को गले लगाने का मतलब ये है कि अमेरिका भी एक आतंकवादी समर्थित देश हो गया है और अब भारत को उससे सचेत रहना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टॉप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे। अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डॉलर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसम्बर में हटा दिया गया था। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी, जो भारत के अलग -अलग राज्यों से पहलगाम घूमने गए थे। इसके बाद सात मई को पाकिस्तान ने देश के तीन राज्यों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला कर दिया था, जिसे भारत के सुदर्शन चक्र ने विफल कर दिया था। तीन दिन चली गोलीबारी के बाद दोनों देशों के डीजीएमओ में वार्ता होने के बाद सीजफायर हो गया था, जिसका श्रेय अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ले रहे हैं। जो उनका सफेद झूठ है। इस झूठ को क्या कहा जाए, जिस डोनाल्ड ट्रम्प को भारतीय पीएम मोदी ने बहुत अच्छा बताया था, वही अब आतंकवादी के समर्थित लग रहे हैं। अब भारत ने अमेरिका को साफ शब्दों में कह दिया है कि यदि बात होती है, तो केवल द्विपक्षीय होगी। किसी तीसरे की दखल स्वीकार नही है। उधर भारत के चार विश्वविद्यालयों ने तुर्की से समझौते रद्द कर दिए हैं। इनमें जामिया मिल्लिया, जेएनयू, इंदिरा गांधी ओपन विश्वविद्यालय और कानपुर विश्वविद्यालय शामिल हैं।

## जाति जनगणना निष्पक्ष तरीके से हो



प्रधानमंत्री मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे, लेकिन यह उनका दबाव था, जिसने श्री मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया, हम चाहते हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो, ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके, तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई, अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए, देश में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति , अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है, इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना व उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, उच्च न्यायपालिका, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी और ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है।

**राहुल गांधी**
**सांसद, कांग्रेस**

# डेंगू में लापरवाही जिंदगी पर पड़ सकती है भारी

**श्वेता गोयल**



डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। अब लगभग हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं।

मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया। डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहमे बल्कि सालभर डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं।

तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए




**डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है, पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं, वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जा रहा है, वह कोई नई बात नहीं है**

अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्रायः गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों में यह देखने को भी मिलता है कि डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया है लेकिन ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है।

किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरुआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानियां और सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। दरअसल अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु अपने आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्रायः बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं। इसलिए डेंगू हो जाने पर विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करना लाभकारी है। बहरहाल, यदि इसके बावजूद मरीज की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आए या परेशानियां बढ़ती दिखें तो तुरंत अपने चिकित्सक या नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करना चाहिए क्योंकि डेंगू के इलाज में लापरवाही मरीज की जिंदगी पर बहुत भारी पड़ सकती है।

**( लेखिका डेढ़ दशक से शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं )**

# प्रकृति के रहस्यों की खोज...

**सत्यवती एम. सिरसाट**

अपने बारे में लिखने बैठें, तो बचपन से जुड़े अनुभव और यादें उभर ही आती हैं। मेरा जन्म कराची में हुआ था, और मेरे पिता के शिपिंग व्यवसाय के कारण हम कई देशों में भटक ते रहे। मेरे माता-पिता कट्टर थियोसॉफिस्ट थे इसलिए उन्होंने मुझे बेसेंट मेमोरियल स्कूल में भेजा, जिसे डॉ. जॉर्ज और रुक्मणी अरुंडेल चलाते थे। रुक्मणी ने कलाक्षेत्र में रहते हुए प्राचीन भारतीय कला और संगीत का पुनर्जागरण किया था। किशोरावस्था में मैंने पॉल डी क्रुइफ की किताब दी माइक्रोब हंटर्स पढ़ी, जिसने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला। औपचारिक शिक्षा के साथ मुझे सांस्कृतिक धरोहर का भी लाभ मिला। मैंने मुंबई के सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज से माइक्रोबायोलॉजी में डिग्री प्राप्त की। पहली बार जब मैंने प्रकाशीय सूक्ष्मदर्शी से ग्राम पॉज़िटिव व ग्राम नेगेटिव जीवाणुओं की मिली-जुली स्लाइड देखी तो मुझे ऐसा जज़्बाती रोमांच हुआ जिसे मैं कभी भूल नहीं सकती।

डिग्री प्राप्त करने के अगले ही दिन मैं बिना सोचे-समझे प्रयोगशाला के अध्यक्ष और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रमुख पैथोलॉजिस्ट (कैंसर और सम्बंधित रोग) डॉ. वी. आर. खानोलकर के कार्यालय के बाहर खड़ी थी। न कोई फोन कॉल न कोई अपॉइंटमेंट-मैं तो बस उनसे मुलाकात के इंतज़ार में खड़ी रही। करीब दो घंटे बाद उन्होंने मुझे अंदर बुलाया और लंबी बातचीत की। मुझे नहीं पता था कि यह उनका युवाओं का साक्षात्कार लेने का तरीका था। अंत में उन्होंने मुझसे पूछा कि अभी जिस बारे में बातचीत हुई है, क्या मैं वह सब संभाल पाऊंगी। मैंने युवा अक्खड़पन के साथ कहा कि बिलकुल! और इस तरह मेरे विज्ञान के जीवन की शुरुआत हुई।

डॉ. खानोलकर बहुआयामी व्यक्तित्व थे। वे एक चिकित्सक थे जिनमें वैज्ञानिक सोच तो स्वाभाविक रूप से थी। साथ ही वे कला प्रेमी, भाषाविद और कई भाषाओं के साहित्य के विद्वान भी थे। मैंने उनसे व्यापक वैज्ञानिक और कलात्मक दृष्टिकोण सीखा।

1948 में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टाटा मेमोरियल के पैथोलॉजी विभाग को एक पूर्ण कैंसर अनुसंधान संस्थान बनाने का निर्णय लिया। एक वरिष्ठ शोध छात्र से ऊपर उठकर मैं इस नए शोध केंद्र की संस्थापक सदस्य बनी। हम तीन लोगों को विदेश भेजा गया ताकि हम जैव-चिकित्सा अनुसंधान में उपयोगी नई तकनीकों जैसे जेनेटिक्स, टिशू कल्चर और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सीखकर लौटें। विज्ञान के दिग्गजों-हैंसस सेलिये, अल्बर्ट ज़ेंट-गेओरगी, लायनस पॉलिंग, एलेक्स हैडो, चार्ल्स ओबरलिंग और विलियम ऐस्टबरी-की प्रयोगशालाओं में काम करके विज्ञान की विधियों के साथ-साथ, मैंने वह वैज्ञानिक तहजीब भी सीखी जो आधुनिक जैव-चिकित्सा अनुसंधान के लिए आवश्यक है। लौटकर मैंने अल्ट्रास्ट्रक्चरल सायटोलॉजी और डायग्नोस्टिक मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी में भारत की पहली बायोमेडिकल प्रयोगशाला स्थापित की। इस केंद्र में विद्यार्थियों की भीड़ जुटने लगी, और यह अपने काम के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हो गया। इस प्रयोगशाला में हमने कोशिका झिल्ली के सामान्य से असामान्य में परिवर्तित होने, कैंसर, जंक्शनल कॉम्प्लेक्स और कैंसर के फैलाव, वायरस, रक्त, स्तन और नाक के कैंसर पर अध्ययन किए। हमारा मुख्य ध्यान मुंह के कैंसर की कैंसर-पूर्व स्थितियों, जैसे ल्यूकोप्लाकिया और ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस तथा, सच कहूं तो, भारत में पान और तंबाकू के सेवन से फैलने वाले मुंह के कैंसर पर था। प्रयोगशाला में प्रशिक्षित शोधार्थियों को औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के साथ-साथ और भी बहुत कुछ सीखने को मिला। जब बॉम्बे युनिवर्सिटी ने लाइफ साइंसेज़ में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किए तो यह एक वरदान था। मैं हमेशा अस्पताल के गलियारों में पीड़ित मानवता के प्रति जागरूक रही। हम अपने काम के वैज्ञानिक पहलुओं (जैसे इलेक्ट्रॉन हिस्टोकेमिस्ट्री, इम्यून इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, इलेक्ट्रॉन ऑटोरेडियोग्राफी, क्रायोइलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) के साथ-साथ मानवीय पक्ष को लेकर भी सचेत थे। कैंसर रोगियों के जीवन और उनकी मृत्यु की निकटता ने मुझे शांति अवेदना आश्रम-भारत का पहला हॉस्पाइस (मरणासन्न रोगियों का आश्रय)-शुरू करने के लिए प्रेरित किया। मैं इस संस्थान की संस्थापक ट्रस्टी और काउंसलर रही।

मैं यह बता चुकी हूं कि कैसे युवावस्था में रोमांस और यथार्थ ने मेरे मन पर गहरा प्रभाव डाला और मुझे इस रास्ते पर धकेल दिया। जहां तक मार्गदर्शकों की बात है, मेरे पहले गुरु मेरे पिता थे। वे स्वभाव से एक अध्येता थे जिन्होंने शुरुआत सेंट ज़ेवियर कॉलेज में अंग्रेज़ी के प्रोफेसर के रूप में की थी, लेकिन बाद में शिपिंग के क्षेत्र में चले गए। वे खूब पढ़ते थे और संस्कृत के विद्वान थे। ये गुण उन्होंने अपने बच्चों को भी दिए। वे लेखक भी थे। वैज्ञानिक जीवन में मेरे पहले मार्गदर्शक डॉ. खानोलकर थे, और दूसरे मेरे पति, डॉ. एम. वी. सिरसाट, जिन्होंने मेरे जीवन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारे बीच उम्र का काफी अंतर था, लेकिन वे मेरे दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। वे एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने ऑन्को-पैथोलॉजिस्ट (कैंसर-निदान विशेषज्ञ) थे, जो सामान्य से रोगग्रस्त अवस्था की ओर संक्रमण, विशेषकर नियोप्लेसिया और दुर्दम्यता (मैलिगनेंसी) के संदर्भ में गहन जानकारी रखते थे। वे नौजवान पैथोलॉजिस्ट्स के बीच बेहद लोकप्रिय शिक्षक थे। जब भी मुझे इस भयावह बीमारी की जटिलताओं से जूझना पड़ता, वे इसे धैर्य और स्नेह से हल कर देते। हमारा यह साथ काफी अद्भुत था। उन्होंने मेरे शोध को हर संभव समर्थन दिया और मेरी पेशेवर उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया।

**स्रोत फीसर्च**

क्या मैंने कभी अपना करियर बदलने पर विचार किया? नहीं, कभी नहीं! मैं कभी भी अपने पेशे को बदलने के बारे में सोच नहीं सकी। यह सिर्फ एक नौकरी नहीं थी, यह टाटा मेमोरियल सेंटर और पूरी दुनिया की प्रयोगशालाओं में मेरी साधना और तपस्या थी। यह मेरे काम के साथ एक 'प्रेम कहानी' थी, जिसमें मैंने जो ज्ञान अर्जित किया, उसे भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के सैकड़ों विद्यार्थियों तक पहुंचाया।

सेवानिवृत्त के बाद भी मैं टाटा मेमोरियल सेंटर की मेडिकल एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष के रूप में काम करती रही। मैंने 17 साल तक भारतीय विद्या भवन आयुर्वेदिक केंद्र में 'प्राचीन ज्ञान और आधुनिक खोज' पर काम किया। इस कार्य में संस्कृत के ज्ञान ने मेरी काफी मदद की। मैंने वृद्धात्रयी-चरक, सुश्रुत और वाग्भट में कैंसर वर्गीकरण के एक प्रोजेक्ट पर काम किया। यह देखकर हैरानी होती है कि इन प्राचीन विद्वानों के विवरण आधुनिक विज्ञान से कितनी अच्छी तरह मेल खाते हैं। उन्हें विभिन्न ऊतकों (टिश्यू) के ट्यूमर और उनके जैविक व्यवहार, सौम्य और घातक (बेनाइन और मैलिग्नेंट) कैंसर तथा हड्डी और रक्त कैंसर के बारे में गहरी जानकारी थी। उनके पास तो केवल मानव शरीर, मृत व्यक्ति का बारीकी से निरीक्षण तथा उनका अंतर्ज्ञान ही एकमात्र साधन था। आखिर में युवा वैज्ञानिकों के लिए कुछ बातें: क्या आप एक सम्मानित वैज्ञानिक कहलाना चाहते हैं? जीवन के सिद्धांत सख्त होते हैं! अपने काम के प्रति ईमानदार रहें और खुद से सच्चे रहें। अनुशासन बनाए रखें। अपने साथी वैज्ञानिकों के काम का कभी अपमान न करें। सतर्क रहें दृ अपनी लॉगबुक या रिकॉर्ड में किसी पहले से तय सिद्धांत के अनुसार कभी हेरा-फेरी न करें।

# पाकिस्तान से टेंशन के कम होने के बाद ब्रिटेन के साथ भारत की 'महाडील' पर ध्यान देने की बारी

**अशोक भाटिया**



हाल ही में भारत और ब्रिटेन ने एक बड़ा व्यापार समझौता किया है। यह समझौता फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके साथ ही एक और समझौता हुआ है, जिसका नाम है डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन में उनके समकक्ष कीर स्टारमर ने इस बारे में बात की। दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए यह समझौता बहुत महत्वपूर्ण है। इससे भारत और ब्रिटेन दोनों को फायदा होगा। व्यापार में आसानी होगी, निवेश बढ़ेगा, नौकरियां मिलेंगी और नए विचारों को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता तीन साल से चल रही बातचीत के बाद हुआ है।

इसका लक्ष्य है कि 2040 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 25.5 अरब पाउंड बढ़ जाए। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन बढ़ी है। भारत और ब्रिटेन के मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत होने के ठीक बाद भारत ने आधी रात के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, और व्यापार के विकास को स्वाभाविक रूप से नजरअंदाज कर दिया गया। आज, लगभग एक हफ्ते बाद, भारत और पाकिस्तान एक हथियार समझौते पर पहुंच गए हैं, इसलिए मुक्त व्यापार समझौते के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देना समय होगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आने के बाद अलग-अलग तीव्रता के साथ दुनिया के सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने की नीति की घोषणा की। अन्य देशों ने अपने माल को अत्यधिक शुल्क के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को बेच दिया। बदले में, उन्होंने अपने बाजारों में अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया। ट्रम्प ने वास्तव में सहयोगियों पर उतना ही आयात शुल्क लगाया जितना दुश्मनों पर। इस नीति में आर्थिक ज्ञान कम और खोखला राष्ट्रवाद अधिक था। बुद्धिमत्ता को महसूस करने के बाद, कई टैरिफ काट दिए गए या लागू किए गए।



**ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी**

जो भी हो, संयुक्त राज्य अमेरिका के इस रुख ने दुनिया भर में दो-राष्ट्र व्यापार समझौते की आवश्यकता पैदा की। यह भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने का कारण है, जो कुछ वर्षों से बातचीत में अटका हुआ है। दोनों देश आगे बढ़ने के लिए सहमत हुए। सौदे के कुछ विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं किए गए हैं। भारत के ठीक दो दिन बाद अमेरिका ने भी ब्रिटेन के साथ ट्रेड डील साइन की। उनमें से अधिकांश विवरण अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। ब्रिटेन की पहल के कारण यूरोपीय संघ भी भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए जोर दे रहा है। समूह की संयुक्त आर्थिक ताकत ब्रिटेन की तुलना में बड़ी है। जबकि यह सब चल रहा है, यह अत्यधिक संभावना है कि अमेरिका भी व्यापार सौदे को पूरा करने के लिए भारत के लिए 'प्यार खो देगा'। भारत के लिए, जिसने वर्षों से एक बंद अर्थव्यवस्था और सुरक्षित बाजारों को लागू किया है, इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ मुक्त या अधिकतर मुक्त व्यापार करने में, उसे कुछ प्रक्रियाओं का पालन करना होगा और कुछ व्यापार बाधाओं को छोड़ना होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि इससे आर्थिक लाभ क्या होंगे। फिर भी कुछ विदेशी वस्तुओं से निपटने के लिए कृषि और लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों की आर्थिक और मानसिक तैयारी भारतीय बाजारों में सस्ती होगी। इस बारे में कुछ धारणाएं होनी चाहिए। जब दुनिया के किसी भी देश में व्यापार समझौता और टैरिफ कटौती होती है, तो संबंधित देशों में सभी प्रकार की प्रतिक्रियाएं होती हैं, हल्की, मध्यम और गंभीर। उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भाजपा नेतृत्व चुनावों को बहुत गंभीरता से ले रहा है, इसलिए सरकार को आर्थिक और राजनीतिक लाभों को संतुलित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पहला, भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बारे में। दुनिया की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है। यह पहली बार है जब भारत ने एक प्रमुख देश के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और यह ब्रेक्सिट के बाद से यूके द्वारा सबसे बड़ा व्यापार सौदा था। यह अगले कुछ वर्षों में ब्रिटेन से भारत में आयात किए जाने वाले 90 प्रतिशत माल पर टैरिफ में कटौती करेगा, जबकि ब्रिटेन में भारत के निर्यात का 99 प्रतिशत विभिन्न दरों पर कटौती की जाएगी। समझौते के तहत दोनों देशों के 34 अरब डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपये) बढ़ने की उम्मीद है। भारत में कपड़ा, फल और सब्जियां, मांस, मछली, चमड़ा, वाहनों के स्पेयर पार्ट्स और आभूषणों के निर्यातकों को इससे लाभ होने की उम्मीद है, जबकि ब्रिटेन में शराब और ऑटोमोबाइल उद्योगों के लिए भारतीय बाजार टैरिफ कटौती के लागू होने के बाद उपलब्ध होगा। प्रसारित किए गए छोटे आंकड़ों के आधार पर, व्हिस्की और जिन पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसे एक वर्ष के भीतर घटाकर 40 प्रतिशत तक लाने का प्रस्ताव है। ब्रिटेन निर्मित कुछ कारों पर आयात शुल्क चरणबद्ध तरीके से 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा। लेकिन इस फैसले में कई कमियां हैं। इंजन क्षमता और कोर कीमतों पर विचार किया जाएगा। कम लागत वाली कारों को बाहर रखा गया है ताकि भारत में बड़े पैमाने पर कार निर्माण कंपनियों को ज्यादा नुकसान न हो।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# गर्मी में शरीर को हेल्दी और हाइड्रेटेड रखने के लिए जरूर करें इन तीन ड्रिंक्स का सेवन

गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। खासकर उन लोगों के लिए जो दिनभर एक्टिव रहते हैं, फिर चाहे ऑनलाइन हो या फिर चलते-फिरते। गर्मियों में सिर्फ पानी ही काफी नहीं होता, शरीर को ऊर्जा और इलेक्ट्रोलाइट्स की भी जरूरत होती है, जो पसीने के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं। इससे थकान, चक्कर आना या डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए आज हम आपको तीन ऐसे कूल और हेल्दी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न सिर्फ आपको तरोताजा रखेंगे, बल्कि आपके गर्मियों के दिनों को भी सुपरचार्ज कर देंगे।

### आम पन्ना...

उन्होंने आम पन्ना की तारीफ करते हुए कहा कि यह पसीने से खोए तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में मदद करता है और विटामिन सी से भरपूर होता है। श्वेता ने आगे कहा कि आम पन्ना पाचन स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है और इसमें काला नमक और जीरा पाउडर मिलाने से इसका स्वाद और बढ़ जाता है। यह विटामिन सी का भी एक बेहतरीन स्रोत है, जो गर्मियों में शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

### बेल का जूस...

श्वेता ने बताया कि बेल फल, जिसे वुड एप्पल भी कहा जाता है, पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसका जूस पाचन में सुधार करने और गर्मी से संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होता है। बेल फल के जूस का सेवन करने से आप गर्मियों में अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं।

### फालसा जूस...

श्वेता ने बताया कि फालसा या भारतीय ब्लैकबेरी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और इसका जूस शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि फालसा जूस एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है और इसका सेवन करने से आप अपने स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकते हैं। श्वेता ने सलाह दी कि जूस को ज्यादा न छानें ताकि इसके पोषक तत्वों का पूरा लाभ मिल सके।

श्वेता ने अपने कैप्शन में इन जूस के सेवन के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बेल के जूस में कोई चीनी या स्वीटनर नहीं डालना चाहिए। आम पन्ना में चीनी या गुड़ मिलाने से इसका असर उलट हो सकता है और शरीर निर्जलित हो सकता है।

# ट्रम्प को चढ़ा नया फितूर

# भारत में उत्पादन पर ट्रम्प ने एप्पल को चेताया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एप्पल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एप्पल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि एप्पल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि भारत ने हमें ट्रेड में जीरो टैरिफ डील की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे ट्रेड में कोई चार्ज नहीं लेने को तैयार है। ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ एक कार्यक्रम में एप्पल सीईओ के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। मुझे कल टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी हुई। मैंने उनसे कहा, टिम, तुम मेरे दोस्त हो, मैंने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया, तुम 500 बिलियन डालर लेकर आ रहे हो, लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि तुम पूरे भारत में प्रोडक्शन कर रहे हो। मैं नहीं चाहता कि तुम भारत में प्रोडक्शन करो।

अगर तुम भारत का ख्याल रखना चाहते हो तो तुम भारत में निर्माण कर सकते हो क्योंकि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में से एक है। भारत में बेचना बहुत मुश्किल है और उन्होंने हमें एक डील आफर की है जिसके तहत वे हमसे कोई टैरिफ नहीं वसूलने को तैयार हैं। मैंने टिम से कहा, टिम, देखो, हमने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया है, हमने वर्षों तक चीन में तुम्हारे द्वारा बनाए गए सभी संयंत्रों को सहन किया, अब तुम्हें अमेरिका में निर्माण करना होगा, हम नहीं चाहते कि तुम भारत में निर्माण करो। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। कुक ने कहा कि भारत अप्रैल-जून तिमाही में अमे. रिका में बिकने वाले आईफोन्स का कंट्री आफ ओरिजिन बन जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपाड्स, एप्पल वाच जैसे अन्य प्रोडक्ट्स भी ज्यादातर वियतनाम में बनाए जा रहे हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एप्पल काफी समय से अपनी सप्लाई चेन को वहां से बाहर शिफ्ट करने पर काम कर रही है। एप्पल अगर अपनी असेंबलिंग भारत की ओर इस साल के आखिर तक शिफ्ट कर लेती है, तो 2026 से यहां सालाना 6 करोड़ से ज्यादा आईफोन का प्रोडक्शन होगा। यह मौजूदा कैपेसिटी से दोगुना है। आईफोन के मैन्युफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा है। IDC के अनुसार, 2024 में कंपनी के ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में इसका हिस्सा लगभग 28 प्रतिशत था।

## अंबानी ने दोहा में ट्रम्प, अमीर शेख से की मुलाकात

**दोहा।** रिलायंस उद्योग के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने गुरुवार को दोहा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कतर अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की।

अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया की यात्रा में है। इसमें अमे. रिका और कतर के बीच 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक आदान-प्रदान की घोषणा शामिल है। अंबानी की उपस्थिति रिलायंस इंडस्ट्रीज के वैश्विक पदचिन्हों के विस्तार और कतर निवेश प्राधिकरण जैसी संस्थाओं के साथ इसके रणनी. तिक संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने रिलायंस उपक्रमों में निवेश किया है और गूगल और मेटा जैसी अमेरिकी तकनीकी दिग्गज कंपनियों के साथ है।

# भारत के हमले: पाक को भारी कीमत चुकानी पड़ी

### ज्यादा सटीक हमले किए, सैन्य ठिकानों व एयरबेस को बनाया निशाना

**न्यूयार्क।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चली सैन्य झड़प पिछले 50 सालों में सबसे बड़ी लड़ाई थी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की एयर डिफेंस क्षमताओं को परखा और सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के लिए ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। दोनों ने एक-दूसरे को गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। सैटेलाइट तस्वीरों से पता लगा कि हमले काफी ज्यादा थे, लेकिन नुकसान दावे से कहीं कम था। इनमें भी ज्यादातर हमले भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों पर किए थे। इस हाई-टेक वारफेयर की जमाने में दोनों पक्षों ने सटीक निशाना साधा। इस लड़ाई में दोनों पक्षों की सेनाओं को नुकसान भी उठाना पड़ा है। भारत ने पांच सैनिकों के नुकसान की बात स्वीकार की है, जबकि पाकिस्तान ने 11 सैनिकों के नुकसान की बात कही है।

हमलों से पहले और बाद की हाई रिजाल्यूशन तस्वीरों से पता चला है कि भारतीय हमलों से पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। ये हमले सीमित और सटीक थे। पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची से 150 किमी से भी कम की दूरी पर मौजूद भोलारी एयरबेस को भारत ने निशाना बनाया। भारतीय सैन्य अधिकारियों के मुताबिक उन्होंने एक विमान हैंगर पर सटीक हमला किया। सैटलाइट तस्वीरों से भारत का यह दावा सही नजर आया। तस्वीरों में हैंगर वाली जगह पर साफ तौर पर बड़ा नुकसान दिखाई दे रहा है। पाकिस्तानी आर्मी के हेडक्वार्टर और प्रधानमंत्री कार्यालय से सिर्फ 25 किमी दूर भारत ने नूर खान एयरबेस को निशाना बनाया। परमाणु हथियारों की स्टोरेज फैसिलिटी और सिक्योरिटी यूनिट यहां से कुछ ही दूरी पर है। इस लिहाज से यह सबसे संवेदनशील सैन्य टारगेट था, जिस पर भारत ने हमला किया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान एयर खान एयरबेस को भी निशाना बनाया।

## मेक्सिको में हुए सड़क हादसे में 21 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मध्य-पूर्वी राज्य पुएब्ला में राजमार्ग दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुएब्ला के आंतरिक मंत्री सैमुअल एगुइलर ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह हादसा तीन वाहनों से जुड़ा हुआ है और इसके कारण कई अन्य लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना बुधवार सुबह कुआकनोपालन-ओक्साका राजमार्ग के किलोमीटर 31 पर हुई। घटनास्थल पर एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं काम कर रही हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि घातक टक्कर उस समय हुई, जब एक ट्रक ने विपरीत लेन में जाने से पहले एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और फिर एक बस को टक्कर मार दी, फिर एक परिवहन वैन से टकरा गया।

## शुभांशु शुक्ला 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे



**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत अब 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे। यह मिशन पहले 29 मई को होना था लेकिन अब लॉन्च शेड्यूल में बदलाव हुआ है। नासा ने एक्स पर बताया-स्पेस स्टेशन की फ्लाइट शेड्यूल के रिव्यू के बाद कई मिशन के लॉन्च तारीखों में बदलाव हुआ है। एक्सिओम मिशन 4 फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से 8 जून शाम 6:41 बजे (भारतीय समयानुसार) लॉन्च होगा। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है।

## हमने भारत के घमंड को धूल में मिलाया: पाक पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पंजाब प्रांत के सियालकोर्ट पसरूर छावनी में पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने भारत के अहंकार को धूल में मिला दिया है। डान न्यूज के मुताबिक पाक पीएम ने कहा-दुश्मन, जो हमसे बड़ा है, उसे इस बात पर घमंड था कि उसके पास अरबों डालर के मिलिट्री इक्विपमेंट हैं। हमने उसे बहुत बड़ा झटका दिया है। हम युद्ध और शांति दोनों के लिए तैयार हैं। चुनाव आपका (भारत) है। शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा-अगर आप हमारा पानी रोकते हैं, तो यह हमारी रेड लाइन है। पानी पर हमारा हक है। हमारी सेना हमारे अधिकार के लिए लड़ेगी। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी सरगना मसूद अजहर को 14 करोड़ रुपये (पाकिस्तानी करेंसी में) देने का ऐलान किया है। बहावलपुर में जैश के आतंकी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की स्ट्राइक में मसूद के परिवार के 14 लोग मारे गए थे। इनमें मसूद की बहन और भांजे-भतीजे शामिल थे।

## इंडोनेशिया में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादी मारे गए

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई सेना ने गुरुवार को कहा कि उसके गश्ती दल ने देश के मध्य पापुआ प्रांत के इंतान जया रीजेंसी में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादियों को गोली ढेर कर दिया। टीएनआई के प्रवक्ता क्रिस्टोमी सियानतुरी ने एक बयान में कहा कि बुधवार सुबह स्थानीय समयानुसार सुबह चार से पांच बजे के बीच टिटिगी, नडुगुसिगा, जैनडापा, सुगापा लामा और ज़ानम्बा गांवों में गोलीबारी हुई। सियानतुरी के अनुसार गश्ती दल का उद्देश्य शुरू में उन गांवों के निवासियों को स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सेवाएं प्रदान करना था।

## सूडानी छात्र की चाकू घोंपकर हत्या, 6 पकड़े

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में एक निजी विश्वविद्यालय के निकट गुरुवार सुबह हुए हिंसक झगड़े में एक सूडानी छात्र की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई तथा अन्य एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय छात्र समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रूपिंदर भट्टी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फगवाड़ा पुलिस टीम ने त्वरित और सराहनीय कार्रवाई करते हुए अपराध के पांच घंटे के भीतर सभी छह आरोपियों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना आज तड़के लॉ गेट के पास ग्रीन वैली इलाके में हुई, जो कि गांव माहेरू में है- यह अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, खासकर अफ्रीकी देशों से आए छात्रों का आवासीय केंद्र है। तूरा ने बताया कि सतनामपुरा पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी और घायल छात्र अहमद मोहम्मद नूर अहमद हुसैन के बयान के अनुसार, वह और मृतक मोहम्मद वादा बाला यूसुफ अहमद, दो सूडानी महिला छात्रों के साथ सुबह की नमाज (नवाज) से लौट रहे थे, जब उन्हें कुछ लोगों के एक समूह ने रोका।

# सीरिया पर लगे तमाम प्रतिबंध हटे

### 84 करोड़ के इनामी आतंकवादी से मिले ट्रम्प

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला सीरिया को दोबारा तरक्की करने का मौका देगा।

इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टाप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे।

अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डालर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसंबर में हटा दिया गया था। ट्रम्प के साथ सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा (दाएं)। इस मुलाकात के दौरान सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (बाएं) भी मौजूद रहे। अहमद अल-शरा को पहले अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से जाना जाता था।

जुलानी 2003 में मेडिकल की पढ़ाई छोड़ अल कायदा नेताओं के संपर्क में आया। उसे अमेरिकी सेना ने 2006 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद अल-शरा ने 2012 में अल कायदा की सीरिया शाखा जबात अल-नुस्र का गठन किया।

2016 में वह अल कायदा से अलग हो गया और हयात तहरीर अल-शाम HTS की स्थापना की। दिसम्बर 2024 में बशर अल-असद के पतन के बाद जुलानी ने सत्ता संभाली। इसके बाद दुनिया को उसके असली नाम का पता चला।

# कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद में रिकॉर्ड गिरावट



पहलगाम में पर्यटन बुरी तरह प्रभावित।

**नगर।** कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है, जहां पिछले तीन दिनों में दक्षिण कश्मीर में छह स्थानीय आतंकवादियों के मारे जाने के बाद सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या एकल अंक पर आ गई है।यह संख्या 1990 के दशक में आतंकवाद शुरू होने के बाद से सबसे कम है। यह जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि हालांकि,क्षेत्र में सक्रिय विदेशी आतंकवादियों की संख्या लगभग 40 है। मंगलवार को, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन स्थानीय आतंकवादी-शाहिद कुट्टे, अदनान शफी डार और एहसान उल हक शेख केलर के ऊपरी इलाकों में एक मुठभेड़ में मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, शाहिद दक्षिण कश्मीर में लश्कर के ऑपरेशन कमांडर के रूप में काम कर रहा था।सभी शोपियां के रहने वाले थे।

अवंतीपोरा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार को मुठभेड़ में तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि उनके मारे जाने के साथ ही कश्मीर में अब केवल सात स्थानीय आतंकवादी सक्रिय रह गए हैं। माना जाता है कि शेष बचे अधिकांश आतंकवादी वर्ष 2021 के बाद शामिल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, उनमें से छह दक्षिण कश्मीर में सक्रिय हैं, जबकि एक उत्तरी कश्मीर में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि अधिकांश स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं, हालांकि माना जाता है कि कुछ ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मंगलवार की मुठभेड़ से पहले केंद्रीय एजेंसियों ने क्षेत्र में सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या 14 आंकी थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय आतंकवाद में गिरावट का मुख्य कारण हाल के वर्षों में नए आतंकवादियों की भर्ती में भारी कमी है, जिसके साथ-साथ आतंकवादी समर्थन नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई भी की गई है।अधिकारियों ने यह भी नोट किया कि स्थानीय आतंकवादियों की कार्यशैली में बदलाव आया है। पहले के वर्षों के विपरीत, अब वे सोशल मीडिया पर तस्वीरें या दावा पोस्ट करने से बच रहे हैं और अधिक. ांशतघ भूमिगत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी वर्तमान भूमिका में विदेशी आतंकवादियों को सैन्य एवं सामरिक सहायता प्रदान करना शामिल है, विशेष रूप से जंगली इलाकों में गुरिल्ला शैली में युद्ध करने के लिए मार्ग निर्देशन करने में। सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या हालांकि एकल अंक पर आ गई है, सुरक्षा एजेंसियों को हाइब्रिड आतंकवादियों को लेकर चिताएं बनी हुई हैं। हाल में हुए पहलगाम हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया है, जिसमें आतंकवादियों के कई घरों को ध्वस्त करना शामिल है।

## सीईईडब्ल्यू के अरुणाभा घोष कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया के दूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** जलवायु और ऊर्जा के क्षेत्र में एशिया के प्रमुख अध्ययन संस्थानों में एक राजधानी के काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. अरुणाभा घोष को जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन -कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया का दूत नियुक्त किया गया है। यह सम्मेलन इस साल नवंबर में 10 से 21 तारीख तक ब्राजील में बेलेम में आयोजित किया जाएगा। सीईईडब्ल्यू की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ घोष कॉप 30 के लिए नियुक्त हुए आठ अंतर्राष्ट्रीय दूतों में से एक हैं, जो अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दूतों में जैसिडा अर्डर्न, पैट्रिशिया एस्पिनोसा, लॉरेंस ट्यूबियाना और अदनान अमीन (आईआरईएनए के पहले महानिदेशक और कॉप 28 यूएई के सीईओ) जैसी वैश्विक हस्तियां शामिल हैं।

**Recruitment For Teaching Staff**

**Required:**
Faculty For BA/BBA/BCA/B.Ed
B.A - Subjects: Political Science, Urdu
BBA/BCA/B.Ed: All Subjects

Qualification: As per University/UGC Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

